


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 93 शनिवार, 16 मई 2026 ज्येष्ठ कृष्णा चतुर्दशी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रुपया




## एक नजर



### देशभर में महंगा हुआ पेट्रोल और डीजल

**नई दिल्ली** : सरकारी तेल कंपनियों ने चार वर्षों के लंबे अंतराल के बाद शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संशोधन करते हुए दोनों ईंधनों के दाम में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी को देखते हुए जितनी वृद्धि की आवश्यकता थी, यह बढ़ोतरी उसका लगभग दसवां हिस्सा ही है। सूत्रों ने बताया कि सरकारी तेल कंपनियों ने बढ़ती लागत के बावजूद 11 सप्ताह तक ईंधन कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन जब संचालन आर्थिक रूप से अस्थिर होने लगा तो लागत का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डालना पड़ा। पेट्रोल और डीजल की कीमतें अप्रैल 2022 से स्थिर थीं। हालांकि, मार्च 2024 में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दोनों ईंधनों के दाम में दो रुपये प्रति लीटर की एकमुश्त कटौती की गई थी।

### वीएम मोदी 5 देशों के दौरे पर रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 मई से 20 मई तक पांच देशों– यूएई, नीदरलैंड्स, स्वीडन, नॉर्वे और इटली के दौरे पर रवाना हो गए हैं। इस हाई–प्रोफाइल यात्रा का मकसद भारत के व्यापार, निवेश, ऊर्जा और तकनीकी सहयोग को नई मजबूती देना है। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब भारत यूरोप और खाड़ी देशों के साथ अपने आर्थिक संबंधों को तेजी से विस्तार दे रहा है। संगठन का मानना है कि पीएम मोदी की यह यात्रा भारत के निर्यातकों के लिए इंजीनियरिंग, क्लीन एनर्जी, फार्मा, टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल और डिजिटल ट्रेड जैसे क्षेत्रों में नए अवसर पैदा करेगी।

## सीबीआई ने मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी को पकड़ा, परीक्षा प्रक्रिया में शामिल था केमिस्ट्री का शिक्षक

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार किया है। जांच में कई कोचिंग सेंटर और नेटवर्क का खुलासा हुआ है। एनटीए ने परीक्षा दोबारा 21 जून को कराने का फैसला लिया है।

सीबीआई ने शुक्रवार को नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में कथित मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार किया है। लातूर का रहने वाला पी.वी. कुलकर्णी पुणे में रसायन विज्ञान का शिक्षक है। वह नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए)



की ओर से परीक्षा प्रक्रिया में शामिल था, जिसके कारण उसकी पहुंच सीधे प्रश्नपत्रों तक थी। सीबीआई का आरोप है कि आरोपी ने पुणे में विशेष कोचिंग क्लासेस चलाकर छात्रों को लीक हुए सवाल और उनके जवाब बताए थे। मामले की जांच के दौरान एजेंसी ने देशभर में कई स्थानों पर छापेमारी भी की, जहां से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और अहम दस्तावेज जब्त किए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, अब तक इस मामले में सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसी बीच, महाराष्ट्र के लातूर में भी जांच तेज हो गई है। लातूर को कोचिंग हब माना जाता है, जहां राज्यभर से छात्र पढ़ाई के लिए आते हैं। यहां एक छात्र के अभिभावक ने शिकायत की थी कि एक निजी कोचिंग संस्थान द्वारा आयोजित मॉक टेस्ट के 42 सवाल नीट परीक्षा में पूछे गए सवालों से मेल खाते थे।

## धार भोजशाला को हाईकोर्ट ने माना मंदिर

**धार।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने धार स्थित भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना है। वर्षों पुराने इस विवाद में पांच याचिकाओं और तीन हस्तक्षेप आवेदनों पर सुनवाई पूरी होने के बाद सूत्रों के अनुसार दो सदस्यीय खंडपीठ ने यह निर्णय सुनाया है। जबकि फैसले के मद्देनजर धार और इंदौर जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

शुक्रवार होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है, क्योंकि इसी दिन भोजशाला परिसर में जुमे की नमाज भी अदा की जाती है। धार कलेक्टर राजीव



रंजन मीना और पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने भोजशाला परिसर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने और अपुष्ट जानकारी साझा नहीं करने की अपील की है। वही जिलेभर से लगभग 1200 पुलिसकर्मियों को धार बुलाया गया है।

शहर की सुरक्षा कई स्तरों में विभाजित की गई है तथा रिजर्व पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स को भी तैनात किया गया है। पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च भी निकाला। यह विवाद वर्ष 2022 में उस समय न्यायालय पहुंचा था, जब हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से याचिका दायर कर भोजशाला का धार्मिक स्वरूप निर्धारित करने और हिंदू समाज को पूर्ण अधिकार देने की मांग की गई थी।

याचिका में नियमित पूजा-अर्चना का अधिकार, परिसर में नमाज पर रोक, ट्रस्ट गठन तथा ब्रिटिश म्यूजियम में रखी मां वाग्देवी की प्रतिमा वापस लाने की मांग भी शामिल थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने वर्ष 2024 में भोजशाला परिसर का 98 दिन तक वैज्ञानिक सर्वे किया था। इसके बाद जनवरी 2026 में वसंत पंचमी पर उच्चतम न्यायालय ने दिनभर निर्बाध पूजा-अर्चना की अनुमति दी थी।

# भारत में 5 अरब डॉलर का निवेश करेगा यूएई

### पीएम मोदी ने यूएई के साथ कई समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**अबूधाबी।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए ऊर्जा, रक्षा, समुद्री, प्रौद्योगिकी और आर्थिक क्षेत्रों में छह समझौतों और समझौता ज्ञापनों पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किये। अमीरात ने भारत में पांच अरब डॉलर के निवेश की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद जायेद अल नहयान के साथ यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये।

इनमें इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल) और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) ने भारत में विशाखापतनम और चांदीकोल में तीन करोड़ बैरल तक कच्चे तेल के भंडारण की संभावनाओं, यूएई के फुजैरा में भंडारण और भारत में एलएनजी तथा एलपीजी भंडारण



में सहयोग पर समझौता प्रमुख है। भारत की इंडियन ऑयल लिमिटेड (आईओसीएल) और अमीरात की एडीएनओसी ने एलपीजी आपूर्ति पर रणनीतिक सहयोग पर भी समझौता किया, जिसमें दीर्घकालिक आपूर्ति और खरीद समझौतों की संभावनाओं का पता लगाया जाएगा। रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों ने औद्योगिक सहयोग, उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण, विशेष संचालन, समुद्री सुरक्षा, साइबर रक्षा और सुरक्षित संचार के लिए ढाँचा स्थापित किया, ताकि आपसी सहयोग और रणनीतिक सामंजस्य बढ़ाया जा सके। कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) और ड्राईडकॉक्स वर्ल्ड (डीडीडब्ल्यू) ने वाड़ीनार में शिप रिपेयर क्लस्टर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें ऑफशोर फैब्रिकेशन शामिल है। इसके अलावा, कोचिन शिपयार्ड, ड्राईडकॉक्स वर्ल्ड और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन मेरिटाइम एंड शिपबिल्डिंग (सीईएमएस) के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन भारतीय समुद्री कार्यबल को प्रशिक्षित और रोजगार देने का ढांचा तैयार करेगा और भारत को शिपबिल्डिंग और शिप रिपेयर पेशेवरों के लिए एक केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत के सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडैक), और यूएई के जी-42 ने भारत के एआई मिशन के हिस्से के रूप में 8 एक्साफ्लॉप सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर स्थापित करने पर समझौता किया। यूएई के निवेशकों ने भी वित्तीय प्रतिबद्धताओं की घोषणा की जिनमें अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) और भारत के नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट फंड (एनआईआईएफ) द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर में एक अरब डॉलर तक निवेश, एमिरेट्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (ईएनबीडी) द्वारा आरबीएल बैंक ऑफ़ इंडिया में तीन अरब डॉलर का निवेश और इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी द्वारा सममान कैपिटल ऑफ़ इंडिया में एक अरब डॉलर का निवेश शामिल है।

## ईरान पर परमाणु बम गिराना चाहते थे ट्रंप, सेना प्रमुख ने कर दिया था इनकार

**नई दिल्ली।** ईरान के साथ जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर एक बेहद चौंकाने वाला दावा फिर से सामने आया है. अमेरिका की खुफिया एजेंसी CIA के पूर्व एनालिस्ट ने फिर से दावा किया है कि ट्रंप ईरान के खिलाफ परमाणु हथियार इस्तेमाल करने के लिए न्यूक्लियर कोड्स का उपयोग करना चाहते थे। लेकिन अमेरिकी सेना के सबसे बड़े रैंक के अधिकारी जनरल डैन केन ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। इस दावे ने सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में नई बहस छेड़ दी है।

पूर्व CIA एनालिस्ट लैरी जॉनसन ने न्यूज एजेंसी ANI के साथ एक इंटरव्यू में ट्रंप को लेकर अपने एक बड़े दावा को फिर से दोहराया है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर ब्लॉग और टिप्पणी करने वाले लैरी जॉनसन ने दावा किया कि डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ न्यूक्लियर कोड्स का इस्तेमाल करना चाहते थे, लेकिन सेना के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के प्रमुख जनरल डैन केन ने उन्हें रोक दिया। जॉनसन



के मुताबिक यह घटना 18 अप्रैल को पेंटागन की आपातकालीन बैठक के दौरान हुई था।

लैरी जॉनसन ने इस इंटरव्यू में कहा, "ट्रंप सच में न्यूक्लियर हथियार के उपयोग की संभावना पर विचार कर रहे थे, लेकिन जनरल डैन केन की तारीफ करनी पड़ेगी कि उन्होंने ट्रंप को ऐसा करने से पूरी तरह मना कर दिया। यही वजह थी कि ट्रंप बाद में बाहर आए और उन्होंने कहा कि हम तो कभी न्यूक्लियर हथियार के इस्तेमाल करने की नहीं सोच रहे थे। बता दें कि आज से लगभग 3 हफ्ते पहले "जजिंग फ्रीडम" पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान जॉनसन ने पहली बार यह दावा किया था। उसमें उन्होंने कहा था, "वे समझ रहे हैं कि उन्हें कुछ समस्याएं हैं (ईरान युद्ध को लेकर) और उनसे निपटना जरूरी है। एक रिपोर्ट थी कि शनिवार (18 अप्रैल) रात एक आपात बैठक हुई थी और एक जानकारी के मुताबिक व्हाइट हाउस में ट्रंप न्यूक्लियर कोड्स का इस्तेमाल करना चाहते थे। जॉनसन ने दावा किया, "बताया गया कि जनरल डैन केन ने इसका विरोध किया और सेना प्रमुख के तौर पर अपने अधिकार का इस्तेमाल किया। इसे बेहद गर्मागर्म टकराव बताया गया. तस्वीरों में केन बैठक से सिर झुकाकर बाहर निकलते दिखे।

## खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमला विफल सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़ में 9 आतंकवादी ढेर

**दिल्ली।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण मुठभेड़ में नौ संदिग्ध आतंकवादी और चार सुरक्षाकर्मी मारे गए। अधिकारियों के अनुसार यह घटना गुरुवार देर रात बाजौर जिले में हुई, जब हथियारबंद आतंकियों के एक समूह ने मीना और इनायत कलाय क्षेत्रों में सुरक्षा चौकियों पर हमला कर दिया।

जिला प्रशासन के मुताबिक सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमलावरों को घेर लिया। मुठभेड़ के दौरान नौ संदिग्ध आतंकवादी मौके पर




ढेर हो गए, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया गया, ताकि फरार आतंकियों का पता लगाया जा सके।

प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने हमले की जिम्मेदारी ली है। पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र लंबे समय से आतंकी हिंसा, अफगानिस्तान से घुसपैठ और सैन्य अभियानों के कारण अशांति का केंद्र बना हुआ है।

पहाड़ी भूभाग और खुली सीमाएं सुरक्षा एजेंसियों के लिए लगातार चुनौती बनी हुई हैं। बीते एक वर्ष में इस क्षेत्र में आतंकी घटनाओं में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज की वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट 2025 के अनुसार, वर्ष 2024 में जहां कुल 1,620 लोगों की मौत हुई थी, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 2,331 तक पहुंच गई।

## राहुल गांधी की 'ट्रैवल डायरी': आय 11 करोड़ और विदेश यात्रा पर खर्चा 60 करोड़

**दिल्ली।** भाजपा ने राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर नया मोर्चा खोल दिया है। भाजपा का दावा है कि राहुल गांधी ने 22 साल में 60 करोड़ विदेश यात्राओं पर खर्च किए, जबकि उनकी आय मात्र 11 करोड़ है।

राहुल गांधी की विदेश यात्राएं एक बार फिर भारतीय राजनीति के केंद्र में हैं। भाजपा ने उन पर अपनी आय से कई गुना अधिक पैसा विदेश यात्राओं पर खर्च करने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर राहुल गांधी की पिछले 22 सालों की यात्राओं का लेखा-जोखा पेश किया, जिसे 'राहुल गांधी की विदेश यात्रा का सच' नाम दिया गया है। भाजपा का मुख्य सवाल इन यात्राओं की




फंडिंग और आय के साथ उनके बेमेल होने को लेकर है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया है कि राहुल गांधी ने पिछले 22 वर्षों में कुल 54 आधिकारिक विदेश यात्राएं की हैं। इन यात्राओं में इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, वियतनाम, कंबोडिया, सिंगापुर, बहरीन, मालदीव, कतर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल हैं। भाजपा के अनुसार, इन 54 यात्राओं पर कुल अनुमानित खर्च लगभग 60 करोड़ रुपये रहा है। इनमें से 20 सबसे महंगी यात्राओं पर ही करीब 39.6 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। विवाद का सबसे बड़ा बिंदु राहुल गांधी की घोषित आय और इन यात्राओं पर हुए खर्च के बीच का अंतर है। संबित पात्रा के अनुसार, 2013-14 से 2022-23

### 'फंडिंग सोर्स' पर भारतीय जनता पार्टी का निशाना

के चुनावी हलफनामों और आय विवरण के मुताबिक राहुल गांधी की कुल आय लगभग 11 करोड़ रुपये रही है। भाजपा का सवाल है कि जिस व्यक्ति की 10 साल की आय 11 करोड़ हो, वह विदेश यात्राओं पर 60 करोड़ कैसे खर्च कर सकता है? भाजपा ने इसे 'आय से अधिक व्यय' का मामला बताते हुए स्पष्टीकरण की मांग की है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी की कई यात्राएं 'अघोषित' थीं और उनकी फंडिंग के स्रोत सार्वजनिक नहीं हैं। संबित पात्रा ने मस्कट और ओमान की अघोषित यात्राओं का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या इन यात्राओं का खर्च भारत सरकार ने उठाया, कांग्रेस पार्टी ने, या फिर किसी विदेशी संस्था ने? भाजपा का तर्क है कि यदि फंडिंग विदेशी स्रोतों से हुई है, तो यह FCPA (Foreign Contribution Regulation Act) के नियमों का उल्लंघन हो सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संबित पात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी अक्सर संसद सत्र, चुनावों या राष्ट्रीय शोक के समय विदेश में रहते हैं। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत की लोकतांत्रिक छवि और राष्ट्रीय हितों के खिलाफ बयानबाजी करते हैं। भाजपा ने मांग की है कि कांग्रेस और राहुल गांधी इन यात्राओं से जुड़े बैंक स्टेटमेंट, फॉरेक्स वाउचर और चुनाव आयोग को दिए गए दस्तावेजों को सार्वजनिक करें।

## उन्नाव रेप केस में सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है जिसमें सेंगर को रेप केस में आजीवन कारावास की सजा से बरी किया गया था। दरअसल, हाईकोर्ट ने सेंगर के आजीवन कारावास की सजा को सस्पेंड करने का फैसला दिया था। लेकिन सर्वोच्च अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले को रोक दिया है। अदालत ने इस मामले की फिर से सुनवाई के लिए दिल्ली हाईकोर्ट को भेज दिया है।

CJI सूर्य कांत ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश को गलत नहीं कहा जा रहा, लेकिन कुछ कानूनी सवालों पर विस्तृत विचार जरूरी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि उसने मामले के मेरिट पर कोई राय नहीं दी है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट



से कहा है कि मुख्य अपील पर संभव हो तो गर्मी की छुट्टियों से पहले, और अधिकतम दो महीने के भीतर सुनवाई पूरी की जाए। कोर्ट ने कहा कि यदि मुख्य अपील जल्द नहीं सुनी जा सके, तो सजा निलंबन की अर्जी पर नया आदेश पारित किया जाए। SG तुषार मेहता ने कहा कि CBI की अपील पहले से हाई कोर्ट में लंबित है। वहीं सेंगर की ओर से वरिष्ठ वकील एन हरीहरन ने दावा किया कि पीड़िता नाबालिग नहीं थी और AIIMS बोर्ड की रिपोर्ट भी उनके पक्ष में है।

**महंगाई** 'चुनाव खत्म, लूट शुरू', समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भी कसा तंज

## पेट्रोल–डीजल पर 3 रुपये दाम बढ़ने पर कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट संकट और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच आम आदमी के लिए पेट्रोल और डीजल आज से महंगा हो गया है। 15 मई को सुबह-सुबह पेट्रोल-डीजल के दामों में 3.00 से लेकर 3.60 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी कर दी, जिससे आम जनता की जेब पर बोझ बढ़ गया है। इसे लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है तो वहीं सत्ता पक्ष के लोग इसे वैश्विक संकट के बीच सरकार की मजबूरी बताते हुए कह रहे हैं कि कम से कम दाम बढ़ाए गए हैं।

देशभर में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने पर समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने बिना ज्यादा कुछ कहे केंद्र सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर अपना साइकिल चला रहे एक स्कैच पोस्ट कर



कहा, 'हमने तो पहले ही कहा है कि साइकिल से बेहतर कुछ नहीं। मौके का फायदा उठाकर अखिलेश ने साइकिल के जरिए अपनी पार्टी का प्रचार भी कर दिया। आगे लखा है कि पीएम कह रहे हैं कि पेट्रोम कम खर्च करें। कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि इससे महंगाई बढ़ना तय है और आर्थिक विकास दर में गिरावट भी आएगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत कम थी तो मोदी सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देने के बजाय उन्हें लूटा। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से पोस्ट किया, "'महंगाई मैन' ने आज फिर जनता पर हंटर चलाया। पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए महंगा कर दिया गया। वहीं, सीएनजी के दाम भी 2 रुपए बढ़ा दिए गए, चुनाव खत्म-वसूली शुरू। पेट्रोल- डीजल के बढ़ी हुई कीमतों पर पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री दिलीप घोष ने सरकार का बचाव करते हुए कहा कि वैश्विक युद्ध और संकटों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश पर बोझ बढ़ने से बचाया। कम से कम दाम बढ़ाए जा रहे हैं, जिससे देश के नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। पेट्रोल और डीजल के नए रेट पर लोगों में परेशानी भी बढ़ती नजर आ रही है। पेट्रोल, डीजल उपभोक्ताओं का कहना है कि सबको पता ही था, अब कोई क्या करे, दाम बढ़ने थे, बढ़ गए हैं, हम लोगों के लिए परेशानी हो गई है. एकउपभोक्ता ने कहा, "कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद थी, हर कोई यह अच्छी तरह जानता था कि ऐसा होना ही है। कम लोगों के लिए परेशानी हो गई है। लोग इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थे लेकिन इस बात से बड़ी राहत मिली है कि कीमतें सिर्फ तीन रुपये ही बढ़ी हैं।

## आंधी और बारिश से हुई तबाही पर अलर्ट मोड में योगी सरकार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बीते 24 घंटे के दौरान आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली से हुए नुकसान पर अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर पीड़ितों की मदद और मुआवजा जारी करने के निर्देश दिए हैं। जिलों को हर 3 घंटे में स्थिति का अपडेट देने के लिए भी कहा है। बाराबंकी, बहराइच, कानपुर देहात, बस्ती, संभल, हरदोई, उन्नाव समेत 19 जिलों में जनहानि, पशुहानि और फसल हानि की जानकारी सामने आई है। वहीं खराब मौसम की वजह से काफी संख्या में मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। जिलाधिकारियों समेत संबंधित अधिकारियों को मौके



पर जाकर तत्काल सर्वे पूरा कराने का निर्देश दिया है, ताकि संबंधित विभागों के साथ मिलकर मुआवजा जारी किया जा सके। सीएम योगी ने सभी जिलों के डीएम को राहत कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है। साथ ही निर्देश दिया है कि मुआवजा राशि, बचाव अभियान समेत अन्य कार्यों को सोशल मीडिया पर अपडेट किया जाए। सभी जिलों को हर 3 घंटे में स्थिति का अपडेट भेजने के लिए भी कहा गया है।

## एक नजर

### तस्वीर और आरिफ को गैंगस्टर एक्ट में दो-दो साल की सजा

**बरेली।** कभी बिथरी चैनपुर और गंगापार इलाके में आतंक का पर्याय रहे तस्वीर गैंग पर आखिरकार कानून का शिकंजा कस गया है। करीब 14 साल तक चली लंबी अदालती लड़ाई के बाद गैंगस्टर एक्ट कोर्ट ने गैंग लीडर तस्वीर और उसके साथी आरिफ को दोषी करार देते हुए दो-दो साल के कारावास की सजा सुनाई है। विशेष अदालत ने दोनों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।साल 2011 के दौर में इस गिरोह का इतना खौफ था कि लोग नाम सुनते ही दरवाजे बंद कर लेते थे। सरकारी वकील दिगंबर पटेल ने अदालत में पुख्ता गवाह और साक्ष्य पेश किए। अभियोजन पक्ष के अनुसार, गंगापार निवासी तस्वीर, आरिफ और कल्लू ने लूट और चोरी के दम पर अपना नेटवर्क खड़ा किया था। कोर्ट ने आरिफ और तस्वीर को सजा सुना दी है, जबकि फरार तीसरे सदस्य कल्लू के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# बदायूं गंगा घाट में डूबे तीन बच्चे, एक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** गंगा स्नान के दौरान शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। गहरे पानी में डूबने से 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों को गोताखोरों और स्थानीय लोगों ने समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे के बाद घाट पर चीख-पुकार मच गई और परिवार में मातम छा गया। घटना के बाद आसपास मौजूद श्रद्धालुओं में भी दहशत फैल गई।

कासगंज जिले के थाना कासगंज क्षेत्र के गांव बड़ेरिया निवासी संजू अपने परिवार के साथ बदायूं गंगा स्नान करने आए थे। शुक्रवार सुबह परिवार के सभी लोग श्रद्धा के साथ गंगा में स्नान कर रहे थे। घाट पर काफी भीड़ थी और श्रद्धालु पूजा-अर्चना में जुटे थे। इसी दौरान संजू की 14 वर्षीय पुत्री मुस्कान, आठ वर्षीय रितिक और ममता स्नान करते-करते अचानक गहरे पानी की तरफ चले गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक बच्चों को गहराई का अंदाजा नहीं लगा और कुछ ही सेकंड में तीनों डूबने लगे।बच्चों को पानी में डूबता देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घाट पर मौजूद लोगों ने तुरंत शोर मचाया और मदद के लिए दौड़ पड़े।घटना की सूचना मिलते ही घाट पर मौजूद गोताखोर और स्थानीय लोग तुरंत गंगा में कूद पड़े। काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने रितिक और ममता को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दोनों बच्चों की हालत बिगड़ने पर उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। हालांकि मुस्कान का काफी देर तक कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद गोताखोरों ने गहरे पानी में लगातार तलाश अभियान चलाया। करीब कुछ देर बाद मुस्कान का शव पानी से बाहर निकाला गया। किशोरी को बाहर निकालते ही परिवार के लोग बिलख पड़े। मां और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घाट का माहौल भी गमगीन हो गया।

### दो को गोताखोरों ने बचाया, मची चीख-पुकार

### घाटों पर सुरक्षा इंतजामों पर उठे सवाल

इस हादसे के बाद गंगा घाटों पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई घाटों पर गहराई वाले हिस्सों में चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा घेराबंदी नहीं है, जिससे हर साल हादसे होते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि घाटों पर अतिरिक्त गोताखोर तैनात किए जाएं और खतरनाक जगहों को चिन्हित कर बैरिकेडिंग कराई जाए। घटना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। वहीं प्रशासन ने श्रद्धालुओं से गंगा स्नान के दौरान विशेष सावधानी बरतने और बच्चों को अकेले पानी में न जाने देने की अपील की है।

## परीक्षा ड्यूटी पर जा रहे दो शिक्षकों की मौत




**बरेली।** बरेली-शाहजहांपुर हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो शिक्षकों की मौत हो गई। फरीदपुर टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने परीक्षा ड्यूटी पर जा रहे बेसिक शिक्षा विभाग के दो शिक्षकों को पीछे से कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि दोनों शिक्षकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात के बाद चालक ट्रक समेत फरार हो गया। मृतकों की पहचान सिविल लाइंस निवासी पीके यादव और मुंशीनगर निवासी प्रमोद यादव के रूप में हुई है। दोनों फरीदपुर ब्लॉक के लोंगपुर प्राथमिक विद्यालय में तैनात थे और बाइक से जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

# केंद्रीय मंत्री के पैतृक क्षेत्र बगुला नगला में 15 दिन से छाया अंधेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

- पंद्रह दिनों से बिजली गुल होने के कारण गहराया पेयजल संकट
- अधिकारियों की लापरवाही से ग्रामीणों का फूटा विभाग पर भारी गुस्सा

**बदायूं।** मुजरिया विद्युत सब-स्टेशन के ज्योरा फीडर अंतर्गत ग्राम पंचायत ज्योरा पारवाला के मजरा बगुला नगला में पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण बिजली आपूर्ति ठप है। केंद्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा का पैतृक क्षेत्र होने के बावजूद ग्रामीण भीषण गर्मी में अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बार-बार शिकायतों के बाद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने अवर अभियंता से लेकर अधिशासी अभियंता तक गुहार लगाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। बिजली गुल होने से पेयजल संकट गहरा गया है और दैनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हैं। ग्रामीणों की मुख्य नाराजगी ट्रांसफार्मर की क्षमता को लेकर है। उनका कहना है कि गांव की आबादी और लोड के अनुसार वहां 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जाना चाहिए, लेकिन विभाग बार-बार केवल 25 केवी का छोटा ट्रांसफार्मर लगाकर औपचारिकता पूरी कर देता है। कम क्षमता होने के कारण ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर कुछ ही दिनों में फिर से जल जाता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और विभाग को चेतावनी दी है कि बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की बढ़ती परेशानियों को देखते हुए जल्द से जल्द उच्च क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस बार 25 केवी के बजाय 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाकर गांव की बिजली व्यवस्था को स्थायी रूप से बहाल किया जाए।

## मानदेय न मिलने पर 21 से कार्यकाज ठप

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों ने मार्च और अप्रैल माह का मानदेय न मिलने पर गहरा रोष व्यक्त किया है।

शुक्रवार को संविदा कर्मचारी संघ के तत्वावधान में करीब 200 डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएमओ डॉ. मोहन झा को सौंपा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 मई तक उनके रुके हुए मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो 21 मई से जिले भर में 'नो पे-नो वर्क' के तहत संपूर्ण कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया जाएगा। संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण बल्लभ चतुर्वेदी और डॉ. देवदत्त शर्मा ने बताया कि दो महीने से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारी गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। बच्चों की स्कूल फीस और किताबों का खर्च उठाना मुश्किल हो गया है। मांगें पूरी न होने पर स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप करने की चेतावनी दी गई है।

# जनगणना कार्यशाला में पोर्टल पर दर्ज सूचनाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरखेड़ा में जनगणना को लेकर की गई कार्यशाला में भाग लेते लोग।

**पीलीभीत।** जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन प्रक्रिया को मजबूत एवं पारदर्शी बनाना रहा। कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों से अपने-अपने क्षेत्रों में ग्रामीणों को जागरूक कर स्व-गणना के लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

15 दिवसीय स्व-गणना अभियान के नौवें दिन स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं, महिला संस्थाओं, ग्राम प्रधानों, कोटेदारों, पंचायत सहायकों, सचिव सहकारी समितियों, ग्राम पंचायत एवं विकास अधिकारियों, खाद विक्रेताओं, मनरेगा कार्डधारकों, रसोइयों, अनुदेशकों, शिक्षामित्रों, आशा कार्यकत्रियों तथा पीएचसी कर्मचारियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर आधिकारिक स्व-गणना पोर्टल पर अपनी-अपनी सूचनाएं दर्ज कराईं। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं का विवरण दर्ज करना जनगणना प्रक्रिया को अधिक सटीक, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक है। प्रतिभागियों को पोर्टल के उपयोग, डेटा सुरक्षा एवं गोपनीयता संबंधी जानकारी भी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्रा को होटल ले गया युवक

## बहेड़ी के होटल ताज में सुबह छापा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र के नैनीताल हाईवे स्थित होटल ताज में नाबालिग छात्रा के साथ युवक के पकड़े जाने के बाद शुक्रवार तड़के जमकर हंगामा हुआ। हिंदू संगठनों की सूचना पर पुलिस ने सुबह करीब पांच बजे होटल में छापा मारकर आरोपी युवक मुजाहिद को हिरासत में ले लिया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद होटल प्रबंधन की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं।पुलिस के मुताबिक वाराणसी निवासी 16 वर्षीय छात्रा बहेड़ी क्षेत्र में रहकरआईटीआई की पढ़ाई कर रही है। आरोप है कि मुजाहिद नाम का युवक उसे बहला-फुसलाकर होटल ताज ले गया, जहां दोनों रातभर रुके। मामले की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता सक्रिय हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बहेड़ी पुलिस ने हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ होटल ताज में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान युवक और नाबालिग छात्रा को होटल के कमरे से बरामद किया गया। पुलिस दोनों को थाने ले आई, जहां छात्रा के बयान दर्ज किए गए। इसके साथ ही परिजनों को भी सूचना दे दी गई।

### होटल रजिस्टर खंगाल रही पुलिस

पुलिस अब होटल के रजिस्टर, आईडी प्रूफ और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि नाबालिग को होटल में किस आधार पर कमरा दिया गया।

# जिलाधिकारी व एसपी ने किया सीबीजी प्लांट का भूमि पूजन, स्वच्छ ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने विकासखंड ललौरीखेड़ा के ग्राम वारनावदा में सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) प्लांट का भूमि पूजन किया। यह प्लांट एडवांस्ड रिन्यूगैज एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है।



सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) प्लांट का भूमि पूजन करते डीएम व एसपी।

अधिकारियों ने प्लांट मॉडल का अवलोकन किया। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि शुरुआती चरण में प्लांट की क्षमता 6 से 7 टन प्रतिदिन होगी, जिसे बाद में बढ़ाकर 9 से 10 टन प्रतिदिन किया जाएगा। करीब 40 से 42 करोड़ रुपये की लागत से पांच एकड़ भूमि पर स्थापित हो रहे इस प्लांट का संबंध एचपीसीएल से है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्लांट कृषि अवशेष, पराली और जैविक कचरे से बायो-सीएनजी तैयार करेगा, जिससे प्रदूषण कम होगा और किसानों को फसल अवशेषों का उचित मूल्य मिलेगा। साथ ही क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी, कंपनी प्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन सॉफ्टवेयर राष्ट्रीय हनुमान दल के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

# प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रीय हनुमान दल ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय हनुमान दल के पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कठोर कार्रवाई की मांग की। संगठन के संरक्षक जगदीश सक्सेना के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और कहा कि प्रधानमंत्री पद की गरिमा के खिलाफ की गई टिप्पणी लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है। जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने आरोप लगाया कि सांसद समर्थकों द्वारा मार्च निकालकर यातायात बाधित किया गया तथा सरकारी कार्य में भी व्यवधान उत्पन्न हुआ। ज्ञापन में दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई, भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम तथा राष्ट्रविरोधी एवं अभद्र आचरण पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

# ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता की पूरी कमर टूटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

- माल ढुलाई महंगी होने से रसोई का बिगड़ा पूरा बजट
- खाद्य वस्तुओं के दामों में भारी उछाल की बड़ी आशंका
- सीएनजी महंगी होने से बढ़ा ऑटो और वाहनों का किराया
- मध्यम वर्गीय परिवारों पर मंडराया गहरा बड़ा गहरा आर्थिक संकट

**बदायूं।** जिले में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। ईंधन महंगा होने का सीधा असर माल ढुलाई और ट्रांसपोर्टेशन पर पड़ा है, जिससे दैनिक उपयोग की वस्तुओं की लागत बढ़ गई है। मध्यम वर्गीय परिवारों का मासिक बजट पूरी तरह डगमगा गया है, और आने वाले दिनों में बुनियादी वस्तुओं की कीमतों में 15 प्रतिशत तक के भारी उछाल की आशंका जताई जा रही है।

ईंधन के दामों में लगी आग अब रसोई तक पहुंच चुकी है। ट्रांसपोर्टरों द्वारा माल ढुलाई का किराया बढ़ाए जाने के कारण व्यापारियों ने दाल और खाद्य तेल जैसी अनिवार्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ाना शुरू कर दिया है। वर्तमान में शहर से दूसरे राज्यों में भेजे जाने वाले मौसमी फलों, जैसे तरबूज और खरबूज के परिवहन की लागत बढ़ गई है, जिससे मंडियों में इनके दाम ऊंचे बने हुए हैं। महंगाई का यह सिलसिला केवल खाद्य पदार्थों तक सीमित नहीं है। सीएनजी के बढ़ते दामों ने ऑटो और छोटे कमर्शियल वाहनों के किराए में भी इजाफा कर दिया है। इससे न केवल घर का जरूरी सामान लाना महंगा हो गया है, बल्कि दैनिक आवाजाही करने वाले आम आदमी की परेशानी भी दोगुनी हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्टेशन की लागत इसी तरह बढ़ती रही, तो अगले कुछ हफ्तों में बुनियादी वस्तुओं की कीमतों में 15 फीसदी तक की वृद्धि निश्चित है, जो मध्यम वर्गीय के लिए एक बड़ा आर्थिक संकट पैदा कर सकती है।

## मिड-डे मील के नाम पर उधार लिया राशन

**बरेली।** बरेली की अदालत ने स्कूल में मिड-डे मील के नाम पर किराना व्यापारी से लाखों का राशन लेकर भुगतान न करने और धमकाने के 13 साल पुराने मामले में पूर्व प्रधान को दोषी पाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार मिश्रा की अदालत ने आरोपी सत्य प्रकाश को छह साल की जेल और 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।मामला सीबीगंज के तिलियापुर का है। वहां के किराना व्यापारी जाबिर खां की दुकान से प्राथमिक व जूनियर स्कूलों के मिड-डे मील के लिए राशन लिया जाता था। जब उधारी 1.77 लाख रुपये से अधिक हो गई, तो पूर्व प्रधान ने भुगतान मांगने पर व्यापारी को जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी थी।

# विवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने और शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

मामला कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव लालपुर नगरिया का है। यहां रहने वाले अजय की 22 वर्षीय पत्नी राखी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मायके पक्ष के लोगों ने यूपी-112 पुलिस को सूचना दी और आरोप लगाया कि विवाहिता की गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को फंदे पर लटका दिया गया। सूचना पर कादरचौक पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस मौत के कारणों की जांच में जुटी हुई है, ताकि पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि राखी की शादी 15 मई 2025 को हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में हाईस्पीड बाइक की मांग कर रहे थे। मायके पक्ष का कहना है कि मांग पूरी न होने पर विवाहिता को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों ने आरोप लगाया कि मारपीट के बाद राखी की हत्या की गई है।

# 52 करोड़ की बजट बैठक पर उठे सवाल

- आम आदमी पार्टी ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन
- 11 मार्च को बजट बोर्ड बैठक निरस्त करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन देकर नगर पालिका परिषद उझानी की 11 मार्च को आयोजित बजट बोर्ड बैठक को निरस्त करने की मांग की।

जिलाध्यक्ष भूदेव कुमार सिंह ने कहा कि लोकसभा बजट सत्र के दौरान शासनादेश का उल्लंघन कर यह बैठक आयोजित की गई थी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि संसद या विधानमंडल सत्र के दौरान जनप्रतिनिधियों वाली समितियों की बैठक आयोजित नहीं की जा सकती। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत सरकार का बजट सत्र 31 जनवरी 2025 से चार अप्रैल 2025 तक चला। इसके बावजूद 11 मार्च 2025 को नगर पालिका परिषद उझानी में लगभग 52 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया। इसकी शिकायत आदित्य गुप्ता ने की। दिनेश सिंह, संगीता पटेल, राकेश सोलंकी, विद्यावती, जरीना बेगम, रवि राजपूत, आरिफ मोहम्मद, ओमपाल सिंह यादव, आदित्य गुप्ता, लाल सिंह, रामप्रताप, प्रेमवती, अवनीश कुमार आदि मौजूद थे।

## सुबह में बादलों डेरा, दोपहर में धूप से तिलमिलाए लोग

**बदायूं।** जिले में मौसम के मिजाज में लगातार अस्थिरता बनी हुई है। शुक्रवार तड़के आसमान में बादलों की आवाजाही और गरज-चमक के साथ हुई बूंदाबांदी ने राहत तो जगाई, लेकिन दिन चढ़ते ही सूरज के तीखे तेवर और बढ़ती उमस ने जनजीवन बेहाल कर दिया। तेज धूप के कारण दोपहर का पारा 38 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। खराब मौसम और हल्की हवा चलते ही बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के कारण कई इलाकों की बत्ती गुल हो गई। घंटों बिजली न आने से पेयजल संकट खड़ा हो गया और लोग उमस भरी गर्मी में पसीने से तर-बतर रहे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दोपहर में बाहर न निकलने और लू से बचाव की सलाह दी है।

# सेना में जाने का सपना देख रहे युवाओं को मिला गुरुमंत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** देश सेवा का जज्बा रखने वाले युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती होने का सही रास्ता दिखाने के लिए शुक्रवार को बरेली कॉलेज के एमएड सभागार में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। 21 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स को सेना भर्ती की बारीकियों और अधिकारी बनने के जरूरी गुणों की जानकारी दी गई।



छात्र-छात्राओं को जागरुक करते सेना के अधिकारी। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे मेजर इशांत डागर ने आधुनिक प्रेजेंटेशन के जरिए कैडेट्स को भारतीय सेना में भर्ती से जुड़ी अहम जानकारियां दीं। उन्होंने सिपाही भर्ती से लेकर अधिकारी स्तर तक की चयन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। मेजर डागर ने अग्निवीर योजना, एनसीसी स्पेशल एंट्री, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा (सीडीएस) के माध्यम से सेना में प्रवेश के अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को बताया कि सही रणनीति, अनुशासन और आत्मविश्वास के जरिए सेना में करियर बनाया जा सकता है।सत्र के दौरान सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) इंटरव्यू की प्रक्रिया पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कैडेट्स को बताया गया कि इंटरव्यू के दौरान उम्मीदवार के नेतृत्व कौशल, निर्णय क्षमता, टीम भावना और मानसिक मजबूती को परखा जाता है। मेजर डागर ने समूह परीक्षण अधिकारी (जीटीओ) टास्क, मनोवैज्ञानिक परीक्षण और सेना के अधिकारी में जरूरी नेतृत्व क्षमता के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेना सिर्फ नौकरी नहीं बल्कि अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रसेवा का सबसे बड़ा माध्यम है।

### आदर्श अधिकारी बनने के दिए टिप्स

कार्यक्रम के अंत में 21 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल होशियार सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प ही सफलता की असली कुंजी हैं। उन्होंने युवाओं को अपने लक्ष्य तय कर पूरी निष्ठा के साथ उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सूबेदार मेजर अनिल कुमार, नायब सूबेदार भरत सिंह, हवलदार एसपी सिंह, हवलदार हर सिंह, हवलदार नरेश और लेफ्टिनेंट डॉ. रितेश कुमार चौरसिया समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

### आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर–9412252847 7906815587, 9758444242


## एक नजर

### एडीएम का आगरा हुआ ट्रांसफर

**रामपुर।** देर रात वित्त एवं राजस्व अपर जिलाधिकारी संदीप वर्मा का तबादला शासन ने आगरा कर दिया है। देर रात शासन ने 70 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। जिसमें रामपुर के एडीएम भी शामिल है। एक साल पहले उनकी वह संभल से नगर मजिस्ट्रेट के पद पर तैनाती हुई थी। शासन ने प्रमोशन देकर एडीएम बनाया था। अब उनका तबादला इसी पद पर आगरा हो गया है जबकि मेरठ विकास प्राधिकरण के सचिव आनंद कुमार सिंह को एडीएम बनाया गया है।

### दो पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला,चार पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर।** रंजिश के चलते दो व्यक्तियों पर लाठी–डंडों से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट की है।कोतवाली क्षेत्र के गांव मुबारकपुर निवासी छोटी पत्नी डालचंद ने पुलिस को तहरीर सौंपी। जिसमें उसने आरोप लगाया कि उनका बेटा महेंद्र और देवर राजकुमार गांव के बाहर रास्ते से गुजर रहे थे। इसी दौरान घात लगाकर बैठे गांव के ही अमीनचंद, कुलदीप, सुभाष और परवेजेंद्र ने उन्हें रंजिशन बीच रास्ते में रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए लाठी–डंडों से दोनों की बेरहमी से पिटाई कर दी। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार उनका चालान किया जाएगा।



# नकली नोटों के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता करके किया खुलासा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** टांडा पुलिस ने नकली नोटों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद एसपी ने पुलिस आफिस में प्रेसवार्ता करके खुलासा किया। पुलिस टीम द्वारा उनके पास से 500 के 150 जाली नोट कुल 75000 रुपये जाली मिले। उसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया। वहां से दोनो आरोपी जेल चले गए।

पुलिस अधीक्षक सोमेद्र मीणा के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते थाना टांडा व थाना साइबर क्राइम की संयुक्त पुलिस टीम को सूचना मिली कि भगतपुर तिराहे के पास से वाहिद पुत्र छिद्दा निवासी ग्राम शिकारपुर थाना टांडा, मोहम्मद हुसैन पुत्र अमीर हुसैन निवासी ग्राम



पुलिस आफिस में प्रेसवार्ता करते एसपी और मौजूद आरोपी।

रानीनांगल थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को 500 रुपये के जाली 150 नोट कुल 75000 रुपये जाली के साथ गिरफ्तार किया।वाहिद से नोट जो हूबहू 500 रुपये के नोट के जैसे दिखते है। कुल 82 नोट 41 हजार एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। आरोपी मोहम्मद हुसैन की जामा तलाशी से हूबहू 500 रुपये के नोट के जैसे दिखते है। कुल 78 नोट 34 हजार रुपये तथा एक मोबाइल फोन सैमसंग बरामद हुआ।उसके बाद शुक्रवार दोपहर को एसपी ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि दो आरोपियों को नकली नोटों के साथ पकड़ा गया है। पूछताछ बताया कि हनीफ पुत्र नबी हुसैन निवासी ग्राम रानीनांगल थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद से लिए है। हनीफ 40 हजार रुपये में एक लाख रुपये के नकली नोट देता है। हमने कुछ नकली नोट चला दिये थे।बाकी बचे इन नकली नोटों को चलाने की कोशिश कर रहे थे।

### आरोपी छिद्दा पर दर्ज है 23 मुकदमे

आरोपी छिद्दा पर करीब 23 मुकदमे दर्ज हैं। जिसको पुलिस काफी समय से तलाश रही थी। इसके अलावा आरोपी मोहम्मद हुसैन पर भी मुरादाबाद जिले के कई थानों पर मुकदमें दर्ज हैं।कुछ दिन पहले भी गंज पुलिस ने दो आरोपियों को नकली नोटों के साथ पकड़ लिया था,जोकि नकली नोटों को बाजार में चलाने की तैयारी कर रहे थे। जिले में नकली नोटों की सप्लाई तेजी से हो रही है।

### सीटी स्कैन कराने के नाम पर मरीज से वसूले छह सौ रुपये

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में दलालों की सक्रियता थमने का नाम नहीं ले रही है। सीटी स्कैन कराने आए एक मरीज से 600 रुपये वसूलने का मामला सामने आया है।

गनेश घाट निवासी छत्रपाल जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराने पहुंचे थे। काफी देर तक प्रक्रिया पूरी न होने पर वह परेशान होकर इधर-उधर भटक रहे थे। इसी दौरान अस्पताल में घूम रहे एक युवक ने उनसे संपर्क किया और जल्दी सीटी स्कैन कराने का भरोसा दिया। आरोप है कि युवक ने इसके बदले 600 रुपये लिए। पैसे लेने के कुछ ही देर बाद सीटी स्कैन से संबंधित कागजात तैयार करा दिए गए। घटना के बाद मरीजों और तीमारदारों में नाराजगी है। जिला अस्पताल में पहले भी दलालों के सक्रिय होने की शिकायतें मिलती रही हैं। अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

## विवाहिता की सुपुर्दगी को लेकर परिजनों का तहसील में हंगामा

- मायके, ससुराली पहुंचे तहसील, एसडीएम ने दर्ज कराए बयान

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**शाहबाद।** शुक्रवार को उस वक्त तहसील में अफरातफरी का माहौल बन गया जब पटवाई पुलिस एक विवाहिता को बयान दर्ज कराने शाहबाद एसडीएम कोर्ट लेकर आई थी, सूचना मिलते ही विवाहिता के मायके और ससुराल पक्ष के लोग तहसील पहुंच गए। उसे अपने साथ ले जाने को लेकर हंगामा करने लगे। तहसील में भीड़ बढ़ती देख दो थानों की फोर्स पहुंच गई।

केमरी थाने क्षेत्र की एक युवती की शादी पटवाई थाना क्षेत्र के गांव लालपुर पट्टी में चार महीने पहले हुई थी। ग्रामीणों के मुताबिक 10 मई को वह अपनी ससुराल से लापता हो गई। ससुराल वालों ने एक बात की जानकारी मायके वालों को दी। इसके बाद ससुराल वालों ने थाना पटवाई व मायके वालों ने केमरी में लड़की कि गुमशुदगी की सूचना दी। परिजनों के मुताबिक पुलिस ने तीन दिन बाद लड़की बरामद कर ली।

शुक्रवार को पुलिस युवती के बयान दर्ज कराने तहसील शाहबाद पहुंची। इसकी भनक लड़की के मायके वालों और ससुराल वालों को लड़ गई। जिस पर वह शाहबाद तहसील पहुंचे गए और अपने साथ ले जाने को लेकर हंगामा करने लगे। मायके वाले और ससुराल वाले उसे साथ ले जाने के लिए कहने लगे। युवती के मायके पक्ष का आरोप था कि बरेली के पूर्व विधायक की बेटी उसे अपने साथ ले जाना चाहती है। उधर एसडीएम के समक्ष विवाहिता के बयान देर शाम में दर्ज हुए।

## दो पैन कार्ड मामले में 18 मई को होगी सुनवाई

- एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही तारीख

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में दो पैनकार्ड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता राजेश इनामदार कोर्ट पहुंचे। जहां आरोपी पक्ष की बहस हुई। अब इस मामले में सुनवाई के लिए 18 मई की तारीख नियत की है। जबकि पासपोर्ट मामले में कोर्ट ने जिला प्रशासन से अब्दुल्ला का नामाकंन रिकार्ड तलब किया है। अब इस मामले में 12 जून को सुनवाई होगी।

बता दे कि दो पैन कार्ड मामले में सपा नेता आजम खां और बेटे अब्दुल्ला आजम खां को सजा हो चुकी है। जिसको लेकर पूर्व विधायक नवेद मियां ने दोनों की सजा बढ़ाए जाने को लेकर हाईकोर्ट का आदेश सेशन कोर्ट में दाखिल किया है।जिसमें आजम खां की ओर से शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की ओर से राजेश इनामदार कोर्ट पहुंचे। जहां उन्होने बहस करते हुए हाईकोर्ट के आदेश का विरोध किया।

अदालत में बहस जारी है। अब इस मामले में 18 मई को सुनवाई होगी।इसकेअलावा पासपोर्ट में 12 जून की तारीख नियत की है। मजिस्ट्रेट कोर्ट में किसानों से जुड़े 27 मामलों में हड़ताल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। इसमें भी 18 मई को सुनवाई होगी।

# तालाब के गहरे पानी में डूबने से मजदूर की मौत

- गांव में मचा कोहराम,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सींगनखेड़ा में सुबह एक हादसा सामने आया है। यहां गांव के एक तालाब की सफाई करने उतरे तीन मजदूरों में से एक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। पूरे गांव में शोक की लहर है।

सींगन खेड़ा निवासी प्रेमपाल (35 वर्ष) पुत्र सुंदरलाल, अपने दो अन्य साथी मजदूरों जागन और महेंद्र के साथ आज सुबह गांव के ही एक तालाब की मनरेगा योजना की सफाई करने के लिए उतरे थे। तीनों मजदूर तालाब के किनारे-किनारे सफाई का काम कर रहे थे। इसी दौरान सफाई करते-करते प्रेमपाल का पैर फिसल गया या गहराई का अंदाजा न होने के कारण वह अचानक तालाब के बीचों-बीच गहरे पानी में चले गए। प्रेमपाल को पानी में डूबता देख किनारे पर काम कर रहे उनके साथियों, जागन और महेंद्र ने शोर मचाना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर भारी संख्या में ग्रामीण दौड़ कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर प्रेमपाल को बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी गहरा होने के कारण सफलता नहीं मिली।



ग्रामीण को तलाशते गोताखोर। –जागरण मोर्चा





मौके पर रोते परिजन। –जागरण मोर्चा

### गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद निकाला शव



घटना की सूचना अजीम नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा।तुरंत स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोरों की टीम ने तालाब में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी समय तक चली कड़ी मशक्कत और खोजबीन के बाद आखिरकार गोताखोरों ने प्रेमपाल के शव को तालाब से बाहर निकाला।पुलिस ने मृतक प्रेमपाल के शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, वहीं परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है

# बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- बैंक प्रबंधन के खिलाफ कर्मियों की जोरदार नारेबाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** आल इंडिया स्टेट बैंक आफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन अपनी जायज मांगों को लेकर पूरे भारतवर्ष में आंदोलन की राह पर है। आगामी 25, 26 मई को पूरे भारतवर्ष में भारतीय स्टेट बैंक में पूर्णता हड़ताल रहेगी।

इसी क्रम में आंदोलनात्मक कार्यक्रम के अनुसार सूची जारी कर दी गई है। इसी के तहत शुक्रवार को बैंक कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन किया।स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने बताया कि बैंक कर्मियों ने विरोध प्रकट किया। सचिव उत्कर्षा सिंह ने बताया कि मुख्य शाखा के सभी सदस्यों ने अपनी जायज़ मांगों को लेकर प्रबंधन के विरुद्ध के स्टेट बैंक के सदस्यों ने विरोध प्रकट किया है। विरोध प्रदर्शन में तरू राज सक्सेना, उत्कर्ष, शिवानी, अर्चना सिंह, अपूर्व जैन, यशु, निशा, वंशिका, राधिका, कम्मो, अभिषेक सिसोदी, रितेश त्रिवेदी, दिनेश सिंह, अमरदेव, रामेंद्र, गोले प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

## पुत्री से की छेड़छाड़ तो पिता ने दर्ज करा दिया मुकदमा

- मामले की शिकायत थाना पुलिस से कर दी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस के ही गांव के युवक को एक छात्रा पर फबत्तियां कसना भारी पड़ गया। जिसके चलते छात्रा के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। ग्रामीण ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। कि क्षेत्र के ही मगरमऊ गांव निवासी पंकज पुत्र महेंद्र उसकी पुत्री को गलत नीयत से देखता है। व रास्ता चलते इर्द-गिर्द घूमता रहता है। जिसकी शिकायत ग्रामीण ने आरोपी युवक के परिजनों से कई बार की है। लेकिन ग्रामीण के कहने का कोई असर आरोपी पंकज को नहीं हुआ तो ग्रामीण ने क्षुब्ध होकर मामले की शिकायत थाना पुलिस से कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरूकर दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

- परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार ने उसकी हत्या का आरोप लगाया है।वही पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

थाना केमरी क्षेत्र के मालनखेड़ा के रहने वाले मृतका के छोटे भाई जितेन्द्र राजपूत ने बताया कि उन्होंने अपनी बड़ी बहन पुष्पा 30 की शादी भोट थाना क्षेत्र के काजी की मडैया निवासी टेल्स मिस्त्री विशेष उर्फ बाबूराम से वर्ष 2013 में की थी। जिससे उसके पांच बच्चे हैं। भाई ने बताया कि वर्तमान में उसकी बहन का परिवार सीमांत गांव दिबदिबा में कुछ वर्षो से रह रहा है।आरोप है कि शादी के बाद से ही उसकी बहन और जीजा में छोटी छोटी बातों को लेकर विवाद होता रहता था।जिसको लेकर वह दो माह पूर्व बहन को अपने साथ घर ले आया था कुछ जिम्मेदार व्यक्ति के कहने पर उन्होंने बहन को भेज दिया।बृहस्पतिवार की रात साढ़े आठ बजे उसने जब बहन से बात करने के लिए फोन लगाया तो,उसके जीजा ने दो बार कॉल उठाकर घर से बाहर होने की बात कहकर फोन काट दिया।लगभग साढ़े नौ बजे उसके जीजा ने फोन कर बताया कि उसकी बहन ने फांसी लगा ली है,इससे परिवार में हड़कंप मच गया तभी परिजन केमरी थाने पहुंचें लेकिन मामला बिलासपुर कोतवाली के अंतर्गत आने की जानकारी होने पर वह बहन के घर पहुंचें जहां पुलिस पहले ही पहुंच चुकी थी। उनका आरोप है कि बहन की हत्या कर फांसी के फंदे पर लटकाया गया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मृतका का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



महिला का फोटो।

## शिकंजा: पंजीकरण न होने पर तीन संचालक नामजद

- खजुरिया, शहजादनगर, मिलक में की विभाग ने की कार्रवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने तीन अंपजीकृत क्लीनिक के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज होने से अन्य संचालकों में खलबली मची हुई है। झोलाछाप नोडल डॉ.देवेश चौधरी के अनुसार बिलासपुर खजुरिया के दिलशाद क्लीनिक का निरीक्षण किया, तो संचालक मौके से फरार हो गया।क्लीनिक का सीएमओ कार्यालय में पंजीकरण न होने के कारण क्लीनिक सील कर दिया था। साथ ही आईएमसी एक्ट 2019 की धारा 34 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

इसके अलावा शहजादनगर के बरा मिलक की कौर हेल्थ का पंजीकरण कराए जाने के लिए एक नोटिस दिया गया था। लेकिन संचालक मोहम्मद हारून ने कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया। इस पर आईएमसी एक्ट 2019 की धारा 34 एवं बीएनएस की धारा 318(4) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मिलक मे भी ऐलोपैथिक चिकित्सा पद्धति में उपचार करने की शिकायत पर 24 मार्च को बाला जी क्लीनिक गांव मेंहदीपुर को पंजीकरण कराए जाने का नोटिस दिया गया। लेकिन संचालक रवि ने अभिलेख प्रस्मुत नहीं करने पर कार्रवाई की गई है।

राहत | शहर विधायक आकाश सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर विभाग को समर्पित किए चार वाहन

# बिजली विभाग से जुड़ी शिकायतों का होगा त्वरित निस्तारण: आकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बिजली विभाग अब बिजली लाइनों में फाल्टों एवं अन्य तकनीकी कमियों को त्वरित तरीके से निस्तारित कर सकेगा। इसके लिए विभाग को चार गाड़ियां मिली हैं, जिनका इस्तेमाल तकनीकी समस्या आने पर शीघ्र आपूर्ति चालू करने के लिए किया जाएगा। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर चारों वाहन बिजली विभाग के लिए रवाना किए। उन्होंने कहा कि सरकार ने न सिर्फ बिजली व्यवस्था दुरूस्त की है, बल्कि तकनीकी दिक्कतों के कारण आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए भी पुख्ता कदम उठाए जा रहे हैं।



वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक आकाश सक्सेना। –जागरण मोर्चा

कलक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने किया। इसके बाद उन्होंने व अधीक्षण अभियंता सतेंद्र चौहान ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर शहर विधायक ने कहा कि पहले तकनीकी खामियों के कारण घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रहती थी, लेकिन अब आधुनिक संसाधनों और त्वरित कार्रवाई व्यवस्था से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।उन्होंने बताया कि विभाग को मिली ये चार गाड़ियां बिजली लाइनों में आने वाले फॉल्ट को जल्द ठीक करने में सहायक होंगी।

साथ ही ट्रांसफार्मर फुंकने की स्थिति में इन वाहनों का उपयोग ट्रॉलियों के रूप में भी किया जा सकेगा, जिससे खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने में आसानी होगी और बिजली आपूर्ति जल्दी बहाल की जा सकेगी।

अधीक्षण अभियंता सतेंद्र चौहान ने कहा कि इन वाहनों के विभाग को मिलने से तकनीकी टीमों की कार्यक्षमता बढ़ेगी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिकायतों के समाधान का समय कम होगा तथा आपूर्ति व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी। उन्होंने बताया कि विभाग लगातार उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रयासरत है।

नई तकनीक और संसाधनों के माध्यम से बिजली व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा रहा है ताकि आम जनता को निर्बाध बिजली मिल सके। इस अवसर अधिशासी अभियंता तकनीकी अनुराग सिंह, अधिशासी अभियंता वाणिज्य पीके शर्मा, धीरेंद्र मोहन ससक्सेना उर्फ पप्पू आदि उपस्थित रहे।



## एक नजर

### किसानों ने बाबा टिकैत को किया नमन

**बिलासपुर।** विभिन्न किसान संगठनों ने भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई। किसानों ने महात्मा टिकैत को श्रद्धापूर्वक नमन किया। एकजुटता एवं निरंतर संघर्ष का संकल्प लिया। भाकियू टिकैत से जुड़े कार्यकर्ता केमरी तिराहे के पास स्थित कार्यालय पर एकत्र हुए। वहां जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल ने सर्वप्रथम महात्मा टिकैत के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी भी पुष्पार्पण कर नमन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महात्मा टिकैत किसानों के सच्चे मसीहा थे। उन्होंने किसानों को एकजुटता की शक्ति और संघर्ष का मंत्र दिया। इसे संकल्प के साथ आगे बढ़ाना होगा, तभी खुशहाली और उत्थान का सपना पूरा हो पाएगा। इस मौके पर गुरचरन सिंह सिद्धू, नृपजीत सिंह, सर्वजोत सिंह चीमा, सतनाम सिंह, अर्जुन सिंह गिल, प्यारा सिंह, अंतराम यादव, गोपी यादव, दलजीत सिंह, सुखदेव सिंह, जसविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# टिकैत के बताए हुए रास्तों पर चले किसान: मुस्तकीम

## कैंप कार्यालय पर बाबा टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया माल्यार्पण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भाकियू के कैंप कार्यालय पर ग्राम चमरौआ में किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई।

इसमौके पर किसानों ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत किसानों के सच्चे हितैषी थे।उन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों के अधिकारों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि बाबा टिकैत की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष 15 मई को मनाई जाती है। उनका निधन वर्ष 2011 में हुआ था, लेकिन आज भी किसान उनके संघर्ष और विचारों को याद करते हैं। उसके बाद शरबत की सबील लगाकर प्रसाद का वितरण राहगीरों को किया। कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह भी प्रदेश कैंप कार्यालय पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाए।इस मौके पर मनजीत सिंह अटवाल, मोहम्मद तालिब,दरियाव सिंह यादव, राम बहादुर यादव, सईद नगर, चौधरी राजपाल सिंह,मोहम्मद मुस्तकीम,राहत अली खान, प्रमोद यादव, हाफिज मुजफ्फर अली, हरेंद्र यादव, मुर्शीद अली, अली हसन,पिंटू यादव, रामदास मौर्य, असगर अली, सरदार लखविंदर सिंह, बलविंदर सिंह मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद किसान। -जागरण मोर्चा।

### किसानों के हितों की आवाज को हमेशा मजबूती से उठाया जाएगा: अजय बाबू

**मिलक।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के तत्वाधान में मंडी समिति मिलक में जिला महासचिव वीरेंद्र गंगवार के नेतृत्व में बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 15 वीं पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर मंडी स्थल पर बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की स्मृति में श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं किसान हितैषी अजय बाबू गंगवार को संगठन की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से आमंत्रित किया।अजय बाबू गंगवार ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के किसान हितों के लिए किए संघर्ष और समर्पण को याद करते हुए उन्हें किसानों की बुलंद आवाज बताया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ देश के अन्नदाता किसानों तक पहुंच रहा है। जिला महासचिव वीरेंद्र गंगवार ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों के हक, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित किया। बाबा टिकैत जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए किसानों के हितों की आवाज़ को हमेशा मजबूती से उठाया जाता रहेगा। इस दौरान वीरेंद्र गंगवार, महेश बाबू गंगवार, हरपाल सिंह, राकेश कुमार, जितेंद्र गंगवार, अकींन शाह, प्रेम पाल सिंह सहित अनेक किसान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प चढ़ाते किसान। -जागरण मोर्चा।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला, सात समेत 10 पर रिपोर्ट दर्ज

**स्वार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुंशीगंज में रास्ते में रोककर युवक और उसके भाई के साथ मारपीट तथा धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सात नामजद समेत तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मुंशीगंज निवासी मौ. हनीफ पुत्र मौ. अहमद ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 13 मई की रात करीब नौ बजे उसका भाई जावेद गांव में जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के मतलूब, अखलाक, नाजिम, महराजुल, कबिउल इस्लाम, जुल्फी तथा तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने उसके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। तहरीर के अनुसार जब मौ. हनीफ अपने भाई को बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि मतलूब ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके की ओर दौड़े तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक सूरज सिंह चौहान को सौंपी गई है।

### सीडीओ को गैरहाजिर मिले कर्मचारी, स्पष्टीकरण

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद ने विकास खण्ड स्वार के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोयला एवं मोटा में अधिष्ठापित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) एवं उर्वरक गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी समितियां, सभापति गणेश कुमार व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत कोयला में अधिष्ठापित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी-पैक्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिवपाल आजमी, सचिव निरीक्षक अनुपस्थित पाए गए। जिस पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक को सचिव का स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा अन्य कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत पत्रावली, गोदाम निरीक्षण, ऑपरेटर/आंकिक, बीसी संचालक एवं अन्य व्यवस्थाओं का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए। किन्तु कुछ किसानों के फार्मर रजिस्टर नाम से खाद का वितरण अंकित नहीं पाया गया। कुछ फार्म पूर्ण रूप से संधारित नहीं मिले। इस पर निर्देश दिए गए कि जिन किसानों द्वारा अपने फार्मर रजिस्टर कराए गए हैं, उनका नियमानुसार खाद वितरण अद्यतन कराया जाए। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि मोर्टा निवासी अब्बास द्वारा अभी तक लगभग 7.3 मीट्रिक टन यूरिया खाद की खरीद की गई है, जबकि निरीक्षण तिथि तक लगभग 3.2 मीट्रिक टन यूरिया शेष पाया गया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

## किसानों संग मनाई बाबा महेंद्र टिकैत की पुण्यतिथि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शुक्रवार को शाहबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े नेताओं ने संगठन के संस्थापक किसान नेता बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 15 वीं पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने कहा कि बाबा टिकैत किसानों के सच्चे मसीहा थे, हम सभी को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। पुण्यतिथि के मौके पर संगठन विस्तर की भी चर्चा की गई। इस दौरान शाहबाद के हिम्मतपुर गांव निवासी सवाबुल हुसैन को भाकियू टिकैत युवा विंग का शाहबाद तहसील अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर चौधरी सुनील कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव, नरेंद्र यादव, राजवीर सिंह, किशन लाल, तेजपाल सिंह लोधी, महावीर सिंह धनगर, नन्हे खां, जगतपाल सिंह, राधेश्याम, प्रेम सिंह, नवल किशोर, छत्रपाल सिंह, विजयवीर सिंह, बन्नू यादव, सूखे अली, रऊफ बेग, तेजराम सिंह, नेमचंद्र, सोनू यादव, संजीव, नन्नू सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



पुण्यतिथि मनाते युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव और अन्य किसान। -जागरण मोर्चा।

## सार संक्षेप

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, चालक घायल

**बिलासपुर।** एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी,जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।यह हादसा हाईवे पर कोतवाली के निकट हुआ।नगर के मौहल्ला शीरी मियां निवासी गुलफाम (40) पेशे से ट्रक चालक हैं।गुलफाम अपना ट्रक नवीन मंडी के सामने खड़ा करके घर खाना खाने गए थे। बृहस्पतिवार की रात के वह अपनी बाइक द्वारा घर से मंडी की ओर जा रहे थे।हाईवे पर कोतवाली के पास सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि गुलफाम गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया और उसके चालक को भी हिरासत में ले लिया।वहां से गुजर रहे ढाकी गांव के प्रधान हीरा सिंह ने घायल गुलफाम को अपनी कार में लिटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. तारिक इमरान ने बताया कि गुलफाम के पैर में फ्रैक्चर हुआ है और सर्जरी की भी आवश्यकता है।इसी कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि घायल पक्ष की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप

**बिलासपुर।** एक युवक से कनाडा में ड्राइवर की नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े पांच लाख रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।पीड़ित को कनाडा का फर्जी वीजा थमाकर लाखों रुपये ऐंठ लिए गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज की है।केमरी क्षेत्र के निवासी राशिद हुसैन ने कोतवाली पुलिस तहरीर सौंपी। जिसमें उसने बताया कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात बिलासपुर निवासी गुरबाज सिंह और राशिद अली से हुई थी। इन दोनों ने उसे कनाडा में भारी वेतन पर ड्राइवरी की नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इसके एवज में वीजा, हवाई टिकट और कागजी कार्रवाई के नाम पर कुल 12.50 लाख रुपये की मांग की गई। झांसे में आकर उसने अलग-अलग तारीखों में दोनों आरोपियों को लगभग 5.50 लाख रुपये भी दे दिए। आरोप है कि पैसे लेने के बाद आरोपितों ने उसे कनाडा का एक वीजा दिखाया, जोकि पूरी तरह फर्जी था। काफी समय बीतने के बाद भी जब उसे विदेश नहीं भेजा गया, तो पीड़ित ने दिए गए अपने पैसे वापस मांगने शुरू कर दिए। दबाव बनाने पर आरोपियों ने उसे पांच लाख रुपये का एक चेक थमा दिया। पीड़ित ने जब दिए गए चेक को बैंक में लगाया, तो हस्ताक्षर

### युवा पीढ़ी आधी रात जागकर मोबाइल चलाने में व्यस्त

**रामपुर।** जामा मस्जिद में मौलवी एहतेसाम उल्लाह खां इमामा जामा मस्जिद ने कुतबे को खिताब फरमाते हुए कहा कि हुजूर ने 14 साल पहले कयायत आने से पहले दो निशानियां बताई थी। वह अब सामने आने लगी है। पूरी दुनिया में जुल्म हों रहे हैं और हरामेन खमोश है। उन्होंने कहा कि पहले बुजुर्गों की रिवायत है कि वक्त पर सोना, वक्त पर उठना, सुबह को कुरआन की तिलावत करना। जोकि आज नहीं हो रही है। युवा पीढ़ी आधी रात तक जागकर मोबाइल चलाने में व्यस्त है और हर शख्य बेचैन और परेशान है। नए-नए फितनों में घिरा हुआ है। जिसका कारण है मजहबी इस्लाम दीनी बातों से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने मुसलमानों से अपील कि वह दीनी बातों पर अमल करें। बच्चियों को पर्दे, हिजाब में ही रखें। इसके बाद नमाज ए जुमे अदा कराई। इसके बाद मुल्क में अमन-शांति के लिए दुआ कराई गई।



जामा मस्जिद में तकरीर करते एहतेसाम उल्लाह खां।

## डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक करेगी टीम

- जनपद में आज मनाया जाएगा डेंगू दिवस

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** डेंगू दिवस जनपद में आज मनाया जाएगा। इसको लेकर विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी है। डेंगू दिवस पर लोगों को जागरूक किया जाएगा कि वे सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस के रूप में मनाएं, जिसमें कूलर, गमलों, पुराने टायरों और पक्षियों के पानी के बर्तनों को पूरी तरह खाली कर सुखाया जाए। विभाग की निगरानी उन क्षेत्रों पर रहेगी।

जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने बताया कि डेंगू के रोकथाम, नियंत्रण एवं बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही के लिए उन्हें बताया जाएगा। घरों में उपयोग किए जा रहे कूलर, फ्रिज के पानी को प्रत्येक सप्ताह निकालकर, धो-पोंछ सूखाकर ही दोबारा प्रयोग किया जाए। ठीक इसी तरह फ्रिज के पीछे नीचे की ओर लगी ट्रे के पानी को हटाकर उसे उपयोग करें। ऐसे वस्त्र पहने जिससे शरीर का अधिकांश हिस्सा ढका रहे।

### जिला अस्पताल में 10, सीएचसी पर रहेंगे 5 बेड

राष्ट्रीय डेंगू दिवस को लेकर विभागीय की ओर से तैयारियां की गई है। जिसमें डेंगू, चिकनगुनिया रोगियों के लिए जिला अस्पताल में 10 बेड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 5 बेड उपलब्ध रहेंगे। साथ ही एलाइजा जांच केंद्र पर एसएसएच लैब क्रियाशील रहेगी। रसायनिक वेक्टर जैसे लार्विसाइडल छिड़काव, मच्छर प्रजन्न स्थलों का निरीक्षण कर जलपात्रों को खाली करया जाएगा।

## मारपीट व धारदार हमला मामले में रिपोर्ट दर्ज

**स्वार।** चार दिन पहले नगर पंचायत नरपतनगर दुन्दावाला में शिकंजी विक्रेता पर हुए धारदार हथियार से हमले के मामले में पुलिस ने महिला समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार नगर पंचायत नरपतनगर दुन्दावाला निवासी अकरम पुत्र जैनुल ने बताया कि सात मई की शाम करीब पांच बजे वह अपने शिकंजी के ठेले पर मौजूद था। आरोप है कि इसी दौरान अहसान, फुरकान, जलीस, हसीन जहां समेत दो अन्य लोग पुरानी रंजिश के चलते वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के अनुसार हसीन जहां ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जबकि अन्य आरोपियों ने भी मारपीट की। शोर होने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक सूरज सिंह चौहान को सौंपी है।

### बाइक चोरी के मामले में दर्ज की रिपोर्ट

**स्वार।** साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। मामले में करीब 16 दिन बाद पीड़ित ने थाना स्वार में तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के मझरा खुशहालपुर निवासी रिफाकत पुत्र शराफत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 28 अप्रैल की शाम करीब चार बजे ग्राम मानपुर उत्तरी में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में स्प्लेंडर यूपी22 एएस 3822 से सब्जी खरीदने गया था। बाजार में बाइक लॉक कर खड़ी करने के बाद वह सब्जी लेने चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद वह लगातार अपने स्तर से बाइक की खोजबीन करता रहा। बाइक नहीं मिलने पर गुरुवार को थाना स्वार पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बाइक चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## परम माइनर पर पक्की सड़क की मांग, सीएम को भेजा ज्ञापन

- ढाई किमी कच्ची सड़क पर गहरे गड्ढे, रोज हादसों का खतरा, 20 हजार जनता को होगा लाभ



जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** राष्ट्रीय राजमार्ग-24 से परम माइनर को जोड़ने वाले मार्ग पर ढाई किमी कच्ची सड़क को पक्का कराने की मांग को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी को मिलक को सौंपा

ज्ञापन में बताया कि एनएच-24 से दुगनपुर, जादौपुर, मझरा लाडपुर, भौनकपुर, बेगमाबाद, रहपुरा व कुन्दनपुर होते हुए मिलक पटवाई मार्ग से पक्का रोड परम माइनर तक बना है लेकिन मझरा लाडपुर से बेगमाबाद मोड़ तक लगभग ढाई किमी हिस्सा मिट्टी का है। इसमें गहरे-गहरे गड्ढे हैं, जिससे आए दिन हादसे होने का खतरा बना रहता है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि यह ढाई किमी सड़क पक्की डामर रोड बन जाए तो लगभग 20 हजार जनता को जिला मुख्यालय रामपुर तक सीधे पहुंचने में सहूलियत होगी।

साथ ही एनएच-24 से रामपुर की दूरी भी लगभग 10 किमी कम हो जाएगी।यह ज्ञापन जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रामपुर पूनम गंगवार, नगर प्रभारी मिलक बृजपाल, ब्लॉक अध्यक्ष किसान मोर्चा कृष्णपाल, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा चौधरी जिला उभारी, सदस्य जिला पंचायत नरायनदास, तहसील अध्यक्ष डेशम राजपूत, वार्ड अध्यक्ष सुनीता, सदस्य भगवानदास, मधु गंगवार, भीमकला सहित कई लोगों के हस्ताक्षर है।

**बैठक** रिफ्लेक्टर लाइट और साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश

# सड़क हादसे में घायलों को मिलेगा 1.50 लाख तक कैशलेस इलाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद की सीमा के अंतर्गत मार्गवार सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए नए ब्लैक स्पॉट घोषित करने, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान बताया कि जनपद में कुल 14 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि इन ब्लैक स्पॉटों पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

मुख्य विकास अधिकारी ने मुरादाबाद एवं रुद्रपुर एनएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जीरो प्वाइंट शहजादनगर से बिलासपुर, बरेली एवं मुरादाबाद की ओर जाने वाले प्रमुख चौराहों से पहले पर्याप्त संख्या में रोड रिफ्लेक्टर लाइटें लगाई जाएं, ताकि वाहन चालकों को पहले से मार्ग की स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो सके तथा रात्रि के समय दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि हाईवे पर लगाए जाने वाले फ्लेक्सी बोर्डों पर नजदीकी अस्पतालों के संपर्क नंबर अनिवार्य रूप से अंकित किए जाएं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करने में सुविधा हो सके।बैठक में प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती किए जाने पर 1.50 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ समय से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने पुलिस विभाग, एआरटीओ एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के प्रभावी संचालन हेतु ई-डार एवं टीएमएस प्रणाली के माध्यम से दुर्घटनाओं एवं उपचार संबंधी सूचनाओं का डिजिटल समन्वय अनिवार्य रूप से किया जाए। संबंधित पुलिस अधिकारी द्वारा ई-डार पोर्टल पर समय से विवरण अपलोड किया जाए। जिससे अस्पतालों द्वारा घायल व्यक्तियों का कैशलेस उपचार तत्काल प्रारम्भ किया जा सके। साथ ही योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने एनएचआई को आवश्यक मार्गों पर पर्याप्त संख्या में स्पष्ट साइनेज बोर्ड एवं रोड मार्किंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी संकेतक स्पष्ट एवं मानक के अनुरूप होने चाहिए, जिससे वाहन चालकों को मार्ग संबंधी जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके।



बैठक को संबोधित करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा।

### सीट बेल्ट एवं हेलमेट संबंधी विशेष अभियान चलाने के निर्देश

सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी ने एआरटीओ एवं प्रभारी अधिकारी यातायात को सीट बेल्ट एवं हेलमेट संबंधी विशेष अभियान चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अधिकाधिक चालान की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने विद्यालयों में भी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने पर बल देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके।बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग गौरव सिंह, एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव, यात्रीकर अधिकारी होरी लाल वर्मा, डिस्ट्रिक रोल आउट मैनेजर मोहम्मद नाजिम प्रभारी अधिकारी यातायात सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




## एक नजर

### जेठ जेठानी पर देवरानी का सिर फोड़ने का आरोप

**बिलासपुर।** देवरानी-जेठानी के बीच विवाद मारपीट में बदल गया ।आरोप है कि जेठ-जेठानी ने देवरानी का सिर फोड़ दिया ।पुलिस ने घायल महिला का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार व मेडिकल मुआयना कराया है ।यह घटना रामनगरिया गांव में हुई। बृहस्पतिवार की रात गांव निवासी हरिओम की पत्नी प्रियंका का अपनी जेठानी से झगड़ा हो गया ।जेठ ने भी बीच में आकर हस्तक्षेप किया। इसके बाद विवाद बढ़ने पर जेठ-जेठानी ने देवरानी को मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान देवरानी के सिर पर किसी चीज से वार किया गया, जिससे वह गंभीर घायल हो गई ।प्रियंका ने बताया कि उनके परिवार पर जमीन सम्बंधी कर्जा चढ़ा हुआ है,वह उसे निपटाने की बात कर रही है, जिसको लेकर विवाद हो गया था ।उस समय उनके पति घर पर नहीं थे ।पुलिस ने घायल महिला का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज व डॉक्टरी परीक्षण कराया है ।सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. तारिक इमरान ने बताया कि महिला के सिर में गंभीर चोट लगी हैं और शरीर में गुम आई है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच के उपरांत ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### कोर्ट से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर वारंटी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** थाना खजुरिया पुलिस ने कोर्ट से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। शुक्रवार को थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि थाने के उप निरीक्षक संजय कुमार की टीम ने कैलाश पुत्र ईश्वर चंद निवासी कंचनपुर धावनी बुजुर्ग को उसी के मस्कन से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया उसके विरुद्ध न्यायालय में वाद विचाराधीन है और वह तारीखों पर हाजिर नहीं हो रहा था।



# पब्लिक ट्रांसपोर्ट और साझा वाहनों से करें फील्ड विजिट, अधिकारी छोड़ें अपनी सरकारी गाड़ियां: डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामपुर। डीएम ने आम जनता से अपील की है। युद्ध के हालात में जिम्मेदारी से ईंधन बचाएं। जिले में गैस-पेट्रोल का पर्याप्त भंडार मौजूद, लेकिन संयम बरतना भी बेहद जरूरी है। मध्य पूर्व में कई महीनों से जारी युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक तेल संकट की आंच अब स्थानीय प्रशासनिक स्तर तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने ईंधन बचाने के लिए एक कड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है।

उन्होंने जनपद के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अनावश्यक सरकारी फ्लीट का मोह छोड़कर फील्ड विजिट के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' जैसे महत्वपूर्ण मौकों पर भी अलग-अलग गाड़ियों के बजाय साझा वाहनों (कारपूलिंग) का इस्तेमाल अनिवार्य कर दिया गया है। प्रशासन ने आम जनता को आश्वस्त किया है कि ईंधन का भंडार पर्याप्त है, लेकिन मौजूदा वैश्विक अनिश्चितता को देखते हुए संयम और बचत समय की सबसे बड़ी मांग है।जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट हिदायत दी है कि अब फील्ड विजिट के दौरान अधिकारी अपनी अलग-अलग सरकारी गाड़ियां दौड़ाने के बजाय एक नई कार्यसंस्कृति अपनाएंगे। विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर एक ही वाहन (साझा वाहन) से निरीक्षण और दौरे करने होंगे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का ही उपयोग करें। बहुत अधिक और अपरिहार्य आवश्यकता होने पर ही सरकारी वाहन गैराज से बाहर निकाला जाएगा। इस फैसले का सीधा असर जिले में रोजाना जलने वाले सैकड़ों लीटर सरकारी ईंधन की बचत के रूप में देखने को मिलेगा।

**ऊपर से मिले निर्देश, एक्शन में आया स्थानीय प्रशासन**

यह पूरी कवायद केंद्र और प्रदेश सरकार की दूरगामी रणनीति का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम ईंधन बचाने के विशेष आह्वान के बाद, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मंत्रियों और आला प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि वे अपने सरकारी फ्लीट (गाड़ियों का काफिला) को कम करें। शासन की इसी मंशा को धरातल पर उतारते हुए डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने जिले स्तर पर यह शासनादेश जारी किया है, ताकि वैश्विक संकट की इस घड़ी में देश के संसाधनों को सुरक्षित और संरक्षित रखा जा सके ।जनपदवासियों से आग्रह किया है कि वे भी निजी वाहनों का मोह त्याग कर सार्वजनिक परिवहन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। हालांकि, डीएम ने किसी भी तरह की पैनिक स्थिति को टालते हुए स्पष्ट किया है कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि देश और प्रदेश में गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त और सुरक्षित भंडार उपलब्ध है। फिर भी, युद्ध के कारण पैदा हुई वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और संयम के साथ ईंधन का इस्तेमाल करना होगा।

**सम्पूर्ण समाधान दिवस के लिए विशेष रणनीति**

प्रशासन की यह नई ईंधन बचत नीति केवल आम दिनों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' और अन्य बड़े सरकारी कार्यक्रमों में भी पूरी सख्ती के साथ लागू किया जाएगा। आमतौर पर इन आयोजनों में हर विभाग के अधिकारी अपनी अलग-अलग गाड़ियों से पहुंचते हैं, जिससे भारी मात्रा में ईंधन खर्च होता है। अब डीएम के निर्देशानुसार, सभी विभागों को एक तय रूट मैप और आपसी समन्वय बनाकर संसाधनों का साझा उपयोग करना होगा। इससे अनावश्यक ईंधन खर्च पर पूरी तरह से ब्रेक लग सकेगा।

# नीट का पेपर लीक प्रकरण के विरोध में कांग्रेसियों ने विरोध जताते हुए किया प्रदर्शन

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा, दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** देशभर में चर्चित नीट 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक एवं अनियमितताओं के विरोध में जिला कांग्रेस के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा।



डीएम को ज्ञापन सौपतें कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं छात्र-युवाओं ने परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई तथा युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करने की मांग की।जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा ने कहा कि देश का युवा वर्ग दिन-रात कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार अपने बच्चों की शिक्षा के लिए कर्ज तक लेते हैं और वर्षों तक मेहनत कराते हैं, लेकिन जब परीक्षा से पहले पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती हैं तो लाखों छात्रों की मेहनत, सपने और भविष्य एक झटके में प्रभावित हो जाते हैं। यह केवल परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के विश्वास पर गंभीर हमला है। लगातार पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने और भर्ती प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार जैसी घटनाओं से युवाओं में निराशा और आक्रोश बढ़ रहा है। यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो प्रतिभाशाली छात्र व्यवस्था से विश्वास खो देंगे।ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा पेपर लीक में शामिल शिक्षा माफिया, दलालों, अधिकारियों एवं अन्य दोषियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही परीक्षा प्रणाली को पूर्णतः सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकी सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।कांग्रेस नेताओं ने यह भी मांग की कि यदि जांच में व्यापक अनियमितताएं सिद्ध होती हैं तो परीक्षा पुनः निष्पक्ष वातावरण में आयोजित की जाए तथा पीड़ित विद्यार्थियों को मानसिक एवं आर्थिक राहत प्रदान की जाए।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि युवाओं के भविष्य की रक्षा करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। छात्रों की मेहनत और सपनों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी युवाओं के अधिकारों और न्याय की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी।

**यह रहे मौजूद**

निक्कू पंडित, बाकर अली खान,शकील मंसूरी, साहिर रजा खां, नोमान मुमताज़ खां, चितरंजन प्रसाद, ,राजेश कुमार लोधी, मोहम्मद जकी, इमरान पाशा, तंजुल शर्मा,फरीद खां, रामगोपाल कटारिया,कपिल चौधरी, आसिफ खां, मोबिन अन्सारी, भूरा खां आदि उपस्थित रहे

# शिविर में 62 लाभार्थियों का का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



चिकित्सा शिविर में परीक्षण करते चिकित्सक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के दिशा निर्देश में राजकीय यूनानी चिकित्सालय किरा व राजकीय यूनानी चिकित्सालय टांडा बंशीधर की ओर से आयुष के अंतर्गत आउटरीच कैंप का आयोजन शिव, काली माता के मंदिर के निकट ग्राम खनूपूरा में किया गया।

डॉ. रिज़वान मंसूर खां ने कैंप में दिखाने आए लाभार्थियों का स्वस्थ परीक्षण एवं स्क्रीनिंग किया। उनके रोग व लक्षण के अनुसार औषधियां वितरित की गईं। उनके पौष्टिक आहार और योग को जीवन शैली में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

आउटरीच कैंप को सफल बनाने में खनूपूरा निवासी गोधन का अहम योगदान रहा। शिविर में 62 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। जिसमें पुरुष 26, महिला 24 और 12 बच्चे का परीक्षण किया।

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी किरा, टांडा बंशीधर डॉ. रिज़वान मंसूर खां, राजकीय यूनानी चिकित्सालय किरा व टांडा बंशीधर से भ्रत्य रूबी उपस्थित रहे।

# साइकिल चलाकर नगर पालिका पहुंचे ईओ



साइकिल चलाकर पालिका आते ईओ व अन्य। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शुक्रवार को ईंधन बचत और स्वदेशी अपनाने का संदेश देने के लिए अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने साइकिल चलाई। वे अपने आवास से सीधे नगर पालिका पहुंचे। इस दौरान पालिका के कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

ईओ ने पर्यावरण संरक्षण, पेट्रोल-डीजल की बचत और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया। रास्ते भर ने ईओ का स्वागत किया और उनके इस अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। छोटे प्रयास भी राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। वह एलआईसी रोड से शिवि टाकिज- शाहबाद गेट होते पालिका पहुंचे। जहां उनका सभासदों और कर्मचारियों ने स्वागत किया। इस दौरान कार्यवाहक कर अधीक्षक शमीम अहमद, जलकल अभियंता मूलचंद पटेल मौजूद रहे।

## एसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग

**स्वार।** केंद्रीय लोक शिकायत के प्रवक्ता व समाज सेवी साहिल गुल ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। जिसमें स्वार रामपुर बाजपुर मार्ग पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे भारी वाहनो के संबंध मे अवगत कराया। साहिल ने पत्र में कहा है कि स्वार बाजपुर मार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है तथा दोनों साइड पर कंक्रीट व पत्थर बिछाया जा रहा है जिस कारण बड़े वाहन से छोटे वाहनों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है, चूंकि ये मार्ग नैनीताल को जोड़ता है। उत्तराखंड सीमा से जुड़ा है। गर्मी होने के कारण टूरिस्ट आवागमन भी बढ़ गया है ।मार्ग पर ट्रैफिक भी काफी बढ़ गया है, ऐसे में तेज रफ्तार से दौड़ रहे ट्रक व डंपरों से लोगों की जान को खतरा बना रहता है। तेज गति से अनियंत्रित तरीके से नियमों को ताक पर रख कर मिर्चों से लदे ट्रक व डंपर यातायात के नियमों का भी उल्लंघन कर रहे हैं। साहिल गुल ने कहा कि समाज हित में वाहन चालकों पर कार्रवाई करना आवश्यक है।

# 17 किमी. की 9 सड़कों का नवीनीकरण कार्य हुआ शुरू




डायमंड रोड स्थित लोनिवि कार्यालय। -जागरण मोर्चा

- **बिटुमन के रेट अधिक होने के कारण रूक गए थे कार्य**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग द्वारा 17 किलोमीटर 9 सड़कों पर नवीनीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसमें शहर, शाहबाद क्षेत्र की सड़कें शामिल है। इसको लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा नवीनीकरण कार्य आरंभ करा दिया है।

पिछले दिनों बिटुमन के रेट अधिक होने की वजह से प्रांतीय, निर्माण खंड के कार्यो को रोक दिया गया था। लेकिन अब नीति के परिवर्तन के चलते सड़कों पर नवीनीकरण कार्य शुरू करा दिया गया है। जिसमें शहर के दोमहला रोड, शुतरखाना, मिस्टन गंज, जेल रोड, ईदगाह गेट से एनएच 87, शाहबाद टांडा से ओसी तक, रामपुर-शाहबाद रोड से बकैनिया, एनएच चमरौआ, किशनपुर से मझरा, लश्कर गंज, शाहबाद से मझरा करैथी सड़क का नवीनीकरण कार्य शुरू करा दिया गया है। सहायक अभियंता हर्षित जैन से बताया कि नीति में परिवर्तन के कारण रूके हुए कार्यो को शुरू करा दिया गया है इसमें 9 सड़क और 17 किलोमीटर की है।

## डिग्री कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षा 16 मई से शुरू

**मिलक।** नगर के बिलासपुर रोड पर स्थित डॉ. रामबहादुर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज ने बीए,बीएससी,बीएससी गृहविज्ञान चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर की मुख्य प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं।कॉलेज प्रशासन द्वारा बताया परीक्षाएं 16 मई से शुरू होकर 21 मई तक चलेंगी।16 मई को चित्रकला बीए 4 व 6 सेमेस्टर सुबह 9 बजे से, 19 मई को राजनीति शास्त्र बीए 6 सेमेस्टर, गृहविज्ञान बीए 4 व 6 सेमेस्टर, गृहविज्ञान बीएससी गृहविज्ञान 4 व 6 सेमेस्टर सुबह 9 बजे से 20 मई को वनस्पति विज्ञान बीएससी 4 व 6 सेमेस्टर सुबह 7 बजे से 21 मई को रसायन विज्ञान बीएससी 4 व 6 सेमेस्टर सुबह 9 बजे से कॉलेज प्रबंधन ने सभी छात्रों को निर्धारित तिथि और समय पर परीक्षा में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## सार संक्षेप



दुकान पर बच्चो से जानकारी लेते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

### 2 बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराया

**रामपुर।** अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास किशोर बाल, मानव तस्करी, श्रम उन्मूलन, थाना एएचटीयू पुलिस, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा बालश्रम उन्मूलन अभियान, बालभिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बालविवाह तथा महिलाओ से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ जनजागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान थाना क्षेत्र गंज व थाना केमरी में होटल ढाबा, कारखाना मोटरसाइकिल दुकान अन्य दुकानों आदि से 2 बच्चो को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराकर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी। इसी क्रम में भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवायोजकों को बाल श्रम अधिनियम के बारे बताया गया एवं बालश्रम रोकथाम से सम्बन्धित,मेडिकल स्टोर , मुख्य चौराहों ,होटल, ढाबा मालिको को हिदायत किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए, ऐसा करना दंडनीय अपराध है ।



युवक का स्वागत करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### फूल माला पहनाकर किया स्वागत

**रामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रहे राहुल कुमार को आर्मी ट्रेनिंग पर जाने पर पटका पहनाकर, पुष्पमाला माला अर्पित करके स्वागत किया ।इस दौरान उनको भगवान कृष्ण का छाया चित्र देकर बधाई दी। इस मौके पर जिला संयोजक संजय सैनी,मनोज सैनी,अमित,आकाश,रोहित आदि मौजूद रहे।

### रंजिश में पिता-पुत्री को पीट कर किया घायल

**मिलक।** रंजिश के चलते एक ही परिवार के दबंगों ने पिता-पुत्री पर हमला कर दिया। इस हमले में युवती और उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया घटना की तहरीर चार लोगों के विरुद्ध दी गई है ।घटना की नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोहापट्टी भागीरथ निवासी कौशल पुत्र अनोखेलाल की उसकी बहन घर के बाहर मोड़ पर खड़ी थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही उनके ताऊ के लड़के वहां पहुंचे ।पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे ।जब गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर ताऊ और तहेरे भाई भी लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। कौशल का आरोप है कि जब वह और उसके पिता अनोखेलाल अपनी बहन को बचाने दौड़े तो उक्त सभी लोगों ने उन पर भी हमला बोल दिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस लाइन में हुआ ड्रिल का अभ्यास



पुलिस लाइन में अभ्यास करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन ग्राउंड में दंगा नियंत्रण ड्रिल एवं बलवा ड्रिल का आयोजन किया ।ड्रिल में जनपद के पुलिस बल द्वारा विभिन्न टीमें गठित कर दंगा,बलवा नियंत्रण के दौरान अपनायी जाने वाली सभी विधिक कार्यवाहियों एवं टैक्टिकल उपायों का क्रमबद्ध अभ्यास किया ।ड्रिल के दौरान पुलिस बल को भीड़ नियंत्रण, उपद्रवियों को नियंत्रित करने, आंसू गैस एवं अन्य दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रभावी उपयोग, बल प्रयोग की वैधानिक प्रक्रिया तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी अधिकारी,कर्मचारियों को संवेदनशील परिस्थितियों में संयम, सतर्कता एवं अनुशासन के साथ कार्य करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**कार्यक्रम** प्रमुख आचार्य चंद्रकेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को उनके कर्तव्यों के बारे में दी जानकारी

# सरस्वती विद्या मंदिर में हुई शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को विद्या भारती योजना के अंतर्गत संचालित छात्र संसद व कन्या भारती के पदाधिकारियों एवं सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के उप प्रबंधक हरिओम अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता बाबूराम गंगवार और प्रधानाचार्य आनंद पाल सिंह ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्र संसद के प्रमुख आचार्य चंद्रकेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। कन्या भारती की प्रमुख पदाधिकारी के रूप में सरिता गंगवार को प्रधानमंत्री, रितिका गंगवार को अनुशासन प्रमुख, महक गंगवार को अध्यक्ष और निधि कश्यप को नेता विपक्ष नियुक्त किया गया।छात्र संसद में सूर्यांश पांडे को प्रधानमंत्री, निशांत गंगवार को अनुशासन प्रमुख, रूपेश कुमार को संसद अध्यक्ष और कपिल कुमार को नेता विपक्ष चुना गया। सभी को तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूराम गंगवार ने शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य आनंद पाल सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में कन्या भारती व छात्र संसद का गठन छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए किया जाता है ।उप प्रबंधक हरिओम अग्रवाल ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि चुने गए छात्र-छात्राएं देश व समाज में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। कार्यक्रम का संचालन संसद विभाग प्रमुख चंद्रकेश सिंह ने किया।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### पेट्रोल-डीजल कीमतों में बढ़ोतरी से निर्यात उद्योग पर बढ़ेगा बोझ: नवेद उर रहमान



**मुरादाबाद।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में की गई बढ़ोतरी का असर अब निर्यात उद्योग पर भी दिखाई देने लगा है। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेद उर रहमान ने इस पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद के हैंडीक्राफ्ट उद्योग में डीजल का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। ईंधन की कीमतों में वृद्धि से उत्पादन लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर निर्यात कारोबार और उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर पड़ेगा।नवेद उर रहमान ने कहा कि बढ़ी हुई ईंधन कीमतें निर्यातकों को सीधे तौर पर प्रभावित कर रही हैं। मौजूदा परिस्थितियों में उद्योग को राहत देने के लिए सरकार को सकारात्मक कदम उठाने चाहिए, ताकि निर्यात गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहें।

# प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं को मिलेगी डिजिटल व वैचारिक मजबूती

## संजीवनी पैलेस में किया गया पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' का भव्य आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



संजीवनी पैलेस में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान कार्यक्रम में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा



कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी व कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशव्यापी आह्वान पर शुक्रवार को नगर के आजाद रोड स्थित संजीवनी पैलेस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में जिले के प्रमुख पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंजीकरण के बाद प्रदर्शनी उद्घाटन उसके बाद वर्ग गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने सभी को प्रशिक्षण वर्ग की महत्ता बताई और कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता सदैव अनुशासन का पालन करते हैं। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, हमारी पार्टी भारत माता के सम्मान के लिए कार्य करती है, हम दुनिया में श्रेष्ठ माने जाते थे, दुनिया से लोग यह शिक्षा ग्रहण करने आते थे, बाद में हमारी संस्कृति और शिक्षा पद्धति को खराब करने का कार्य विधर्मीयों ने किया, लेकिन कोई भी इसमें सफल नहीं हो सका। आज हमारी पार्टी बूथ स्तर तक जा कर कार्य करती है। हम बूथ कमेटी तक जा कर समाज में सामंजस्य बैठाने का कार्य करते हैं। समाज के हर वर्ग में जाकर कार्य करने का कार्य करते हैं, कभी कोई जयंती मनाते है कभी चौपाल लगाते हैं समझने हमेशा स्थाई एवं अस्थाई रूप से कार्य करते हैं हर बूथ पर नियमित रूप से अभियान को लेकर कार्य किया जाता है। इसके साथ छोटी छोटी टोली बनाकर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जाता है। बैठक में सभी को अलग अलग जिम्मेदारी दी जाती है तभी सफलतम कार्य किया जाता है तभी समाज में बदलाव महसूस किया जाता है। संगठन का विस्तार केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं अपितु समाज में राष्ट्र चेतना जगाने के लिए है भारतीय जनता पार्टी सदैव उसके लिये प्रयत्न करती है। आज दुनिया में हमारी जय जयकार हो रही है, इसके लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों का फल है। आज उन्होंने भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि में मुस्लिम भाइयों से कहना चाहता हूं कि अपना आदर्श बनाना है तो बीर अब्दुल हमीद और अब्दुल कलाम को बनाओ। राजा वर्मा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों और संगठन की मजबूती के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। जिससे स मय समय पर देश के समक्ष चुनौतियां का सामना किया जा सके। एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त ने विचार परिवार को लेकर विस्तार में बताया, इसके साथ चतुर्थ सत्र में डा. पुष्कर मिश्रा (प्रदेश संयोजक तकनीकी शोध विभाग) ने वैचारिक अधिष्ठान के विषय में बताया। पंचम सत्र में अनूप वाल्मीकि (क्षेत्रीय मंत्री/ सह संयोजक प्रशिक्षण अभियान) ने स्थाई कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन, मन की बात के विषय में विस्तार से बताया।

षष्ठम सत्र में गोपाल अंजान (एमएलसी) ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभा दर्शन के विषय में जानकारी दी। अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण महाभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के वैचारिक शुद्धिकरण और उन्हें आधुनिक समय की चुनौतियों से लड़ने के लिए तैयार करने का एक सशक्त माध्यम है। हमें तकनीक का उपयोग कर विपक्ष के भ्रामक नैरेटिव का करारा जवाब देना है। प्रशिक्षण शिविर के अंत में कार्यकर्ताओं ने सामूहिक संकल्प लिया कि वे संगठन की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को बूथ स्तर तक ले जाएंगे। प्रशिक्षण वर्ग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने एवं संचालन जिला महामंत्री हरिओम शर्मा ने किया। इस दौरान मोहन लाल सैनी, हेमंत राजपूत, राजेश सिंघल, ओमवीर सिंह खड़गबंशी, भीष्म शर्मा, डा. नरेंद्र सिंह, मंजू दिलेर, अजीत कुमार उर्फ राजू, अंकित जैन, मनोज कठैरिया, मुकुल रस्तोगी, डा. टीएस पाल, गीता प्रधान, परमेश्वर लाल सैनी, शिल्पी गुप्ता, चंद्रपाल सिंह, सौरभ गुप्ता, सोनू चाहल आदि मौजूद रहे।

# न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषी को सुनाई 10 वर्ष कारावास की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ दोषी पर 50 हजार रुपये अर्थदंड भी डाला

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषी को 10 वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि थाना गुन्नौर निवासी एक व्यक्ति ने 11 फरवरी 2025 को थाने में तहरीर दी। उसकी 15 वर्षीय पुत्री शौच करने करने खेत में जा रही थी। वहां पर आरोपी अवधेश ने किशोरी को जोर जबरदस्ती से पकड़ लिया और गिरा लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब वह जोर से चिल्लाई तो उसने मुंह बंद कर दिया। वह रोते हुए घर पहुंची और अपने माता-पिता को घटना बताई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अवधेश के विरुद्ध पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इसके बाद विवेचक ने मुकदमें की विवेचना प्रारंभ कर दी। विवेचना के बाद विवेचक ने चार्चशीट न्यायालय में जमा कर दी। उक्त मुकदमें की सुनवाई न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) / अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई। जिसमें न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना। न्यायालय पाक्सो एक्ट में आरोपी अवधेश को दोषी पाया। न्यायालय ने दोषी को पाक्सो एक्ट में 10 वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# सांडर्स हत्याकांड: भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी

जागरण मोर्चा कार्यालय



शहीद सुखदेव व पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पित करते। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद सुखदेव एवं सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं ने दोनों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि स्वंतत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद सुखदेव शहीद भगत सिंह, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद के मित्र थे। जलियां वाला बाग हत्याकांड के बाद शहीद भगत सिंह ने नौजवान सभा बनाई जिसके क्रांतिकारी सुखदेव सक्रिय सदस्य बनकर देश की आजादी को किशोरो को तैयार करने लगे। 1928 मे साइमन कमीशन आया। जिसके विरोध में क्रांतिकारी लाला लाजपतराय शांतपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे तब अंग्रेज अधिकारी जेपी सांडर्स ने लाठीचार्ज कराया जिसमें क्रांतिकारी लाला लाजपतराय गंभीर घायल हुए जिसके बाद उनकी मृत्यु हो गई। तब क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद ने जेपी सांडर्स को मारने का प्रण लिया और एक महीने में क्रांतिकारियों ने सांडर्स की हत्या कर दी। असेंबली पर बम फेंके और बाद में उन्हे गिरफतार कर लिया गया। जेपी सांडर्स की हत्या में क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई गई। क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव ने मेरा रंग दे बसंती चोला गाते हुए 23 मार्च 1931 को फांसी के तख्ते को चूम लिया। कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान जब 11 बर्ष के थे तब आपके पिता का निधन हो गया था तो उनको गद्दी सौंप दी। उन्होंने मोहम्मद गौरी को युद्ध में हराया। लेकिन 1192के युद्ध में मोहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान को हराकर बंधक बना लिया और यातनाएं दी। सम्राट पृथ्वीराज चौहान अंतिम हिंदू शासक थे। इस दौरान रामकिशोर अग्रवाल एड, वर्षा गर्ग (प्रधानाचार्य), सुरेश चंद्र शर्मा, ब्रह्म स्वरूप शर्मा, डा. जितेन्द्र वर्मा, गेंदनलाल, दिव्यांशु वार्ष्णेय, रजनी वार्ष्णेय, स्वाति अग्रवाल, मीरा कुमारी, ज्योति शर्मा, प्रियंका, योगिता, आरती, नंदनी, रोशनी, कमलेश, नेहा, खुशी, भजन लाल ने विचार व्यक्त किए।

# दो बाइकों की साइड लगने पर महिला घायल, रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ जारई चौराहा पर हुआ हादसा, दूसरी बाइक सवार दो युवक हुए फरार

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई में गुरुवार की रात 8.30 बजे साइड लगने से दो बाइक गिर गई। जिसमें एक बाइक पर सवार दंपती घायल हो गए। जिन्हें उपचार को सीएचसी लाया। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो युवक फरार हो गए।

थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव मैथरा निवासी जीतू अपनी पत्नी अमरवती के साथ बुधवार की शाम बाइक पर सवार होकर ससुर को देखने जारई रोड स्थित निजी हास्पिटल में गया था। रात 8.30 बजे जीतू ससुर का हाल-चाल लेने के बाद अपनी पत्नी के साथ बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। जब बाइक सवार कुछ आगे निकले ही था, तभी जारई चौराहा पर दूसरी बाइक ने जीतू की बाइक को साइड मार दी। हादसे में दोनों बाइक पलट गई और दोनों बाइकों पर सवार लोग गिर गए। हादसे में जीतू व उसकी पत्नी घायल हो गए। जिन्हें ई-रिक्शा से उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो युवक घटना के बाद फरार हो गए।

# 91 किलो मादक पदार्थ किया नष्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



मादक पदार्थों को पुलिस मौजूदगी में किया गया विनिष्टीकरण। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन व पुलिस महानिदेशक निर्देश पर नया मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने को जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन दहन के तहत शुक्रवार को कार्रवाई की गई। जिसमें जनपद के थाना बहजोई, चन्दौसी, नखासा व धारी से संबंधित 15 अभियोगों में न्यायालय के आदेशानुसार निस्तारित किए गए 91.280 किलोग्राम (अनुमानित मूल्य 9372500) अवैध मादक पदार्थों (डोडा, स्मैक आदि) का विनिष्टीकरण किया गया। पुलिस की ओर से विषाक्त पदार्थों के सुरक्षित निस्तारित को निर्धारित मानकों का पालन करते हुए चक्रण प्राइवेट लिमिटेड बबराला में संपन्न हुई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा नियमों को ध्यान में रखते हुए उच्च क्षमता वाले इंसीनरेटर के माध्यम से इन पदार्थों का विनिष्टीकरण किया गया।

उक्त विनिष्टीकरण प्रक्रिया अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत की मौजूदगी एवं गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में कार्रवाई पारदर्शी तरीके से फोटो एवं वीडियोग्राफी कराकर पूर्ण कराई गई। आपरेशन दहन के माध्यम से पुलिस यह स्पष्ट संदेश दे रही है कि जनपद में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार को किसी भी कीमत पर फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति के तहत भविष्य में भी इस प्रकार की निस्तारण कार्रवाई जारी रहेगी। इस अवसर पर प्रभारी नार्कोटिक निरीक्षक कश्मीर सिंह यादव, मृगनेंद्र प्रताप सिंह व संबंधित थानों के हेडमोहर्रिर मौजूद रहे।

# अमृतसर से न्यू जलपाईगुड़ी तक अब नियमित चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर स्पेशल एक्सप्रेस को अब नियमित रूप से अमृत भारत एक्सप्रेस के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे

सीनियर डीसीएम महेश यादव ने बताया कि ट्रेन संख्या 04654/04653 को अब ट्रेन संख्या 14664/14663 अमृत भारत एक्सप्रेस के रूप में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 14664 अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन अमृतसर से 14 मई 2026 से प्रत्येक गुरुवार को किया जाएगा, जबकि ट्रेन संख्या 14663 का संचालन न्यू जलपाईगुड़ी से 16 मई 2026 से प्रत्येक शनिवार को शुरू होगा। यह ट्रेन पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी। मुरादाबाद स्टेशन पर ट्रेन संख्या 14664 रात 9:20 बजे पहुंचेगी और 9:30 बजे रवाना होगी। वापसी में ट्रेन संख्या 14663 मुरादाबाद स्टेशन पर दोपहर 3:20 बजे पहुंचेगी और 3:30 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन अमृतसर, जालंधर सिटी, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, रक्सौल, सीतामढ़ी, सकरी, अररिया, सिलीगुड़ी सहित कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ठहरेगी। उनका कहना है कि इस ट्रेन के नियमित संचालन से पूर्वोत्तर भारत, बिहार और उत्तर प्रदेश के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# आश्रय गृह का तीन दिवसीय सोशल ऑडिट

जागरण मोर्चा कार्यालय



मानसिक मंदित आश्रय गृह में रहने वालों से जानकारी करते टीम के सदस्य।

▶ पांच सदस्यीय जांच टीम को निरीक्षण में सब कुछ मिला सही

**चन्दौसी।** जनपद में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा अनुदानित सर्व हिताय संस्थान के नगर के गणेश कालोनी में संचालित मानसिक मंदित आश्रय गृह सह-प्रशिक्षण केंद्र का सोशल आडिट जिलाधिकारी सम्भल द्वारा गठित पांच सदस्यीय टीम द्वारा किया गया।

जिसमें अनुपमा सिंह अध्यक्ष द्वारकाधीस प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति बनियाखेड़ा की अध्यक्षयता में टीम के सदस्य सुरेंद्र पाल, संगीता भार्गव, पिंकी, ज्योति ने संस्था द्वारा वर्ष 2025-26 में प्राप्त अनुदान का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप हुआ है या नहीं व लाभार्थियों को योजनाओं का वास्तविक लाभ प्राप्त हो रहा है, या नहीं तथा अभिलेखों एवं वित्तीय विवरणों की सत्यता एवं पारदर्शिता एवं संस्था द्वारा कराये जा रहे कार्यों का भौतिक सत्यापन जैसे बिन्दुओं पर किया गया। संगीता भार्गव द्वारा पाया गया कि केंद्र का संचालन किराए के भवन में किया जा रहा है। जो संवासी के लिए सुविधाजनक है। केंद्र में निवासरत संवासियों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता एवं भोजन प्रतिदिन सुबह शाम निर्धारित समय पर दिया जाता है। भोजन की गुणवत्ता सन्तोषजनक पाई गई। इसके साथ मिलने वाली लाभार्थियों को सभी सुविाएं भी सही मिली। टीम के सदस्यों ने संस्था समन्वयक को सुझाव दिया कि नियमित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, पानी की टंकी के पास समय-समय पर चूने का प्रयोग किया जाये।

# डॉक्टरों ने मोबाइल पर अपलोड किया पोर्टल




कार्यक्रम में स्व-गणना का पोर्टल मोबाइल में लोड कर दिखाते चिकित्सक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** आईएमए के पदाधिकारियों की ओर से स्टेशन रोड स्थित मोहन पैथोलाजी एंड ब्लड बैंक में स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमओ डा. तरुण पाठक रहे। कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों ने स्वास्थ्य दिवस पर अपने-अपने विचार रखे और जरुरतमंद मरीजों का बेहतर उपचार करने की बात कही। इस दौरान स्व-गणना पोर्टल से भी संगठन के चिकित्सकों को अवगत कराया गया। जिसमें बताया गया कि स्व-गणना पोर्टल कैसे मोबाइल में अपलोड करने है औरर उस पर कैसे गणना करनी है। सभी चिकित्सकों ने अपने-अपने मोबाइल पर एप डाउनलोड कर स्व-गणना का कार्य किया। इस अवसर पर डा. सर्वेश सक्सेना, डा. शशांक चौधरी, डा. राहुल गोयल, डा. हरी प्रकाश अग्रवाल, डा. आरपी गुप्ता, डा. श्याम गुआनी, डा. आरपी गुप्ता, डा. मनोज आहूजा, डा. कपिल गुप्ता, डा. अशोक अग्रवाल, डा. मोहित बंसल आदि मौजूद रहे।

# एंटी रोमियो टीम ने जगाई जागरूकता

जागरण मोर्चा कार्यालय



महिलाओं को जागरूक करतीं एण्टी रोमियो की टीम। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व स्वालंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं नोडिल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी व सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान दीपक कुमार के नेतृत्व में सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों कालेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वुमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी काल पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# बाड़मेर-हरिद्वार के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बाड़मेर-हरिद्वार-बाड़मेर समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।सीनियर डीसीएम महेश यादव ने बताया कि ट्रेन संख्या 04811/04812 बाड़मेर-हरिद्वार-बाड़मेर स्पेशल का संचालन द्वि-साप्ताहिक आधार पर किया जाएगा।

उनके मुताबिक ट्रेन संख्या 04811 बाड़मेर से प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को 16 जुलाई तक संचालित होगी। इस अवधि में ट्रेन कुल 20 फेरे लगाएगी। वहीं ट्रेन संख्या 04812 हरिद्वार से प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को 17 जुलाई तक चलाई जाएगी, जिसके तहत कुल 20 ट्रिप निर्धारित किए गए हैं। यह स्पेशल ट्रेन एसी, स्लीपर और जनरल कोचों के साथ संचालित होगी। ट्रेन बाड़मेर, बालोतरा, समदड़ी, लूनी, जोधपुर, नागौर, बीकानेर, हनुमानगढ़, भटिंडा, धूरी, अंबाला कैंट, सहारनपुर और रुड़की मार्ग से होकर हरिद्वार पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04811 बाड़मेर से सुबह 4:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 4:10 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04812 हरिद्वार से सुबह 5:15 बजे चलकर अगले दिन सुबह 6:35 बजे बाड़मेर पहुंचेगी।सीनियर डीसीएम का कहना है कि इस समर स्पेशल ट्रेन के संचालन से राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

**एक नजर**

### खुदाई के दौरान टोरेंट गैस पाइपलाइन में लगी आग, हाईवे पर मची अफरा-तफरी

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिद्वार हाईवे स्थित अगवानपुर में शुक्रवार को टोरेंट गैस की पाइपलाइन में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। पाइपलाइन से उठती ऊंची लपटों के कारण हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई और सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंची। गनीमत रही कि समय रहते गैस की सप्लाई बंद कर दी गई, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आरके पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार सड़क किनारे चल रही खुदाई के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से यह आग लगी थी। अब इस बात की जांच की जा रही है कि खुदाई कार्य की अनुमति ली गई थी या नहीं।

# बुआ की शादी में खौलते उड़द के भगोने में गिरा मासूम, मौत

**हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में गुरुवार का मामला, शुक्रवार सुबह गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार किया**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बुआ की शादी के लिए गुरुवार को मेहमानों की दावत के लिए बने उड़द के खौलते भगोने में गिरकर 5 वर्षीय बालक गंभीर रूप से झुलस गया। बाद में मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शादी के मौके पर खुशी की जगह हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बेहद गमगीन माहौल में शुक्रवार सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस ने मामले की जानकारी से इनकार किया है।



मासूम का फाइल फोटो।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर निवासी ओमकार सिंह की बेटी की बारात गुरुवार दोपहर बाद जनपद हापुड़ से आई थी। मेहमानों की दावत के लिए घर के कोने में हलवाई गैस की भट्टी पर खाना तैयार कर रहा था। इस दौरान ओमकार का 5 वर्षीय पोता आर्यन खेलते हुए गर्म उड़द के भगोने में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मची अफरातफरी के बीच आनन फानन में उसे नगर के निजी अस्पताल लाया गया, जहां से मेरठ रेफर कर दिया गया। देर रात उपचार के दौरान मेरठ के अस्पताल में आर्यन की मौत हो गई। गमगीन माहौल में बारात की विदाई की गई। शव गांव लाकर शुक्रवार सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया जा रहा है कि आर्यन दो भाइयों में बड़ा था। मृतक मासूम की मां नीरज का रो रो कर बुरा हाल है।शादी की खुशी हादसे के बाद गम में तब्दील हो गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने मामले की जानकारी से इनकार किया है।

### कार-बाइक की भिड़ंत में दो मासूम हुए घायल




**हसनपुर।** नगर के बाईपास मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद कार चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। घायलों की पहचान लालबाग निवासी अलीम (पुत्र आसिफ) और उसके दोस्त साकिब के रूप में हुई है। दोनों झकडी चौराहे से अपने घर लौट रहे थे। राहगीरों ने घायलों को तुरंत निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया। पीड़ित पक्ष ने मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की है।

### नागफनी डकैती कांड में तीन और आरोपी हिरासत में

**मुरादाबाद।** नागफनी थाना क्षेत्र में पीतल कारोबारी के घर हुई सवा करोड़ रुपये की डकैती के मामले में पुलिस ने तीन और युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस तीनों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और लूटी गई रकम के बारे में जानकारी जुटा रही है।

थाना नागफनी के अकबर कंपाउंड निवासी पीतल कारोबारी इमरान के घर हुई सनसनीखेज डकैती में पहले ही कारोबारी की बेटी अरीबा, उसके प्रेमी अरशद समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस जांच में सामने आया था कि डकैती की पूरी साजिश घर की बेटी अरीबा ने अपने प्रेमी और साथियों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए नए आरोपी वारदात को अंजाम देने और रेकी में शामिल थे। घटना के बाद से पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई कर रही थी। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले में और भी खुलासे हो सकते हैं।

## समाधान समारोह 2026: लंबित मामलों के निपटारे का अवसर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय प्रणाली को अधिक सरल, सुलभ और जनसामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से "समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026" की शुरुआत 21 अप्रैल 2026 से की है। इस पहल का समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों का निपटारा आपसी सहमति और सुलह के माध्यम से करना है। इसके लिए मध्यस्थता केन्द्र में पूर्व-सुलह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में अधिवक्ताओं और वादकारियों सहित सभी संबंधित पक्षों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि संवाद और समझौते के जरिए विवादों का समाधान किया जा सके। पक्षकार बैठकों में व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल माध्यम से भी सुलह-वार्ता में शामिल हो सकते हैं, वर्चुअल माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों को इस पहल का लाभ उठाने में आसानी होगी। प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं अन्य सभी संबंधित पक्षों से अपील की कि वे इस जनहितकारी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा आपसी सहमति के माध्यम से अपने विवादों का समाधान कराकर न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या को कम करने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल समय एवं धन की बचत करेगी, बल्कि आपसी संबंधों को भी बेहतर बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक पक्षकार अपने मामलों को इस विशेष लोक अदालत में शामिल कराने के लिए गूगल फॉर्म https://forms.gle/jqxefqF4BCWzukoP6 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है।

## चीनी मिल में पांच करोड़ के गन्ना पर्ची घोटाले की गूंज, मुख्यमंत्री से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का काफिला सैद नंगली निजी कार्यक्रम में जाते समय कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को नगर के अमरोहा अड्डे के निकट रोककर राष्ट्रीय अध्यक्ष को फूल माला पहनकर स्वागत किया गया।

स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष को चीनी मिल के खिलाफ एक ज्ञापन भी सोपा गया। ज्ञापन के माध्यम से दि सहकारी चीनी मिल में पेराई सत्र 2025-26 के दौरान हुए करीब पांच करोड़ रुपये के फर्जी गन्ना पर्ची घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।आरोप है कि मुख्य गन्ना अधिकारी और अन्य कर्मचारियों ने मिलीभगत कर बिना वास्तविक गन्ना आपूर्ति के फर्जी पर्चियां जारी कीं और करोड़ों का अवैध भुगतान कराया। शिकायत में कई संदिग्धों के कोड सहित नाम उजागर करते हुए रिकॉर्ड में हेरफेर और सीसीटीवी फुटेज मिटाने के प्रयास का भी दावा किया गया है। भाकियू ने दोषियों के निलंबन, रिकवरी और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि किसान हितों की रक्षा के लिए तत्काल कठोर कार्रवाई जरूरी है। स्वागत करने वालों में चमन सिंह प्रधान, लोकेश चौहान, राजीव चौहान, चमन कसाना, राहुल चौहान, देवेश प्रधान, डॉक्टर जमशेद, डॉक्टर हाशिम, बाके सिंह आदि मौजूद रहे।



भाकियू भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए। -जागरण मोर्चा

### शिक्षक ने दी आत्मदाह की चेतावनी, हिरासत में

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित रामगंगा विहार के एमआईटी वर्ल्ड स्कूल में शुक्रवार को हड़कंप मच गया।

सैनिक विहार निवासी शिक्षक हेमंत कुमार पेट्रोल लेकर स्कूल परिसर पहुंच गया और आत्मदाह करने की धमकी देने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शिक्षक को हिरासत में ले लिया। शिक्षक का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने उसे गलत तरीके से नौकरी से निकाल दिया है, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस ने शिक्षक के पास से पेट्रोल बरामद कर लिया है। फिलहाल सिविल लाइंस थाना पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर जांच कर रही है।

## पति-पत्नी के आपसी विवाद के बीच पड़ोसियों का हमला, युवक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में पति-पत्नी के बीच हो रहे घरेलू विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब उनके बीच चल रही खींचतान में एक प्लाईवुड पड़ोस की दीवार से टकरा गया।



घायल मनोज।

इससे नाराज होकर दबंग पड़ोसियों ने एकजुट होकर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट में युवक बुरी तरह घायल हो गया घायल हालत में पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव रजोहा निवासी मनोज पुत्र गनपत का आरोप है कि हमलावरों ने पुरानी रंजिश के चलते पीड़ित के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। परिजन घायल को तुरंत कोतवाली लेकर पहुंचे, जहां से पुलिस ने घायल को उपचार के लिए नगर के सीएससी में भर्ती कराया।

अस्पताल में घायल का उपचार और मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। मामले में क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है, जल्द ही आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**संक्षेप समाचार**

### तीन तलाक और पांच लाख की दहेज मांग को लेकर पति समेत आठ पर मुकदमा दर्ज

**हसनपुर।** सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मुस्कान पुत्री शफीक ने अपने पति सैफ अली और ससुराल पक्ष के सात अन्य लोगों के खिलाफ अतिरिक्त दहेज, प्रताड़ना और तीन तलाक का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का विवाह वर्ष 2022 में गांव ढक्का निवासी सैफ अली पुत्र शमीम के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति सैफ अली, सास स्वादेकीन, ससुर शमीम, नन्द इकरा, अलीशा, रुकसार, देवर अरबाज और नन्दोई नईम पांच लाख रुपये नगद व आल्टो कार की मांग को लेकर मुस्कान का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न कर रहे थे। दो बेटियों के जन्म के बाद प्रताड़ना और बढ़ गई। आरोप है कि बीते 9 मई को इन सभी आरोपियों ने मुस्कान के मायके आकर मारपीट की और विरोध करने पर पति सैफ अली ने उसे 'तीन तलाक' दे दिया। दूसरी ओर, आरोपी पक्ष ने इन आरोपों को पारिवारिक विवाद बताते हुए बेबुनियाद कहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विशाल वर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त

**हसनपुर।** ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन (रजि.) द्वारा संगठन विस्तार के तहत अमरोहा जनपद में नई नियुक्ति की गई है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा की अनुमति एवं पदाधिकारियों की संस्तुति के आधार पर विशाल वर्मा को सर्वसम्मति से अमरोहा जनपद का जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। संस्था का मानना है कि विशाल वर्मा जी संगठन के उद्देश्यों और विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए स्वर्णकार समाज को एकजुट करेंगे और समाज व राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान देंगे। जिला अध्यक्ष सुशील वर्मा जी ने नवमनोनीत जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल वर्मा जी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।



विशाल वर्मा।

### उत्पीड़न से छात्र डिप्रेशन में, पुलिस को तहरीर

**नगीना।** हमेशा विवादों में घिरा रहने वाला लाला राधेश्याम एलआरएस एजुकेशन ग्रुप एक बार फिर चर्चा में आ गया है। नगर के एक अधिवक्ता ने विद्यालय में पढ़ने वाले पुत्री ओर पुत्री के साथ दुर्व्यवहार करने वाली लाला राधेश्याम एकेडमी की प्रधानाचार्य व शिक्षिका के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के अधिवक्ता अभिषेक कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका पुत्र और पुत्री लाला राधेश्याम एकेडमी में पढ़ते हैं, लेकिन दुर्भावनावश एकेडमी की प्रधानाचार्य व एक शिक्षिका उसके पुत्र और पुत्री के साथ लगातार दुर्व्यवहार व उत्पीड़न करते चले आ रहे है, जिसकी उन्होंने शिकायत की, लेकिन एकेडमी की प्रधानाचार्य और शिक्षिका का रवैया नहीं बदला। शिकायत पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा कोई कदम न उठाने पर शिक्षिका और प्रधानाचार्य का उसके पुत्रों के साथ उत्पीड़न और बढ़ गया। इतना ही नहीं उसके पुत्र को अपमानित करके सजा के तौर पर तीन पीरियड तक खड़ा रखा। जिससे उनका पुत्र डिप्रेशन में चला गया है और आत्महत्या करने की बात कर रहा है। अधिवक्ता ने पुलिस से आरोपी प्रधानाचार्य व शिक्षिका सना के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।



### स्व-जनगणना के प्रति किया जागरूक

**गजरौला।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय तिगरी में प्रधानाध्यापक डॉ-जोगिन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को स्व-जनगणना के प्रति जागरूक किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि स्व-जनगणना देश के विकास और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी जानकारी सही तरीके से दर्ज करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। इस अवसर पर मोनिका कालियर, पुष्पलता, चित्र शर्मा, ज्योति, उर्वशी, शीला देवी, पुष्पा यादव, अर्चना त्यागी, लक्ष्मी रानी आदि उपस्थित रहे।

### कारपेंटर की दुकान के बाहर खड़ी कार से चोरी

**हसनपुर।** नगर क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर स्थित बिजली घर के ठीक सामने दिनदहाड़े चोरी की एक शर्मनाक घटना सामने आई है। एक कारपेंटर की दुकान के बाहर खड़ी कार को चोरों ने अपना निशाना बनाया। महज एक महीने के भीतर दुकान के बाहर खड़ी अलग-अलग गाड़ियों में चोरी की यह तीसरी वारदात है। पीड़ित दुकानदार कामिल अल्वी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर जब गाड़ी बिजली घर के सामने खड़ी थी, तभी चोरों ने गाड़ी के अंदर से वायरिंग चोरी कर ली। इससे पूर्व भी चोर इसी कार से बंपर और रेडिएटर जैसे कीमती उपकरण उड़ा चुके हैं। पीड़ित के अनुसार, अब तक हुई इन तीन चोरियों में लगभग बीस हजार रुपए का नुकसान हो चुका है।पीड़ित का आरोप है कि इस संबंध में तीन बार पुलिस को तहरीर दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बार-बार हो रही चोरियों से स्थानीय व्यापारियों और वाहन स्वामियों में गहरा आक्रोश है।



जानकारी देता कारपेंटर।

## कहासुनी के बाद छोटे भाई ने बड़े भाई के ईट मारकर किया घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में बच्चा पैदा होने के बाद घर में चल रहे। गीत कार्यक्रम का विरोध कर रहे छोटे भाई को रोकना बड़े भाई को उसे समय भारी पड़ गया जब शराब के नशे में धुत छोटे भाई ने ईट उठाकर उसके सिर पर मार दी। जिससे वह घायल हो गया।



घायल हरकिशोर।

घायल हालत में पीड़ित कोतवाली पहुंचा और आरोपी छोटे भाई के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल निवासी हरकिशोर पुत्र चरन सिंह के छोटे भाई दुष्यंत की पत्नी को एक बेटा पैदा हुआ था, गुरुवार की शाम घर में कार्यक्रम के दौरान महिलाएं गीत गा रही थी, इसी दौरान मंझला भाई शराब के नशे में धुत होकर आया और गीत गा रही महिलाओं को गीत गाने से मना करने व गाली गलौच करने लगा। जिस बात को लेकर हर किशोर एव मंझले भाई में कहा सुनी हो गई। कहासुनी के बाद आरोपी मंझले भाई द्वारा अपने बड़े भाई हरकिशोर के सिर में ईट उठाकर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घायल हालत में पीड़ित हरकिशोर कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी का कहना है की मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है, घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नाला तोड़ खेत में भरा गंदा पानी, तहरीर

**हसनपुर।** थाना क्षेत्र के गाव में दबंगों द्वारा सरकारी नाला तोड़कर एक किसान के खेत और भूसे के बौंगे में गांव का गंदा पानी भरने का आरोप । पीड़ित किसान मंगला पुत्र रामकुंवर ने कोतवाली में तहरीर देकर गांव के ही आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि शुक्रवार सुबह करीब 8: बजे उक्त आरोपियों ने छेनी-हथौड़े से सरकारी नाला तोड़ दिया, जिससे गंदा पानी उसके खेत और भूसे में भर गया। विरोध करने पर आरोपी खेत की मेढ़ काटकर उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने घटना की वीडियोग्राफी पुलिस को सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अलग-अलग स्थानों पर मारपीट में पांच लोग हुए घायल, रिपोर्ट हुई दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर के मौहल्ला अतरपुरा निवासी संजीव गोस्वामी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप है कि उनके पुत्र खुशराज गिरि व भतीजे वंश के साथ मौहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी रितिक, आजादनगर निवासी सुमित व सुल्ताननगर निवासी रचित ने मारपीट करके घायल कर दिया। इसी तरह मुहल्ला फाजलपुर निवासी नन्हें की पत्नी सोनी का आरोप है कि उसके पड़ोसी खचेड़ु के पुत्र कपिल, ओमपाल व मुकेश और माइकल ने मारपीट करके घायल कर दिया। इधर थाना क्षेत्र के गांव मोहरकापट्टी में वकील अहमद और उनके पुत्र सलमान के साथ गांव निवासी मोहम्मद अली, इनायत अली, सहजाद आदि ने फसल में नुकसान करने का विरोध करने पर मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं में कैंटीन से घर जाते समय गंगासरन के पुत्र योगेश के साथ गांव निवासी कमल, आकाश, विकास व आदित्य ने रोक लिया और लाठी डंडो से मारपीट की। गांव निवासी आसपास के लोग शोर शराबा सुनकर एकत्र हो गए तो आरोपी वहां से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। उधर योगेश का यह भी आरोप है कि 13 मई की रात को उसके भाई अजय कुमार के साथ भी इन्हीं आरोपितों द्वारा तमंचे के बल पर रोकने का प्रयास किया। उसने किसी तरह से तेजी से बाइक चलाकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।



**भक्ति** | **श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, मनाया नंद महोत्सव**

## श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया कृष्ण जन्म का प्रसंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव उधनपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक कृष्ण देव जी महाराज के द्वारा श्री कृष्ण जन्म एवं उनकी बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा का समाजसेवी दिनेश कुमार के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचक ने श्री कृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने बाल स्वरूप में गोकुल और वृंदावन की धरती को अपनी दिव्य लीलाओं से पवित्र किया। श्री कृष्ण ने बचपन में ही पूतना वध, शकटासुर वध, प्रेरणा व्रत वध, माखन चोरी लीला और गो गोपियों के साथ बाल सुलभ चंचलताओं का सुंदर वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु जय कन्हैया लाल की के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचक ने कहा कि भगवान की बाल लीलाएं हमें यह संदेश देती है कि ईश्वर अपने भक्तों के प्रेम के अधीन होते हैं। जिस मनुष्य के हृदय में सच्ची भक्ति होती है। वहां स्वयं भगवान निवास करते हैं। कथा के उपरांत भगवान श्री कृष्ण जन्म की खुशी में नंद महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान झांकियां भी प्रस्तुत की गई। श्रद्धालुओं के द्वारा पुष्प वर्षा कर प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस दौरान लाखन सिंह, राजू, गंगाराम, पुष्पेंदर, सुशील, दीपक, राजू, नीरज, सोनिया, शीतल, रिंकी, सीनू, सरोज, पूनम, आशा आदि मौजूद रहे।



कृष्ण जन्म के उपलब्ध में प्रस्तुत की गई झांकी। -जागरण मोर्चा

**पेट्रोल-डीजल संकट के बीच नगर निगम की अनोखी पहल**

## अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को बांटी गई साइकिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** पेट्रोल और डीजल की कमी के बीच नगर निगम ने एक अनोखी पहल शुरू की है। नगर निगम की ओर से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को ई-साइकिल उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि ईंधन की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा सके।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल की पहल पर शुरू हुए इस अभियान में जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया और नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता ने ई-साइकिल से यात्रा कर लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। वहीं नगर निगम का स्टाफ भी ई-साइकिल का उपयोग कर रहा है।अधिकारियों का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य बढ़ते ईंधन संकट के बीच वैकल्पिक और पर्यावरण अनुकूल साधनों को बढ़ावा देना है। साथ ही इससे प्रदूषण कम करने और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है।



# संपादकीय

## युद्ध संकट हमारी दहलीज पर

प्रधानमंत्री मोदी ने अपना काफिला कम कर उदाहरण पेश किया है। बुधवार को दो वीडियो सामने आए। एक में काफिले में मात्र दो कारें थीं और दूसरे वीडियो में 4 कारें दिखाई दीं। यह किफायत नहीं, जोखिम है। प्रधानमंत्री से ऐसी कोई अपेक्षा और शिकायत नहीं थी। प्रधानमंत्री एसपीजी के सुरक्षा-कवच में रहते हैं। उस सुरक्षा का अपना प्रोटोकॉल होता है, लिहाजा काफिले में 15 या 20 कारें हैं, इस पर सवाल उठाना ही बेमानी है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा से किसी भी किस्म का समझौता नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री की नजीर का अनुसरण रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, सडक़ परिवहन मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों ने किया है, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और बिहार के 'भगवा मुख्यमंत्री' सम्राट चौधरी अब भी 19-20 कारों के काफिले के साथ घूमते नजर आए हैं। बहरहाल उन्हें भी जल्द ही सद्बुद्धि आ जाएगी। काफिलों की किफायत और अन्य व्यवस्थाएं स्थायी होनी चाहिए, भेड़चाल या ढोंग के मायने बेहद खतरनाक होंगे। बचत प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्रियों, सांसदों, विधायकों आदि तक ही अपरिहार्य नहीं होनी चाहिए। सरकारों में सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, निदेशक स्तर के आईएएस, आईपीएस अधिकारियों को अलग-अलग सरकारी वाहन दिए गए हैं। कटौती उनमें बहुत जरूरी है। वे सभी 2-4 किमी दूर के सरकारी आवासों से दफ्तर तक आते हैं और फिर घर लौटते हैं। सरकारी वाहनों की ऐयाशी और भौकाल खत्म किए जाने चाहिए। ऐसे अधिकारियों को एक विशेष बसनुमा वाहन से दफ्तर लाया जाए और शाम को घर छोड़ा जाए। यह संवैधानिक प्रोटोकॉल नहीं है कि सभी अफसर 'महाराज' की तरह सुविधाएं भोगें। यदि देश में पेट्रोल-डीजल का संकट है, तो किफायत अपरिहार्य है। आपातस्थिति के लिए तो छूट हमेशा बनी रही है। दरअसल ये अधिकारी ही हमारी व्यवस्था के नीति-निर्माता हैं, लिहाजा निरंकुश-से हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ऑनलाइन बैठकों की अपील की है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह कुछ मुख्यमंत्रियों ने इस व्यवस्था को लागू करने के आदेश भी जारी करवा दिए हैं, तो ये आला अफसर भी अमल करें। यदि प्रधानमंत्री की पूरी अपील को स्वीकार कर लागू किया जाए, तो साल भर में 11.5 लाख करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। यह बहुत बड़ी राशि है। यदि काफिला छोटा कर तेल बचाया जाता रहा, तो साल भर में करीब 91,250 लीटर डीजल बचेगा। इस तरह 1 करोड़ रुपए की बचत की जा सकेगी। यह शोशेबाजी, रुतबेबाजी अब छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि ईरान युद्ध से उपजे संकट भारत की दहलीज तक आ गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक सार्वजनिक मंच से कहा है कि यदि ईरान युद्ध जारी रहा और लंबा खिंचा, तो सरकार को पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम बढ़ाने पड़ेंगे। रसोई गैस का सिलेंडर भी महंगा होगा, क्योंकि ये सभी आयातित हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी बड़े दुखी अंदाज में खुलासा कर रहे हैं कि देश की तेल कंपनियों को 1000 करोड़ रुपए हररोज का औसतन घाटा झेलना पड़ रहा है। युद्ध के 75 दिनों में यह घाटा 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। निश्चित है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं, तो उन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। बुधवार को कच्चे तेल के दाम 108 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए थे। हालांकि युद्ध के इस अंतराल में 98 देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ चुके हैं। 40 देशों को तेल से जुड़े प्रोटोकॉल लागू करने पड़े हैं। अमरीका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, रूस समेत वियतनाम, फिलीपींस, बांग्लादेश, श्रीलंका, थाईलैंड आदि देशों को पेट्रो उत्पादों की राशनिंग करनी पड़ी है और कई प्रोटोकॉल लागू करने पड़े हैं। भारत ने इन 75 दिनों में यह बोझ अपनी जनता पर पडऩे नहीं दिया है, यह बहुत महत्वपूर्ण है। अब संकट बढ़ता जा रहा है, तो शुरुआत बचत से की जा रही है। बचत के ऐसे आह्वान लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, डा. मनमोहन सिंह सरीखे प्रधानमंत्रियों ने भी किए थे। अब आईएमएफ के मानकों के मुताबिक, भारत अभी गंभीर संकट में नहीं है, करीब 11 माह के आयात के लिए विदेशी मुद्रा पर्याप्त है, लेकिन डॉलर की तुलना में 'रुपया' 96 के करीब पहुंच चुका है, आयात के लिए 34,000 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान करना पड़ा है, लिहाजा सावधान होना तो जरूरी है। यह बात भी सामने आ रही है कि पेट्रोल-डीजल, सोना तथा अन्य सामान, खाद्य पदार्थ भी महंगे होने लगे हैं। सरकार को कोशिश यह करनी है कि जरूरी चीजें महंगी न हों।

# ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों के 'दिल्ली-विमर्श' के निहितार्थ

ब्रिक्स (BRICS) के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय दिल्ली बैठक ने दुनिया को कई महत्वपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक संदेश दिए हैं, जिनके कूटनीतिक निहितार्थ को समझने की जरूरत है। अन्यथा शेष दुनिया को अमेरिकी-यूरोपीय दादागिरी (नाटो सैन्य गठबंधन) के दुनियावी दांवपेंचों से निजात मिलनी मुश्किल है। लिहाजा, इस बैठक में मुख्य रूप से वैश्विक शक्ति-संतुलन, अमेरिकी प्रतिबंध नीति, पश्चिम एशिया संकट, वैश्विक व्यापार व्यवस्था और "ग्लोबल साउथ" की भूमिका पर जोर दिखाई दिया।



देखा जाए तो नई दिल्ली में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का जमावड़ा लगा हुआ है। दो दिनों का यह 18वां शिखर सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया कई मोर्चे पर अस्थिरता से गुजर रही है। ब्रिक्स के सदस्य देश - ईरान और यूएई सीधे तौर पर इस हलचल में शामिल है। ऐसे में यह जुटान पूरी दुनिया के लिए अहम हो जाती है। इस अहम बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, रूस के विदेश मंत्री सर्जेइ लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची जैसे नेताओं के दूरदर्शिता भरे बयान विशेष चर्चा में रहे। जिसके दुनियावी मायने बेहद अहम हैं। जिस तरह से कूटनीतिक सम्मेलन के पहले ही दिन जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के खिलाफ लगाए जाने वाले एकतरफा प्रतिबंधों का जिक्र किया, जो सबसे ज्यादा विकासशील देशों को नुकसान पहुंचाते हैं। स्वाभाविक तौर पर उनका इशारा अमेरिका है, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से दुनिया को बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं, ईरान मामले में भी गतिरोध की वजह बहुत हद तक वॉशिंगटन की अव्यवहारिक मांगें है। ब्रिक्स के बड़े मंच से उठी आवाज का असर ज्यादा होगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर का उद्घाटन भाषण मौजूदा चुनौतियों का सही खाका खींचता है। पश्चिम एशिया पर मंडराता युद्ध का खतरा, ऊर्जा संकट, सप्लाई चेन में रुकावट और जलवायु परिवर्तन ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। तमाम देशों की अर्थव्यवस्था को मंदी में फंसने का डर सता रहा है। ऐसे में जैसा कि विदेश मंत्री ने कहा, विकासशील देशों ने ब्रिक्स से यह उम्मीद लगाई है कि यह मंच स्थिरता कायम करने में सकारात्मक भूमिका अदा करेगा। इसके कतिपय निहितार्थ इस प्रकार हैं-

पहला, एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था को चुनौतीः बैठक का सबसे बड़ा संदेश यह था कि दुनिया अब केवल अमेरिका-केन्द्रित व्यवस्था पर निर्भर नहीं रहना चाहती। ब्रिक्स देशों ने "मल्टीपोलर वर्ल्ड" के दृष्टिगत बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। इसका अर्थ है कि वैश्विक निर्णयों में पश्चिमी देशों के साथ एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की शक्तियों की भी बराबर भूमिका हो।

दूसरा, अमेरिकी प्रतिबंधों और आर्थिक दबाव का विरोधः भारत, रूस, चीन और ईरान सहित कई देशों ने एकतरफा प्रतिबंधों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और संप्रभुता के खिलाफ बताया। विशेष रूप से एस जयशंकर ने कहा कि प्रतिबंध और दबाव कूटनीति का विकल्प नहीं हो सकते। यह संदेश सीधे तौर पर अमेरिका की प्रतिबंध नीति की आलोचना माना गया।

तीसरा, डॉलर प्रभुत्व कम करने का संकेतः बैठक में स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने और वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों पर भी चर्चा हुई। यह संदेश था कि ब्रिक्स देश डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं ताकि अमेरिकी आर्थिक दबाव का असर घटाया जा सके।

चतुर्थ, पश्चिम एशिया संकट पर चिंताः ईरान-इज़राइल तनाव और समुद्री मार्गों की सुरक्षा बड़ा मुद्दा रहा। ब्रिक्स देशों ने रेड सी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य जैसे मार्गों की सुरक्षा पर जोर दिया। दुनिया को यह संदेश दिया गया कि क्षेत्रीय युद्ध अब वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को सीधे प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि इस मंच के सामने भी चुनौती है। ईरान और यूएई के आपसी रिश्ते ठीक नहीं चल रहे। जबकि चीन ने अपने विदेश मंत्री को नहीं भेजा है।

एक बात और, जब सम्मेलन की शुरुआत हुई, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग तब ट्रंप की मेजबानी में व्यस्त थे। ब्रिक्स के सबसे बड़े विरोधी ट्रंप है। उन्हें लगता है कि यह मंच अमेरिकी हितों के खिलाफ खड़ा किया गया है। मेजबान होने के नाते यह भारत की जिम्मेदारी है कि यहां से निकला संदेश किसी के विरोध में नहीं, साझा हित में हो। भारत के पास सभी सदस्यों को करीब लाने और मौजूदा संकट का समाधान पेश करने का मौका है।

पांचवां, ग्लोबल साउथ की राजनीतिक आवाजः बैठक में यह स्पष्ट हुआ किब्रिक्स स्वयं को केवल आर्थिक समूह नहीं, बल्कि विकासशील देशों की सामूहिक राजनीतिक आवाज के रूप में स्थापित करना चाहता है।

अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों की समस्याओं—जैसे खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा संकट और कर्ज—को वैश्विक एजेंडा में प्रमुखता देने की बात कही गई।

छठा, संयुक्त राष्ट्र सुधार की मांगः भारत और ब्राजील ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और विकासशील देशों के अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता दोहराई। यह संदेश था कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी संस्थाओं में अब नई वैश्विक वास्तविकताओं के अनुसार बदलाव होना चाहिए।

सातवां, ब्रिक्स के भीतर मतभेद भी सामने आएः हालांकि बैठक में एकजुटता दिखाई गई, लेकिन यह भी स्पष्ट हुआ कि सभी सदस्य अमेरिका-विरोधी नीति पर पूरी तरह एकमत नहीं हैं। भारत और ब्राजील जैसे देश पश्चिम के साथ संतुलित संबंध बनाए रखना चाहते हैं, जबकि रूस और ईरान अधिक आक्रामक रुख चाहते हैं। इससे यह संकेत मिला कि ब्रिक्स अभी पूर्ण राजनीतिक गठबंधन नहीं, बल्कि साझा हितों वाला मंच है।

समग्र रूप से कहा जाए तो, इस बैठक का वैश्विक संदेश यह था कि उभरती शक्तियाँ अब विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था में अधिक स्वतंत्र, संतुलित और पश्चिम से अलग भूमिका चाहती हैं। ब्रिक्स ने यह दिखाने की कोशिश की कि "ग्लोबल साउथ" अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन का सक्रिय खिलाड़ी बनना चाहता है। चूंकि ब्रिक्स अब केवल उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का समूह नहीं रहा, इसकी भूमिका आज कहीं ज्यादा व्यापक हो चुकी है। वास्तव में यह वैश्विक संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण हो सकता है। भारत का रोल इसमें सबसे अहम हो जाता है। उसने पश्चिमी देशों के साथ रिश्ते बनाए हुए हैं, जबकि रूस, ईरान और चीन के साथ भी बैलेंस रखा है। उसने हमेशा संवाद से समाधान की बात की है। यह रवैया उसे भरोसेमंद साथी बनाता है।

# एक सेट लीक हो तो दूसरे से लेनी चाहिए परीक्षा

पेपर लीक होने के कारण देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी, 2026 को पूरी तरह रद्द करने का फैसला उसकी परीक्षा दे चुके लाखों छात्रों के लिए बड़ा झटका है। यह फैसला इसलिए भी बहुत बड़ा है, क्योंकि पहली बार नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय परीक्षा को पूरी तरह रद्द किया गया है। इसकी जांच सीबीआइ को सौंप दी गयी है। पेपर लीक और गड़बड़ी के आरोप तो इससे पहले भी आते रहे हैं, लेकिन अभी तक पूरी परीक्षा को रद्द नहीं किया गया था। जांच एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद एनटीए-यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने यह परीक्षा दोबारा आयोजित कराने का फैसला किया है।



यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा में गड़बड़ी के मामले अब सालों-साल सामने आने लगे हैं। इससे पहले 2024 की नीट-यूजी परीक्षा का मामला भी बहुत चर्चित रहा था, जब बिहार और झारखंड में पेपर लीक का मामला सामने आया था। तब सीबीआइ जांच में यह खुलासा हुआ था कि कुछ उम्मीदवारों को परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र उपलब्ध करा दिये गये थे। मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा था, जहां परीक्षा रद्द कर दोबारा कराने की मांग उठी थी। हालांकि तब परीक्षा रद्द नहीं की गयी थी, क्योंकि शीर्ष अदालत का कहना था कि उपलब्ध रिकॉर्ड से यह साबित नहीं होता कि पूरे सिस्टम में बड़े पैमाने पर पेपर लीक किया गया था।

उस समय शिक्षा मंत्रालय ने यह कहा था कि कुछ अलग-थलग घटनाओं के कारण लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित नहीं किया जा सकता। उससे पहले 2015 में ऑल इंडिया प्री-मेडिकल/प्री डेंटल टेस्ट (एआइपीएमटी) को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर रद्द किया गया था। तब आरोप यह लगा था कि कुछ उम्मीदवारों ने ब्लूटूथ डिवाइस और माइक्रो सिम के जरिये परीक्षा के दौरान उत्तर हासिल किये थे। तब सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा रद्द कर चार सप्ताह के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था। बाद में 2016 से नीट ने एआइपीएमटी की जगह ले ली। सीधे शब्दों में कहें, तो यह ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार का मामला है। पेपर बेचे जाते हैं। करोड़ों के इस खेल में सभी शामिल हैं, वे भी जिन्हें लाभ लेना है, और वे भी, जिन्हें कार्रवाई करनी है। नुकसान देश के लाखों छात्रों का होता है, जो मेहनत करके पढ़ाई करते हैं। चूंकि एनटीए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा के स्कोर के आधार पर मेडिकल कॉलेजों में दाखिला मिलता है, इसलिए इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए लाखों छात्र संघर्ष कर, तनाव झेलकर सालभर पढ़ाई करते हैं और परीक्षा देते हैं।

परीक्षा के पेपर लीक हो जाने पर उन पर क्या गुजरती है, यह सिर्फ वही जानते हैं। नुकसान उनके अभिभावकों को होता है, जो संघर्ष करके अपने बच्चों को इस मुकाम तक ले आते हैं कि वे मेडिकल का एंट्रेंस एग्जाम दे सकें। वे अपने जीवन की जमा-पूंजी इसमें झोंक देते हैं। इस परीक्षा का पेपर लीक होने से छात्रों और अभिभावकों में स्वाभाविक ही गहरा असंतोष है और देश की कई जगहों पर छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं।

नीट परीक्षा का आयोजन करने वाली एनटीए-यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एक स्वायत्त संस्थान है। लिहाजा इसे किसी के दबाव में नहीं आना चाहिए। एनटीए की स्थापना प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की क्षमता का आकलन करने के लिए कुशल पारदर्शी और अंतरराष्ट्रीय स्तर की मानकीकृत परीक्षाएं आयोजित करने के उद्देश्य से की गयी थी। यह ठीक है कि 2019 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) से नीट-यूजी के संचालन का कार्यभार संभालने के बाद से एनटीए ने उम्मीदवारों की संख्या में भारी वृद्धि को संभाला है। लेकिन यह भी सच है कि अपनी तकनीकी क्षमता के बावजूद इस एजेंसी को विवादों का सामना करना पड़ा है।

पूछा जा रहा है कि सालों-साल होते पेपर लीक का हल क्या है। ऐसा नहीं है कि इसके हल के लिए कदम न उठाये गये हों। उदाहरण के लिए, 2024 के पेपर लीक के बाद केंद्र सरकार ने पूर्व इसरो प्रमुख के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति गठित की थी। इस समिति ने परीक्षाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिये थे। इनमें परीक्षा केंद्रों को जिला प्रशासन और पुलिस की निगरानी में सील करना, जीपीएस युक्त वाहनों में प्रश्नपत्र पहुंचाना, सीसीटीवी निगरानी, बायोमीट्रिक वेरीफिकेशन और केंद्रीकृत मॉनीटरिंग सिस्टम व्यवस्था लागू करने जैसे प्रस्ताव थे, जिन पर अमल किया गया। एनटीए ने इस वर्ष कई सुरक्षा उपाय लागू किये थे। पुलिस सुरक्षा में सामग्री पहुंचाये जाने के अलावा कई परीक्षा केंद्रों पर मॉक ड्रिल भी करायी गयी थी। इसके बाद भी गेस पेपर के नाम पर पेपर व्हाट्सएप पर साझा किये गये।

# फिर एक निर्भया त्रासदी

चौदह साल पहले दिल्ली में जिस निर्भया कांड ने भारत की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था, दिल्ली में एक बार फिर उस जैसी त्रासदी की पुनरावृत्ति हुई है। दिल्ली ने एक बार फिर इस भयावह सच का सामना किया किया है कि वहां की सार्वजनिक जगहें महिलाओं के लिये कितनी असुरक्षित व भयावह बनी हुई हैं। दुर्भाग्य से एक बार फिर वही बस अपराध स्थली बनी है, जो सार्वजनिक आवागमन और सुरक्षा के लिये बनी होती हैं। दिल्ली स्थित नांगलोई में एक प्राइवेट स्लीपर बस के भीतर ड्राइवर और कंडक्टर द्वारा एक महिला के साथ कथित रूप से गैंगरेप की घटना ने सभ्य समाज को गहरे तक विचलित किया है। इस घटना ने एक बार फिर से शासन-प्रशासन, पुलिसिंग और परिवहन नियमों के पालन में हुई भारी चूक का एक जीता-जागता सबूत पेश किया है। निस्संदेह, इस घटना की क्रूरता केवल उस हमले में ही नहीं है, बल्कि उत्पन्न परिस्थितियों की भयानक रूप में जानी-पहचानी प्रकृति में भी है। विडंबना देखिए कि जिस बस को महिलाएं सार्वजनिक यातायात के लिये सुरक्षित मानकर चलती हैं, उसी में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई है। एक बार फिर बस अपराधियों के मंसूबों को पूरा करने वाला साधन बनी। इस घटना ने एक बार फिर से उजागर किया है कि जिन लोगों को यात्रियों के सुरक्षित आवागमन की जिम्मेदारी दी गई थी, वे ही कथित तौर पर दरिंदे बनकर सामने आए। हर बार की तरह तुरंत कार्रवाई का दावा करते हुए गिरफ्तारी को तत्काल कदम उठाने के रूप में दर्शाया जा रहा है। जबकि एक हकीकत है कि हमारी व्यवस्था की विद्रूपताएं जस की तस बनी हुई हैं। सही मायनों में देश के हृदय में वर्ष 2012 के जख्म अभी भरे नहीं हैं। विडंबना देखिए कि निर्भया कांड के बाद सरकारों ने तमाम सुधारों के वायदे जनता के सामने किए थे। तब घोषणा की गई थी कि अपराधियों पर नजर रखने के लिये दिल्ली में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी को व्यापक रूप दिया गया है। लेकिन परिणाम जस के तस रहे। देश को याद है कि वर्ष 2012 के निर्भया कांड के बाद त्वरित फैसले लेने वाली अदालतों की स्थापना करने की घोषणा की गई थी। इसके अलावा महिला सुरक्षा से जुड़ी तमाम योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये व्यापक प्रचार किया गया था। इसके बावजूद एक और निर्भया जैसी घटना बताती है कि अब तक जमीनी हकीकत में बहुत कुछ बदलाव नहीं आया है। देखने में आया है कि तमाम निजी बसें अपर्याप्त निगरानी व लचर सुरक्षा व्यवस्था के साथ चलती रहती हैं। महिला यात्रियों की सुरक्षा के प्रोटोकॉल का पालन अक्सर महज दिखावे के लिये होता है। निस्संदेह, निजी बसों के कर्मचारियों की सख्त जांच के अभाव ने ऐसे वातावरण को तैयार किया है जहां चालक-परिचालक व अन्य अपराधियों की समांतर गुंडागर्दी चलती रहती है। यही वजह है कि गाहे-बगाहे दिल्ली की छवि महिलाओं के लिये असुरक्षित शहर होने के कारण खराब हुई है।

# 'पेपर लीक' का माफिया कौन?

एक बार फिर 'पेपरलीक' और करीब 23 लाख युवा बच्चों का भविष्य अधर में, अंधकारपूर्ण और अनिश्चित! 'नीट' का पेपर लीक हुआ है। अभ्यर्थी युवाओं में कई होनहार, विशेषज्ञ डॉक्टर बन सकते थे! जिंदगियां बचा सकते थे! घर-परिवार की आर्थिक स्थितियां बेहतर कर सकते थे! मां-बाप के कर्ज चुकता कर सकते थे! लेकिन एक माफिया, संगठित गिरोह, पैसे के हवसी, संवेदनहीन साजिशकार इस देश में सक्रिय हैं, जो युवा पीढ़ी को बार-बार निराश, हताश कर रहे हैं। उनकी उम्मीदें छीन रहे हैं। विडंबना यह है कि बीते सालों में 70 बार या अधिक पेपरलीक कराए गए हैं, कुछ 'काली भेड़ें' जेल में हो सकती हैं, लेकिन सरगना बेखौफ, बेलगाम षड्यंत्र रच रहे हैं। आज तक न तो सीबीआई और न ही सरकारों की अन्य एजेंसियां इस नापाक नेटवर्क के 'माफिया' को तय नहीं कर पाई हैं। बेशक सीबीआई देश की प्रमुख जांच एजेंसी है। कानून में सजा कितनी है-3, 4, 5 अथवा 10 साल तक। किसको सजा दी गई? किस पर 1 करोड़ रुपए का जुर्माना ठोंका गया? किस पर स्थायी पाबंदी लगाई गई? इन सवालों के जवाब तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री को देने चाहिए। हकीकत यह है कि यह शर्मनाक, देशद्रोही धंधा आज हजारों करोड़ रुपए का बताया जा रहा है। क्या इन साजिशकारों के घरों में युवा बच्चे नहीं हैं? वे भी डॉक्टर, इंजीनियर बनना चाहते होंगे! शायद उनके साथ ऐसे हादसे नहीं हुए या उनके बच्चे भी पेपरलीक के जरिए पास हो गए होंगे! पेपरलीक का धंधा तो शाश्वत लगता है हमें! भारत जैसे विराट, सम्मानित और विश्व-गुरु की खुशफहमी पाले देश के लिए ये करतूतें, हरकतें, युवा पीढ़ी के सपनों को चकनाचूर करने वाली 'माफियागीरी' शर्मनाक ही नहीं, बल्कि इसका दमन भी आतंकवाद, नक्सलवाद की तरह किया जाना चाहिए। दरअसल मौजूदा शिक्षा मंत्री नालायक हैं, शिक्षा मंत्रालय नकारा, भ्रष्ट है और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) बार-बार साबित हो रही है कि वह पारदर्शी, ईमानदार, लीक-मुक्त परीक्षाएं कराने के लायक ही नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी बेहद जागरूक और पारदर्शी नेता हैं, ऐसे निकम्मेपन के खिलाफ माने जाते रहे हैं, लिहाजा मौजूदा व्यवस्था को पूरी तरह बदलें। अंततः युवा पीढ़ी और जनता को सडक़ों पर बिछ कर जन-आंदोलन खड़ा करना पड़ेगा।

यह सिर्फ 23 लाख बच्चों के भविष्य का ही नहीं, बल्कि 23 लाख परिवारों के भविष्य पर आघात किया गया है। अधिकांश बच्चे गरीब या निम्न मध्यवर्गीय होते हैं। जिन बच्चों के लिए 10-28 लाख रुपए में लीक वाले प्रश्नपत्र खरीदे जाते हैं, उस जमात को छोड़ दीजिए। दरअसल वे ही पेपरलीक के धंधे के थोक-ग्राहक हैं, लिहाजा इस शर्मनाक धंधे के सह-भागीदार हैं। हमने चार दशक से अधिक की पत्रकारिता के दौरान पेपर और भ्रष्टाचार के मामले देखे हैं, कवर किए हैं। नकदी के बंडलों के लेन-देन देखे हैं। उनमें कुलपति, रजिस्ट्रार से लेकर प्रिंटिंग प्रेस तक की 'मिलीभगत' भी देखी है, लिहाजा पेपरलीक के दौर में प्रिंटिंग प्रेस और उसके दल्लों की धंधेबाजी और नतीजतन पेपरलीक कमोबेश हमें नहीं चौंकाता।

# कठिन हो रहा है आम आदमी का जीवन-यापन

पश्चिम एशिया संकट और अन्य कारणों से भारत में महंगाई बढ़ रही है। 12 मई को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल, 2026 में खुदरा महंगाई दर 3.48 प्रतिशत हो गई, जो मार्च की 3.40 प्रतिशत दर से अधिक है। इससे आम जनता का दैनिक जीवन कठिन हो रहा है और अर्थव्यवस्था की विकास दर धीमी पड़ रही है।



प्रधानमंत्री ने वैश्विक ऊर्जा संकट के कारण जनता से पेट्रोल, डीजल और गैस के संयमित उपयोग की अपील की है और मेट्रो, सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक वाहन, कार पूलिंग, वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों को बढ़ावा देने को कहा है। अर्थ विशेषज्ञ भी भारत को पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक अनिश्चितता के लिए सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। वहीं, आरबीआई के गर्वनर ने महंगाई बढ़ने पर नीतिगत रेपो रेट बढ़ाने की संभावना जताई है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति बाधाओं से भारत में महंगाई बढ़ रही है। सरकार महंगाई नियंत्रण के उपाय कर रही है, लेकिन नागरिकों को पेट्रोल-डीजल के संयमित उपयोग और अन्य प्रयासों में मदद करनी होगी। एलपीजी सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों से व्यवसायों की लागत बढ़ी है, जिसका बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ने से महंगाई और बढ़ रही है।

हालांकि, अभी पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की खुदरा कीमतें वैश्विक पेट्रोलियम उत्पादों की ऊंची कीमतों के कारण बढ़ने की आशंका बनी हुई है। सरकारी तेल कंपनियों को हर माह करीब 30 हजार करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। भारत में महंगाई की दर अभी दुनिया की तुलना में कम है, लेकिन बढ़ने की प्रवृत्ति स्पष्ट है। एशियाई विकास बैंक और ईवाई इंडिया की रिपोर्टों के अनुसार, 2026 में महंगाई दर 6 प्रतिशत से ऊपर स्तर तक पहुंच सकती है। क्रिसिल की 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल, 2026 में घर पर बनी थाली की कीमतें बढ़ गई हैं। आम जीवन की रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे रसोई का सामान, कपड़े और घरेलू उपकरण महंगे हो रहे हैं। एफएमसीजी कंपनियां उत्पादों की कीमत बढ़ाने या पैकेट का आकार घटाने पर विचार कर रही हैं। साथ ही, भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण सामान्य से कम मॉनसून की आशंका जताई है, जिससे कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच आम आदमी को महंगाई से बचाने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं।

## एक नजर

### डीआरएम स्टेशन पर कर रहे थे पूछताछ, फिर भरभराकर गिरा छत का हिस्सा

**लखनऊ।** लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को डीआरएम छत गिरने के मामले में पूछताछ कर रहे थे। इसी बीच छत का बचा हुआ हिस्सा भरभराकर गिर गया। हालांकि डीआरएम उस वक्त हादसे की जगह पर नहीं थे। छत गिरने के मामले की जांच पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी की देखरेख में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शुरू कर दी गई है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर मुख्य प्रवेशद्वार के पास महिला प्रतीक्षालय है। उसके ऊपरी मंजिल पर एसी वेटिंग रूम है। महिला प्रतीक्षालय के विस्तार के लिए गत दिवस तोड़फोड़ कार्य चल रहे थे। दीवार व पिलर तोड़ने के दौरान छत ढह गई थी। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। उस दौरान प्रतीक्षालयों में 200 यात्री थे, जिन्हें सकुशल निकाल लिया गया था। दुर्घटना के बाद डीआरएम गौरव अग्रवाल ने संजीदगी दिखाई। शुक्रवार सुबह आला अफसरों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। हादसे को लेकर रेलकर्मियों, ठेकेदार व अन्य कर्मियों से पूछताछ की। वह लगातार मौके पर डटे रहे। इतना ही नहीं वह स्टेशन पर मौजूद थे और जांच से संबंधित कार्य कर रहे थे। इसी बीच ढही छत का बचा हुआ हिस्सा भी भरभराकर गिर गया। हालांकि उस दौरान मौके पर कोई नहीं था, इससे हादसा टल गया।

### अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में 'तिल का ताड़' नाटक का मंचन

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में अनाड़ी संस्कृत शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था की ओर से नाट्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने 'तिल का ताड़' नाटक का मंचन कर दर्शकों का मनोरंजन किया। नाटक के माध्यम से सामाजिक विषयों को हास्य और व्यंग्य के अंदाज में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, रंगमंच और कला से जुड़े लोगों की मौजूदगी रही।

# पत्नी की हत्या कर ट्रॉली बैग में भरी लाश खुद ही गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचा

## बयान बदलने पर फंसा, सख्ती से पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया जुर्म

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** लखनऊ के चिनहट क्षेत्र में युवक ने पत्नी की हत्या कर शव ट्रॉली बैग में भरकर इंदिरा डैम के पास फेंक दिया। बाद में खुद थाने पहुंचकर पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई। पूछताछ में बार-बार बयान बदलने पर पुलिस को शक हुआ। सख्ती से पूछताछ में आरोपी ने हत्या कबूल कर ली।

लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या कर शव फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पति ने पत्नी की हत्या कर दी। शव को ट्रॉली बैग में भरकर इंदिरा डैम के पास फेंक दिया। खुद थाने पहुंचकर पत्नी के लापता होने की सूचना दी। बार-बार बयान बदलने पर पुलिस को शक हुआ।

कड़ाई से पूछताछ में उसने पत्नी की हत्या करने की बात कबूल की। उसकी निशानदेही पर शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर युवक को हिरासत में ले लिया। घटना चिनहट की है। मृतका की पहचान 24 वर्षीय यास्मीन पत्नी अल्ताफ उर्फ कल्लू के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, अल्ताफ उर्फ कल्लू पुत्र मोहम्मद शईद निवासी शफी नगर रुदौली, बाराबंकी और वर्तमान में चिनहट क्षेत्र के रामलीला मैदान के पास रह रहा था। उसने 14 मई 2026 को थाना चिनहट में अपनी पत्नी यासमीन (24) की गुमशुदगी की सूचना दी थी। गुमशुदगी की जांच के दौरान पुलिस को पति की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद उससे सघन पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे अपनी पत्नी के एक करीबी रिश्तेदार के साथ प्रेम प्रसंग का शक था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। आरोपी के मुताबिक, 4 मई की रात करीब दो बजे विवाद बढ़ने पर उसने गुस्से में आकर पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव को सुबह करीब पांच बजे बैटरी रिक्शा में रखकर इंदिरा डैम के किनारे, जगौर क्षेत्र थाना बीबीडी में फेंक दिया। आरोपी की निशानदेही पर बीबीडी पुलिस ने शव बरामद कर लिया है।

# मायावती बोलीं- ब्राह्मण समाज से क्षमा याचना कर पश्चाताप करें अखिलेश

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ब्राह्मण समाज से क्षमा याचना कर पश्चाताप करें। बसपा सुप्रीमो ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में कहा कि सपा के एक प्रमुख राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा हाल ही में ब्राह्मण समाज को लेकर की गई अभद्र, अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने इसकी निंदा करते हुए कहा कि संकीर्ण जातिवादी राजनीति करने वाली सपा के नेतृत्व की इस मामले को लेकर खामोशी से भी यह अधिक गंभीर होकर तूल पकड़ता जा रहा है, जिससे स्थिति तनावपूर्ण होती जा रही है। बसपा सुप्रीमो ने आगे कहा कि पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने के बाद भी यह मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सपा प्रवक्ता के गैर-जिम्मेदाराना बयान से ब्राह्मण समाज के आदर-सम्मान व स्वाभिमान को जो ठेस पहुंची है, उसको गंभीरता से लेते हुए सपा मुखिया को इसका तत्काल संज्ञान लेना चाहिए। इस प्रकरण से यह भी साबित हो चुका है कि सपा दलितों, अति-पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि की तरह ब्राह्मण समाज की विरोधी भी है।

इनका जातिवादी चाल व चरित्र बदला नहीं है, बल्कि और गहरा हुआ है। ब्राह्मण समाज के प्रति वर्तमान सरकार के रवैये को लेकर भी जो नाराजगी इस समाज में देखने को मिल रही है वह भी किसी से छिपी नहीं है।

यह सर्वविदित है कि बसपा द्वारा सर्वसमाज की तरह ब्राह्मण समाज को भी पार्टी व सरकार में भी भरपूर आदर-सम्मान देने के साथ-साथ हर स्तर पर उन्हें उचित भागीदारी भी दी गयी है। बसपा में ब्राह्मण समाज आदि 'यूज एंड थ्रो' नहीं है, बल्कि सर्वसमाज का हित हमेशा सुरक्षित रहा है।

# पालिकाध्यक्ष जोशी ने किया वार्ड 11 में निर्माणाधीन सड़क का औचक निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने वार्ड नंबर 11 स्थित पुरानी सेल टैक्स वाली गली में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को बारीकी से परखा।

पालिकाध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर और पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। विकास कार्यों में लापरवाही और गुणवत्ता से समझौता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय वार्डवासी भी मौके पर एकत्र हो गए। पालिकाध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से बेहद आत्मीयता के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना। लंबे समय से लंबित इस सड़क का निर्माण शुरू होने पर स्थानीय जनता ने खुशी जाहिर करते हुए पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि नगर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए पालिका परिषद द्वारा एक व्यापक कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। आने वाले दिनों में खटीमा के सभी वार्डों में सड़क, नाली निर्माण, बेहतर सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार युद्धस्तर पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य खटीमा को एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नगर बनाना है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त लहजे में चेताया कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी। मौके पर मौजूद वार्डवासियों ने पालिकाध्यक्ष जोशी की सहज जनसंपर्क शैली और विकास के प्रति उनकी सक्रियता की खुलकर सराहना की। इस दौरान मुख्य रूप से सुधा तोमर, सुमित मिश्रा, अभिषेक सिंह, विदेशी राम सहित भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पत्रों में उलझा शिक्षा विभाग, सैलानीगोठ इंटर कॉलेज में पद सृजन अब भी ठंडे बस्ते में

जागरण मोर्चा कार्यालय




**टनकपुर/चम्पावत।** उत्तराखंड शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। राजकीय इंटर कॉलेज सैलानीगोठ में लंबे समय से शिक्षकों के पद सृजन की मांग केवल पत्राचार तक सीमित होकर रह गई है। विद्यालय प्रशासन, खंड शिक्षा अधिकारी और मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा शासन स्तर तक प्रस्ताव भेजे जाने के बावजूद आज तक नए पदों की स्वीकृति नहीं मिल पाई है। इससे विद्यालय में अध्ययनरत सैकड़ों छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

जानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रधानाचार्य ने 23 मई 2025 को छात्र संख्या और विषयवार आवश्यकता के आधार पर इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल स्तर पर नए पद सृजन का प्रस्ताव विभाग को भेजा था। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने भी प्रस्ताव अग्रसारित किया तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी चम्पावत ने 31 मई 2025 को माध्यमिक शिक्षा निदेशक देहरादून को पत्र भेजकर शासन स्तर पर कार्रवाई की मांग की। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी शिक्षा विभाग की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।विद्यालय में विशेष रूप से राजनीति विज्ञान और संस्कृत विषय के शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। राजनीति विज्ञान विषय का पद आज तक स्वीकृत नहीं हो पाया है, जबकि वर्ष 1998 से इस विषय की पढ़ाई अन्य विषयों के शिक्षकों के भरोसे कराई जा रही है। विषय विशेषज्ञ न होने के कारण छात्रों के परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले वर्षों में कई छात्र-छात्राएं इस विषय में अनुत्तीर्ण भी हुए हैं। वहीं हाईस्कूल स्तर पर संस्कृत विषय का पद भी स्वीकृत न होने से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शिक्षण कार्य संचालित किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह स्थिति सीधे तौर पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। विद्यालय में सेलानीगोठ, बिचई, मनिहारगोठ, छीनीगोठ, फागपुर और बर्मा लाइन सहित विभिन्न क्षेत्रों के करीब 350 छात्र अध्ययनरत हैं, जिन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षक अभिभावक संघ ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर शीघ्र पद सृजन की मांग की है। उनका आरोप है कि शिक्षा विभाग केवल कागजी कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर छात्रों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है।क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही राजनीति विज्ञान और संस्कृत विषय के पद स्वीकृत कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और शिक्षा विभाग की होगी।

# 30.45 ग्राम स्मैक संग शातिर दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**टनकपुर/बनबसा।** सीमांत क्षेत्र में फैल रहे नशे के कारोबार पर पुलिस ने बड़ा प्रहार करते हुए एक युवक को भारी मात्रा में स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से 30.45 ग्राम अवैध स्मैक और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस पूरे सप्लाई नेटवर्क की परतें खोलने में जुट गई है।

पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशन में जिलेभर में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुरुवार को बनबसा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक युवक संदिग्ध हालत में दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।तलाशी लेने पर उसके पास से स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजय राम उर्फ अज्जू उर्फ अंजन, निवासी उचौलिगोठ, टनकपुर बताया। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा किया कि वह मादक पदार्थ को उधम सिंह नगर जिले के बिढोरा मझोला क्षेत्र से लेकर आया था।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पहले भी एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। ऐसे में पुलिस इसे नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क से जोड़कर जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस कारोबार से जुड़े अन्य चेहरों का भी खुलासा हो सकता है।कार्रवाई करने वाली टीम में एसओजी प्रभारी कमलेश भट्ट, एसआई प्रकाश भट्ट, एसआई निर्मल लटवाल समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।



# ग्राम पंचायत नदंन्ना की खुली बैठक में अनेक बिंदु पर चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। ग्राम पंचायत नदन्ना की खुली बैठक में ग्रामीणों ने अनेक समस्याओं पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता कर रही ग्राम प्रधान माया जोशी ने पंचायत निधि, क्षेत्र पंचायत निधि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या द्वारा स्वीकृत सड़कें एवं मुख्यमंत्री घोषणा में स्वीकृत निर्माण संबंधी कार्यों की जानकारियां दी।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे ग्राम विकास अधिकारी गिरीश चंद्र गहतोडी ने परिवार रजिस्टर, जन्म मृत्यु पंजीकरण, राशन कार्ड सत्यापन, यूसीसी के संबंध में बताया। उन्होंने ग्राम पंचायत के बजट से होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी। बैठक में समाज कल्याण की योजनाओं, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता हेतु कूड़ा गाड़ी पर प्रति परिवार टैक्स, एसआईआर सत्यापन, विवाह पंजीकरण आदि से अवगत कराया। खुली बैठक में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में होने वाले आवश्यक कार्य - नाली निर्माण, खकरा नाला पिचिंग, नालियों की सफाई, सीसी रोड, विद्युत पोल, सोलर लाइट आदि समस्याएं उठाई। खुली बैठक में जिपंस प्रतिनिधि दीपक मुंडेला, कविता गंगवार, हर सिंह थापा, वीर सिंह, अनमोल सिंह, जितेंद्र सिंह, मिथलेश देवी, सोनम देवी, नीला पोखरिया, भारत सिंह खड़का आदि मौजूद रहे।

# युवाओं को बॉर्डर की सुरक्षा में तय करनी होगी अपनी भागीदारी : आशीष बाजपेयी

जागरण मोर्चा कार्यालय



खटीमा।सीमा जागरण मंच द्वारा सीमा विमर्श - सीमा दर्शन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को आंतरिक सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, अवैध घुसपैठ, नशा एवं बदल रही जनसांख्यिकी जैसे विषयों पर जागरूक किया।

शिक्षा भारती इंटर कॉलेज में आयोजित सीमा विमर्श सीमा दर्शन संवाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं प्रदेश संगठन मंत्री आशीष बाजपेयी ने युवाओं का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश को अवैध घुसपैठ, नशे के कारोबार और राष्ट्र विरोधी तत्वों से सर्वाधिक खतरा है। उन्होंने इस ओर युवाओं का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि उत्तराखंड से बाहर गए लोग रिवर्स पलायन की ओर मुड़े देवभूमि वासियों को जाति, क्षेत्र, मत और पंथ से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने बॉर्डर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर कहा कि समय-समय पर मुगल और अंग्रेज आए और भारतीय संस्कृति व मानवता को कुचलने का प्रयास किया , लेकिन देश के महा पुरुषों, वीरांगनांओं के बलिदान की वजह से हम स्वतंत्र भारत में खुली हवा में सांस ले रहे हैं। प्रदेश संगठन मंत्री वाजपेयी ने कहा कि अब इसकी सुरक्षा का दायित्व देश के युवाओं के कंधों पर है। कार्यक्रम अध्यक्ष विद्यालय संस्थापक हरिश्चंद्र पांडे ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य विनय पांडे, कैलाश पांडे, अमित बिष्ट, भोपाल सिंह, श्यामू सिंह, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# नेकी की दीवार अब अव्यवस्था में तब्दील



जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर के मुख्य चौराहे के समीप पुलिस चौकी बाजार के पास फुटपाथ पर "नेकी की दीवार" अब लोगों के जी का जंजाल बने लगी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क एवं पुलिस चौकी बाजार के बीच पुराने कपड़ों का अस्त-व्यस्त स्टॉक तथा इसमें मंडराते आवारा पशु अब लोगों के परेशानी का सबब बनने लगा हैं। मार्ग चलने वाले लोगों एवं वाहन सवारों का न चाहते हुए भी नजरें इस ओर उठ रही हैं। आम लोग इस "नेक की दीवार" की दुर्दशा के संबंध में टिप्पणी करने लगते हैं कि इसकी अब क्या आवश्यकता है।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य ने नेकी की दीवार के संबंध में कहा कि वह इसका पता लग रही हैं कि यह व्यवस्था किसने कराई थी। इसके बाद मार्ग की पटरी पर अस्त-व्यस्त पड़े पुराने कपड़ों की उचित व्यवस्था की जाएगी।

**धर्मकर्म** पीपल व शमी पूजा, तिल और सरसों तेल का दान विशेष फलदायी

# शनि जयंती के साथ वट सावित्री व्रत आज

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** ज्येष्ठ अमावस्या पर इस बार शनि जयंती और वट सावित्री व्रत का विशेष संयोग बन रहा है। महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी आयु की कामना करेंगी, जबकि श्रद्धालु शनि देव की पूजा, दान और मंत्र जाप करेंगे। पीपल व शमी पूजा, तिल और सरसों तेल का दान विशेष फलदायी माना गया है।

ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर शनिवार को शनि जयंती मनाई जाएगी। इस बार शनि जयंती के साथ वट सावित्री व्रत का विशेष संयोग भी बन रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान शनि का जन्म हुआ था। श्रद्धालु व्रत रखकर शनि देव की पूजा, मंत्र जाप और दान-पुण्य करेंगे।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या पितरों के तर्पण, पितृ दोष निवारण और दान के लिए भी अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन गाय, कौवे और कुत्तों को भोजन कराने तथा गरीबों की सहायता करने का विशेष महत्व बताया गया है। भारतीय नक्षत्रवाणी पंचांग के संपादक पुनीत वार्ष्णेय ने बताया कि वर्तमान में कुंभ, मीन और मेष राशि पर शनि की साढ़ेसाती और सिंह और धनु राशि पर ढैय्या का प्रभाव चल रहा है। ऐसे में पीपल और शमी वृक्ष की पूजा, सरसों के तेल का दीपक जलाने, काले तिल, उड़द, लोहे के बर्तन और काले वस्त्र का दान करने से शनि देव प्रसन्न होते हैं। भगवान शिव और हनुमान जी की उपासना को भी लाभकारी माना गया है। ज्योतिषाचार्य एसएस. नागपाल के अनुसार वट सावित्री व्रत 14 मई से शुरू होकर 16 मई को समाप्त होगा। इस दौरान महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

### ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि की

- शुरुआत 16 मई 2026 को सुबह 05 :11 बजे से होगी।
- इसका समापन 17 मई 2026 को रात्रि 01 :30 बजे पर होगा।
- उदया तिथि के अनुसार, वट सावित्री व्रत 16 मई 2026, शनिवार को रखा जाएगा।
- व्रती महिलाएं 17 मई को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में पूजा के बाद व्रत खोल सकती हैं।

# इंस्टाग्राम पर दोस्त से झगड़े के बाद नहर में कूदी युवती, मौत

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** कृष्णानगर के स्नेहनगर निवासी अंजलि (19) का बृहस्पतिवार दोपहर इंस्टाग्राम दोस्त से कुछ विवाद हो गया। इसके बाद अंजलि वीआईपी रोड स्थित शारदा नहर में छलांग लगा दी। साथ मौजूद युवक उसका मोबाइल लेकर भाग गया। आशियाना पुलिस ने अंजलि को नहर से निकलवाया और अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। फिलहाल परिजनों ने खुलकर कोई आरोप नहीं लगाया है, पर कृष्णानगर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मूल रूप से सीतापुर के सकरन तारपार गांव निवासी अंजलि दूसरों के घर में काम करती है। पति मौजी लाल ने बताया कि बेटी की दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से गोमतीनगर निवासी एक युवक से हुई थी। बृहस्पतिवार सुबह बेटी युवक के साथ काम के सिलसिले में प्रयागराज जाने की बात कहकर निकली थी। आरोप है कि वीआईपी रोड के पास अंजलि का युवक से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि अंजलि ने शारदा नहर में छलांग लगा दी। अंजलि को नहर में कूदता देख साथ में मौजूद युवक उसका मोबाइल फोन लेकर भाग निकला। लोगों ने युवती को नहर में कूदते देख सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दे दी। कुछ ही देर में आशियाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। लोगों की मदद से पुलिस ने अंजलि को नहर से बाहर निकलवाया। उस वक्त उसकी सांस चल रही थी। पुलिस ने उसको लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान अंजलि की मौत हो गई।

**एक नजर**

### पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर सपा ने जताई नाराजगी


पवन सिंह यादव।

**पीलीभीत।** पवन सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी ने पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और नेपाल जैसे देशों ने जनता को राहत देने के लिए ईंधन पर टैक्स कम किए हैं, जबकि भारत में लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल महंगा होने से परिवहन, खाद्य पदार्थों और खेती की लागत बढ़ रही है, जिससे किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। सपा नेता ने केंद्र सरकार से पेट्रोल-डीजल पर टैक्स कम कर आम जनता को राहत देने की मांग की। पवन सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसान, मजदूर, युवा और गरीबों की आवाज बनकर संघर्ष करती रही है और आगे भी जनता के हितों के लिए लड़ाई जारी रखेगी।

# बुलडोजर कार्रवाई: सपा का पुराना कार्यालय ध्वस्त

## नगर पालिका की कार्रवाई, जर्जर भवन हटाकर बनाई जाएगी मार्केट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शहर के व्यस्त नकटादाना चौराहे पर शुक्रवार को नगर पालिका प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए समाजवादी पार्टी के पुराने कार्यालय भवन को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में रखा गया। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कुछ ही घंटों में जर्जर भवन मलबे में तब्दील हो गया।

जानकारी के अनुसार, यह भवन नगर पालिका परिषद का पुराना अधिशासी अधिकारी (ईओ) आवास था, जिस पर लंबे समय से समाजवादी पार्टी का कार्यालय संचालित हो रहा था। नगर पालिका ने कुछ समय पहले भवन को कब्जा मुक्त कराया था। भवन की हालत बेहद जर्जर बताई जा रही थी, जिसके चलते प्रशासन ने उसे गिराने का निर्णय लिया।


सपा कार्यालय पर बुलडोजर कार्रवाई। -जागरण मोर्चा

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि भवन पालिका की संपत्ति है और काफी समय से उस पर अवैध कब्जा था। भवन की जर्जर स्थिति सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा बन चुकी थी। इसी को ध्यान में रखते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई गई है।

उन्होंने बताया कि भविष्य में इस स्थान पर व्यवस्थित मार्केट विकसित की जाएगी, जहां दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। कार्रवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट यशवर्धन सिंह तोमर स्वयं मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी करते रहे। शहर के प्रमुख चौराहे पर बुलडोजर कार्रवाई देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। भीड़ को नियंत्रित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया।


मौके पर तैनात पुलिस फोर्स। -जागरण मोर्चा

### न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद सपा कार्यालय पर चला बुलडोजर, लोकतंत्र की हत्या : जगदेव सिंह जग्गा



**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने सपा कार्यालय पर नगर पालिका द्वारा की गई बुलडोजर कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद प्रशासन ने भाजपा सरकार के दबाव में असंवैधानिक तरीके से कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निरीक्षण में सपा कार्यालय पर पार्टी के ताले और सामान मौजूद पाए गए थे, इसके बावजूद बिना वैधानिक नोटिस के भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्यालय को तोड़ दिया गया। सपा नेताओं का आरोप है कि प्रशासन ने न्यायिक प्रक्रिया और संवैधानिक नियमों की अनदेखी करते हुए यह कार्रवाई की है। जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि भाजपा सरकार सपा की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

# मेधावियों को ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर के गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा तथा गृह वार्षिक परीक्षा में विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं के सम्मान में मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावियों को ट्रॉफी एवं नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सेवानिवृत प्रधानाचार्य एवं नगर के प्रतिष्ठित कवि के.के. मिश्रा तथा विद्यालय के सेवानिवृत प्रवक्ता ओम प्रकाश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 में 90.3% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे छात्र जितिन कुशवाहा को ट्राफी तथा नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर उर्वेश कुमार तथा तृतीय स्थान पर संजीव कुमार रहे। इंटरमीडिएट कला वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः प्रिंस, गुलाब सिंह व अमन सक्सैना रहे। इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 विज्ञान वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः बृजेश कुमार, हनीश बाबू व अमितेश कश्यप रहे। इन सभी होनहार छात्रों को मुख्य अतिथि के.के. मिश्रा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश राय के द्वारा फूलमाला पहनाकर व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



मेधावियों को पुरस्कार देते हुए सेवानिवृत्त प्रवक्ता ओपी शर्मा। -जागरण मोर्चा

- नगर के गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज में हुआ मेधा सम्मान समारोह
- हाई स्कूल एवं इंटर के अलावा गृह परीक्षा के मेधावी भी हुए सम्मानित

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के.के. मिश्रा ने कहा कि बड़ी सफलता केवल कठिन परिश्रम से ही मिल सकती है। प्रधानाचार्य सुरेश राय ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा समस्त अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान की अध्यापिका कुमारी आस्था मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मीनाक्षी, ओमकार, राजीव कुमार गुप्ता, विभीषण, जेपी मिश्रा, प्राची, प्रदीप तिवारी, सतपाल, उजमा, मनु, राहुल शर्मा, सुषमा, त्रिवेंद्र, आशीष, विजय तिवारी आदि रहे।

### तमंचा से फायर कर युवक पर जान से मारने प्रयास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कंजाखेड़ा में 10 मई की शाम हुए जानलेवा हमले और फायरिंग के मामले में एसपी के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।ग्राम निवासी मोरकली के अनुसार, उनके पति सियाराम अपने भाई राजू को संजीव और दिनेश से बचा रहे थे। इसी बीच आरोपियों ने सियाराम पर बांके से हमला कर दिया। दिनेश ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर भी किया, जिसमें वह बाल-बाल बचे। बीच-बचाव करने आई मोरकली को भी पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

# डीएम और एसपी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने शुक्रवार को विकासखंड ललौरीखेड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था, छात्रावास एवं भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने कक्षाओं में पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया और शिक्षा के स्तर को परखा। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि समय सारिणी के अनुसार नियमित रूप से पठन-पाठन कराया जाए, ताकि छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल सके और उनका भविष्य उज्ज्वल हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने रसोईघर और छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता की जांच करते हुए वार्डन को निर्देशित किया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार कराया जाए तथा हरी सब्जियों को भोजन में शामिल किया जाए। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में विद्युत व्यवस्था, स्नान हेतु पानी, बिस्तरों की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली गई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, प्रधानाचार्य, अध्यापिकाएं एवं वार्डन मौजूद रहे।


कस्तूरबा गांधी बालिका कॉलेज में निरीक्षण करते डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

# माधोटांडा : बालू ढुलाई से उड़ रही धूल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**माधोटांडा।** क्षेत्र के परसरामपुर में सिंचाई विभाग की नहर पटरी से जेसीबी मशीन के जरिए ट्रैक्टर-ट्रालियों में बालू भरी जा रही है। आरोप है कि बालू खुली ट्रालियों में ले जाई जा रही है, जिससे माधोटांडा - पीलीभीत रोड पर धूल-मिट्टी उड़ रही है।

इससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और सड़क हादसे की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रालियों से उड़ने वाली धूल के कारण सड़क पर दृश्यता प्रभावित होती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। साथ ही लगातार फैल रहे प्रदूषण से आसपास के लोग परेशान हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कुछ ट्रैक्टर-ट्रालियों पर नंबर तक दर्ज नहीं हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे वाहनों के संचालन को लेकर लोगों ने सवाल उठाए हैं।



**धड़ल्ले से बिना नंबर की ट्रालियां भी दौड़ रहीं**

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से खुले में बालू ढुलाई पर रोक लगाने, ट्रालियों को तिरपाल से ढककर ले जाने और बिना नंबर वाले वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में एसडीएम कलीनगर प्रमेश कुमार ने बताया कि बालू खनन की अनुमति एवं रॉयल्टी जमा की गई है। हालांकि खुले में बालू ले जाने की शिकायत मिली है, जिसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# केबिल में आग लगने से बिजली आपूर्ति बाधित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र के सिकरहाना गांव में गुरुवार देर शाम 10 बजे गांव में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी मुख्य केबल में अचानक आग लग गई,जिससे पूरे इलाके की बिजली सप्लाई ठप हो गई।

लोगों के अनुसार केबल से अचानक चिंगारियां निकलने लगीं और कुछ ही देर में आग ने तेजी पकड़ ली। इससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। हालांकि आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता अभी तक नहीं चल सका है। प्रारंभिक




आशंका जताई जा रही है कि ओवरलोडिंग या तकनीकी खराबी के कारण यह घटना हुई हो सकती है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से गांव और आसपास के क्षेत्रों में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। लोगों को पेयजल आपूर्ति, मोबाइल चार्जिंग और अन्य जरूरी कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द से जल्द मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। बिजली विभाग द्वारा मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। स्थिति सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### अवैध कक्षाएं चलाने पर स्कूल पर लाख का जुर्माना

**पीलीभीत।** शिक्षा विभाग ने पूरनपुर ब्लॉक के कबीरगंज स्थित शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। विद्यालय पर केवल कक्षा 10 तक की मान्यता होने के बावजूद अवैध रूप से कक्षा 11 और 12 संचालित करने का आरोप सिद्ध हुआ है। आईजीआरएस पोर्टल पर मिली शिकायत के बाद गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट में अनियमितता की पुष्टि हुई। जांच में पाया गया कि विद्यालय पहले भी चेतावनी के बावजूद नियमों का उल्लंघन कर रहा था। जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार ने मामले को गंभीर मानते हुए अर्थदंड लगाया और कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# वन विभाग की भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पीलीभीत जिले की पीटीआर सीमा से सटे जंगल में वन विभाग,राजस्व टीम और पुलिस की संयुक्त टीम ने वन भूमि पर किए गए अवैध कब्जा हटवाया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कई बीघा भूमि कराई कब्जामुक्त कराई गई। जिससे कब्जाधारको में खलवली मची रही।

शाहजहांपुर जिले की खुटार रेंज से पीलीभीत टाइगर रिजर्व को हस्तांतरित की भूमि पर अतिक्रमणकारी दशकों से कब्जा कर फसल उगा रहे थे। शुक्रवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) की शाहजहांपुर सीमा पर स्थित नवदिया बंकी बीट क्षेत्र में वन विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम भारी पुलिस बल के साथ नवदिया बंकी बीट पहुंची। पैमाइश शुरु की गई। सूचना मिलने पर बडी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। राजस्व विभाग की टीम ने वन भूमि का सीमांकन कराया और कब्जे वाले हिस्सों को चिन्हित किया गया। इसके बाद भूमि से कब्जा हटाना शुरू कर दिया। इसको लेकर कुछ लोगों ने नाराजगी भी जताई। इस दौरान करीब दस एकड भूमि कब्जा मुक्त कराई। भूमि को अब वन विभाग की निगरानी में रखा जाएगा। दोबारा अतिक्रमण रोकने के लिए विशेष निगरानी दल तैनात किए जाएंगे। इसके साथ ही भूमि पर पौधरोपण कराने की योजना भी तैयार की जा रही है, ताकि जंगल का स्वरूप फिर से विकसित किया जा सके।

### अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**माधोटांडा।** क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम के साथ छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने अवैध खनन और परिवहन में लिप्त चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार, टीम को लंबे समय से क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के चलते मंगलवार को संयुक्त कार्रवाई की गई।




# समस्याओं को लेकर भाकियू का ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शुक्रवार को तहसील परिसर में भाकियू (टिकैत गुट) के नेताओं ने नायब तहसीलदार को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

भाकियू नेताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के किसानों को कई स्तरों पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य रूप से गन्ना भुगतान में देरी, बिजली आपूर्ति की अनियमितता, और सिंचाई के साधनों की कमी जैसे मुद्दे ज्ञापन में उठाए गए। नेताओं ने कहा कि समय पर भुगतान न होने से किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। किसानों को समितियों पर खाद नही मिल रहा है। जिससे किसानों को खाद के लिए इधर उधर भटकना पड रहा है। आवारा पशुओं की भरमार है।जो किसानों की फसलों को रौंद कर नष्ट कर रहे है। साथ ही आए दिन हादसे भी हो रहे है। बिजली की कटौती से लोग परेशान है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि किसानों की जमीन से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो किसान संगठन बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार करेगा। इस दौरान नायब तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि सभी मांगों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने की कोशिश की जाएगी।


नायब तहसीलदार को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन देते हुए।

# मांगों को लेकर मजदूर सभा का ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शुक्रवार को खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के लोगों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन ग्रामीण मजदूरों और किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर दिया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण मांगें शामिल थीं।

संगठन के नेताओं ने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत काम की उपलब्धता लगातार कम होती जा रही है। जिससे मजदूरों को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। उनका कहना था कि कई गांवों में जॉब कार्ड धारकों को समय पर काम नहीं मिल रहा,और जिन लोगों ने काम किया है उन्हें भुगतान में देरी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और तकनीकी दिक्कतों को भी उन्होंने प्रमुख समस्या बताया।




खेत एवं ग्रामीण मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में यह भी मांग रखी कि पात्र लाभार्थियों का सत्यापन तेजी से किया जाए और किसी भी तरह की लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे गरीब मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन सौंपते समय संगठन के नेताओं ने नारेबाजी भी की और कहा कि अगर प्रशासन ने जल्द उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान बडी संख्या में मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण वर्ग में गूंजा राष्ट्रवाद और अंत्योदय का संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बिसौली, बदायूं।** तहसील क्षेत्र के कस्बा मुडिया स्थित एमजी ग्रीन रिसॉर्ट में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत भाजपा का जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हुआ। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा और प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भाजपा को केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आंदोलन बताया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, डॉ. दिनेश शर्मा सहित जिले के सभी विधायक, एमएलसी और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यकर्ताओं को वैचारिक मजबूती का मंत्र दिया।

प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने भाजपा की विकास यात्रा और सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है, हालांकि आतंकवाद और विपक्ष के दुष्प्रचार जैसी चुनौतियां अब भी बरकरार हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने एकात्म मानववाद को पार्टी की आत्मा बताते हुए कहा कि राम मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम जैसे कार्यों ने सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित किया है।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा ने भाजपा को विचार परिवार का संगम बताया, जो अंत्योदय की भावना से कार्य कर रहा है। संजीव प्रताप सिंह ने जनसंघ से भाजपा तक के संघर्षपूर्ण इतिहास को साझा किया, वहीं बरेली कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने उज्ज्वला, आयुष्मान और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में संगठन की भूमिका को रेखांकित किया। अंत में, प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने बूथ प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही जीत का असली आधार है।

कार्यक्रम में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, विधायक महेश चंद्र गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, हरीश शाक्य, एमएलसी वागीश पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, पूर्व विधयाक कुशाग्र सागर, विमल कृष्ण अग्रवाल, धर्मेंद्र शाक्य, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव और डीके भारद्वाज समेत सभी प्रमुख नेताओं, ब्लॉक प्रमुखों और चेयरमैन की उपस्थिति रही। प्रदर्शनी के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने पार्टी के ऐतिहासिक निर्णयों और जनसेवा के कार्यों का अवलोकन किया।

### वैचारिक अधिष्ठान और अंत्योदय पर बोले क्षेत्रीय अध्यक्ष

क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि भाजपा की राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रवाद की विचारधारा को आधार बनाकर जनता के बीच जाएं और संगठन को और अधिक समावेशी बनाएं।

## एक नजर

### गंगा स्नान के दौरान डूबने से कासगंज की किशोरी की मौत

**बदायूं।** गंगा स्नान के दौरान एक 13 वर्षीय किशोरी की डूबने से मौत हो गई। यह घटना आज दोपहर उझानी कोतवाली क्षेत्र के कछला गंगाघाट पर हुई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। कासगंज के बहेड़िया गांव निवासी संजू अपने परिवार के साथ आज सुबह मोक्षदायिनी कछला घाट पर गंगा स्नान के लिए पहुंचे थे। स्नान के दौरान उनकी बेटी मुस्कान (13) गहरे पानी में चली गई। वहां पानी का बहाव तेज और गहराई अधिक होने के कारण वह डूबने लगी। मुस्कान को डूबता देख परिजनों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास मौजूद गोताखोर और कछला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोर मुस्कान के शव को गंगा से बाहर निकाल पाए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। किशोरी का शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही, लेकिन परिजनों ने लिखित में इससे इनकार कर दिया।

# तूफान मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** आंधी तूफान के दौरान जान गंवाने वाले परिजनों को शासन की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई। शुक्रवार को प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री माध्यमिक शिक्षा व जनपद प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने तहसील क्षेत्र के गांव बीरमपुर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

तेज आंधी तूफान के दौरान मृत व्यक्तियों में रामश्री पत्नी छत्रपाल निवासी ग्राम फतेहपुर बीरमपुर, लक्ष्मी देवी पत्नी अमर सिंह निवासी ग्राम तर्क परोली एवं ट्रक ड्राइवर योगेश कांत पुत्र होती सिंह निवासी ग्राम भोपतपुर तहसील डिबाई शामिल है। शासन द्वारा दैवीय आपदा राहत मद के अंतर्गत पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। प्रभारी मंत्री ने मृतकों के परिजनों को सहायता राशि प्रदान करने हुए कहा कि प्रदेश सरकार इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर संभव सहायता और सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि पीड़ित परिवारों को कठिन समय में संबल मिल सके। प्रभारी मंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। तहसील क्षेत्र में तेज आंधी एवं हल्की बारिश के दौरान हुई दुखद घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों को तत्काल राहत पहुंचाते हुए प्रशासन ने संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी ने राज्य आपदा मोचक निधि से मृतकों के परिजनों के खाते में चार चार लाख रुपए की अहेतुक सहायता राशि भेजने की कार्यवाही युद्ध स्तर पर पूर्ण कराई गई। इस दौरान पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, एसडीएम श्री साई आश्रित शाख मुरी, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अनंगराज सिंह, सीओ संजीव कुमार, मनोज शर्मा आदि रहे।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेसियों की बैठक

**बदायूं।** नगर में कांग्रेस की युवा नगर अध्यक्ष आदित्य माथुर उर्फ सोनू के आवास पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश भर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था का विरोध करते हुए इसे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताया। बैठक को संबोधित करते हुए युवा नगर अध्यक्ष आदित्य माथुर ने कहा कि प्रदेश सरकार स्मार्ट मीटर लगाकर जनता को लूटने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटरों के माध्यम से उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अनियमित बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम आदमी परेशान है। कांग्रेस पार्टी इस व्यवस्था को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

# कंपनी की लापरवाही, कई गांवों में अंधेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** बगरैन बिजली घर के पेंपल फीडर पर वोल्टास कंपनी की कथित लापरवाही के चलते कई गांवों में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी द्वारा न तो सड़क पर गिरे खंभों को हटाया गया है और न ही बिजली लाइन को दुरुस्त कराया गया है, जिससे क्षेत्र में अंधेरा पसरा हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार, समस्या उत्पन्न हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वोल्टास कंपनी के इंजीनियर का कहना है कि "जब ऊपर से खंभे ही उपलब्ध नहीं हैं तो उन्हें कहां से लाया जाए", जिससे कंपनी की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, बगरैन बिजली घर पर तैनात अधिकारियों का कहना है कि देरी का मुख्य कारण कंपनी की लापरवाही है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लगभग तीन से चार गांवों के लोग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने शुरुआत में इसे दैवीय आपदा मानकर धैर्य रखा, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, उनका आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि बिजली न होने के कारण दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। पानी की आपूर्ति, खेती-बाड़ी के कार्य, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी काम ठप पड़ गए हैं। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि आखिर क्यों केवल उनके गांवों को ही इस तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन बच्चों को किया गया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन कक्षा एक से कक्षा 3 में आर्ट एंड क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग डांस, इंग्लिश स्पीकिंग के प्रशिक्षण दिए गए। सभी परीक्षण कक्षाएं विद्यालय की शिक्षिका श्वेता शर्मा के निर्देशन में सिखाए जा रहे हैं। इस दौरान शिक्षिका सुंदरी, विनीता, स्वाती सक्सेना, दिव्या चौहान, सिम्मी, रीता, नीलोफर, चेतना, नीलम, शगुफ्ता, सुरभि मिश्रा, कुमकुम मिश्रा, अर्चना रस्तोगी आदि शिक्षकों ने बच्चों से बहुत ही अच्छे अच्छे कार्ड आर्ट एवं क्राफ्ट के उपयोगी साज सज्जा के सामान एंव किले मॉडलिंग में शिवलिंग शिवजी गणेश जी विभिन्न प्रकार के फूल एवं फल आदि बनवाए। छात्र-छात्राओं में आराध्या सिंह, आराध्या मिश्रा, अनन्या, अक्षय, अंशुमन, अंश सक्सेना, आरोही शर्मा, आर्यन यादव, अहद मलिक, अवंतिका यादव, अक्षत शर्मा, आरुषि यादव, अभिजीत, अंकुश बाबू, दिव्यांशु, देवांश सक्सेना, दुष्यंत, जेम्स बॉन्ड, कुंज वार्ष्णेय, काव्या यादव, फैज हसन, प्रियदर्शनी, प्रवीण, नैतिक, प्राची, राधिका, प्रिया, शिवांश शिखर, समर्थ ठाकुर श्रेष्ठ रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मीनू बत्रा ने सभी शिक्षकों के परिश्रम व रुचि की प्रशंसा की एवं कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों की कल्पना शक्ति तीव्र होती है एवं सृजनात्मकता बढ़ती है।

# चोरी से बेटी की गोद भराई अधूरी, पिता बेहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**इस्लामनगर।** गरीब पिता ने मेहनत मजदूरी कर बिटिया के हाथ पीले करने के लिए सोने चांदी के आभूषण घर में खरीद कर रखे थे लेकिन चोरों द्वारा गरीब के घर को निशाना बनाया और रात में सेंध लगाकर चोर उसके घर में रखी सोने चांदी के आभूषण चुराकर फरार हो गए।

जिसके चलते गरीब पिता की बेटी की गोद रस्म अदायगी अधूरी रह गई। विगत दिन पूर्व इस्लामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सिठौली निवासी नरेंद्र पुत्र अमरपाल की बेटी का गोद भराई का कार्यक्रम होना था, लेकिन चोरों द्वारा घर में सेंध लगाकर बेटी की गोद भराई के लिए इकट्ठा किया सामान चोर चुरा कर ले गए। किसी ने कहा है कि ईश्वर गरीबी न दे, अगर गरीबी दे तो बेटी ना दे, क्योंकि हर मां बाप चाहते हैं कि बेटी अच्छे घर जाए, अच्छे रिश्तेदार मिले, अच्छा परिवार मिले, जिस घर में बेटी जाए, खूब सुखी रहे।

लेकिन गरीब पिता की ज्यादा बेटी की शादी में पैसा खर्च करने तमन्ना होती है, लेकिन गरीब पिता के पास ज्यादा पैसा न होने के कारण उसकी इच्छा अधूरी रह जाती है। गरीब पिता मेहनत मजदूरी कर थोड़ा बहुत पैसा सोना चांदी के आभूषण इकट्ठा कर लेता है, तो चोरों द्वारा उसे निशाना बना लिया जाता है, जिसके चलते गरीब के अरमान दिल में ही रह जाते हैं।

## कादरचौक के मोहनगंज में 8 दिन से गुल है बिजली

**बदायूं।** विकासखंड कादरचौक के गांव मोहनगंज में पिछले 8 दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। मई का महीना और भीषण गर्मी के बीच बिजली न आने से ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन और रात दोनों में बिजली न होने से घरों में उमस और गर्मी बढ़ गई है। पंखे, कूलर और फ्रिज सब शोपीस बनकर रह गए हैं। रात में अंधेरे में रहने को लोग मजबूर हैं। छोटे बच्चों और बुजुर्गों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को कई बार सूचना दी, लेकिन अब तक कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा और न ही बिजली सुधारी गई। महेश, महेंद्र, लालाराम, सियाराम, तोताराम समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि खेती का काम भी बिजली न होने से प्रभावित हो रहा है।

# सम्मान पाकर खिल उठे मेधावीयों के चेहरे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** संविलित विद्यालय हत्सा में एक भव्य बैग तथा स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी साईं आश्रित शाख मुरी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय की मेधावी छात्रा तोयस्का, सुहानी एवं सृष्टि ने अत्यंत सुमधुर कंठ से मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। एसडीएम साईं आश्रित शाख मुरी द्वारा कक्षा 1 से 5 तक के सभी छात्र-छात्राओं को नए स्कूल बैग और आवश्यक स्टेशनरी किट प्रदान की। उन्होंने आय आधारित छात्रवृत्ति योग्यता परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का असली आधार है। संसाधनों के अभाव में किसी भी बच्चे की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इस दौरान शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मधुकर उपाध्याय तथा ब्लॉक मंत्री अनुज कुमार शर्मा तथा समाजसेवी सत्यनारायण शर्मा ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया और विचार व्यक्त किए। इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका शिवानी गुप्ता, देवकीनंदन पाठक, देवशरण पाठक, आशा पाठक, ग्राम प्रधान राम बाबू एवं रामादेवी, एआरपी रानी, एआरपी मचिन मिश्रा, शिक्षक संकुल अजीत सिंह, शीतल सक्सेना, राहुल वार्ष्णेय, दिनेश चंद्र, विशाल तिवारी, डौली शर्मा, गौरव कुमार, शीतल आदि रहे।

# जानलेवा हमले के आरोपी को दिया दोषी करार, आजीवन कारावास की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** दलित पर कातिलाना हमला करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश एस सी एस टी एक्ट राजवीर सिंह ने आजीवन कारावास समेत तीस हजार रुपए जुर्माना डाला है।

अभियोजिजन पक्ष के अनुसार परिवादी महिला (जिस का नाम) नहीं लिखा है कि थाना इस्लामनगर ने 30 में 2020 को सूचना दी समय 7:00 बजे शाम वह और उसके पति श्याम सिंह अपने बच्चों के साथ घर पर मौजूद थे तभी हमारे गांव के प्रधान यशवीर सिंह पुत्र रामपाल निवासी सैफुल्लागंज अपने पुत्र मनीष के साथ हमारे घर पर आए और कहां की बहुत बनते हो ठीक से नहीं रहना तथा वह बदतमीजी करते हुए मेरे पति को सड़क पर खींच कर जान से मारने की नीयत से गोली मार दी गली मेरे पति की दयानी जंग में लगी और वह गिर गए उन्हें इलाज हेतु पीएचसी इस्लामनगर लेकर आए हैं प्रधान ने कई फायर किए और जाति सूतक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज भी की। न्यायालय में यशवीर सिंह पुत्र रामपाल निवासी ग्राम सैफुल्लागंज थाना इस्लामनगर पर दलित पर कातिलाना हमला करने और जाति सूतक शब्दों का प्रयोग करने और गाली गलौज करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक जीतेन्द्र सिंह व यशवरिया राजपूत व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलो को सुनने के पश्चात उक्त आरोप में दोषी पाते हुए उसे सजा सुनाई है।

**किसान-मसीहा**

**भाकियू ने पर्यावरण दिवस के रूप में मनाई चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि, किया वृक्षारोपण**

# किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 15वीं पुण्यतिथि मनाई गई

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 15वीं पुण्यतिथि पर मालवीय आवास गृह में पुष्प अर्पित करके भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने हवन करके भी श्रद्धांजलि अर्पित की उल्लेखनीय रहे भारतीय किसान यूनियन के नियोजित कार्यक्रम के तहत आज पुण्यतिथि को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया।

श्रद्धाजंलियां अर्पित करके भारतीय किसान यूनियन के मंडल प्रवक्ता के आवास कैंप कार्यालय चित्रांश नगर में वृक्षारोपण करके पर्यावरण दिवस मनाया गया। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने स्वर्गीय किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को याद करते हुए कहा चौधरी साहब को भुलाया नहीं जा सकता आंदोलन की हुंकार उन्हीं के नारों से गूंजती है किसानों को आवाज उठाना चौधरी चौधरी साहब ने सिखा दिया किसानों की आवाज थे चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत। दोपहर 2:00 बजे के बाद सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल ज्ञापन लेने पहुंचे पहले से ही झूठा मुकदमा हरिजन एक्ट के खिलाफ धरना लगा हुआ था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्णय लेकर जांच को अधिकारी बदल दिया। अब दातागंज सीओ जांच करेंगे।

### सिटी मजिस्ट्रेट ने आज किसानों से कहा कि अब धरना खत्म किया जाए

मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना व मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह ने संयुक्त रूप से घोषणा की झूठे मुकदमे को लेकरधरना जो चल रहा था उसे स्थगित कर दिया गया आज प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का मौन घेराव था परंतु जांच बदलने के बाद घेराव स्थगित कर दिया गया था। आज धरने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महिलाओं सहित भारी भी जुटी सैकड़ो की संख्या में हरी टोपी दरी अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने आए। प्रमुख रूप से जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंभीर बीमारी होने के बावजूद भी ठाकुर अजय पाल सिंह ने स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए सदर तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह उपाध्यक्ष केसर अली ब्लॉक अध्यक्ष सलारपुर पप्पू सैफी उसैहत से वरिष्ठ नेता पूरनलाल गुप्ता दहगवा ब्लॉक अध्यक्ष जुगल किशोर यादव नेताजी मंडल सचिव पूर्व प्रधान पप्पू यादव बाबा गरीबदास उदयवीर सूरदास जिला संगठन मंत्री महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष नसरीन बेगम पप्पू कुशवाहा साबिर हुसैन सुरेश दीवान बृजपाल प्रजापति मोहनलाल वर्मा खूबचंद वर्मा पप्पू सागर पुतुलाल लेखराज फैयाज प्रधान पालन सिंह राठौड़ आदि लोग मौजूद रहे।

# चेन्नई ने लखनऊ को दिया 188 रनों का लक्ष्य



**लखनऊ।** आज आईपीएल 2026 का 59वां मुकाबला लखनऊ सुपर जाएंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में सीएसके की नजरें जीत के साथ प्लेऑफ के लिए स्थिति मजबूत करने पर होंगी। लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है।

चेन्नई ने लखनऊ को 188 रनों का लक्ष्य दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने कार्तिक शर्मा की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 187 रन बनाए। वहीं, लखनऊ के लिए आकाश सिंह ने तीन विकेट लिए जबकि मोहम्मद शमी और शाहबाज अहमद ने एक-एक सफलता अपने नाम की। चेन्नई को पांचवां झटका शाहबाज ने दिया। उन्होंने कार्तिक को मार्करम के हाथों कैच कराया। वह 42 गेंदों में 71 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे और प्रशांत वीर फिलहाल क्रीज पर मौजूद हैं।

चेन्नई को चौथा झटका मोहम्मद शमी ने दिया। उन्होंने आकाश सिंह के हाथों ब्रेविस को कैच कराया। वह 16 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए और उन्होंने कार्तिक शर्मा के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी निभाई। कार्तिक शर्मा ने 36 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह डेवाल्ड ब्रेविस के साथ चौथे विकेट के लिए 60 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभा चुके हैं।

शुरुआती झटकों के बाद कार्तिक शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने सीएसके की पारी को संभाला। इन दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हो गई है जिससे टीम का स्कोर 100 के पार पहुंच गया है। नौ ओवर का खेल पूरा हो चुका है और चेन्नई ने तीन विकेट खोकर 69 रन बना लिए हैं। कार्तिक शर्मा 17 और डेवाल्ड ब्रेविस आठ रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। लखनऊ को तीसरी सफलता भी आकाश ने ही दिलाई। उन्होंने उर्विल पटेल को मिचेल मार्श के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ छह रन बना पाए। अब कार्तिक के साथ बल्लेबाजी के लिए डेवाल्ड ब्रेविस आए हैं। लखनऊ को दूसरी सफलता भी आकाश सिंह ने दिलाई। उन्होंने मुकुल चौधरी के हाथों संजू सैमसन को कैच कराया। वह 20 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**चेन्नई सुपर किंग्स :** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, प्रशांत वीर, अंशुल कंबोज, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, मुकेश चौधरी।

**इम्पैक्ट खिलाड़ी :** गुरजपनीत सिंह, अकील हुसैन, सरफराज खान, मैथ्यू शॉर्ट, मैट हेनरी।

**लखनऊ सुपर जाएंट्स :** मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), एडेन मार्करम, मुकुल चौधरी, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, मोहम्मद शमी, आकाश सिंह, प्रिंस यादव।

**इम्पैक्ट खिलाड़ी :** जोश इंग्लिस, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, आयुष बडोनी।

# 'हम दोस्तों का एक ग्रुप थे', टेस्ट में भारत के स्वर्णिम दौर को याद कर भावुक हुए कोहली



**बंगलूरू।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अपने टेस्ट कप्तानी दौर को भारतीय क्रिकेट का 'गोल्डन एरा' बताया है। विराट ने कहा कि उस समय टीम में खिलाड़ी सिर्फ साथी नहीं बल्कि दोस्तों की तरह थे। उन्होंने बताया कि टीम के भीतर कोई सीनियर-जूनियर जैसा माहौल नहीं था और हर खिलाड़ी खुद को टीम बनाने की जिम्मेदारी का हिस्सा मानता था। विराट की कप्तानी में भारत ने विदेशी जमीन पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की और दुनिया की सबसे मजबूत टेस्ट टीमों में जगह बनाई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पॉडकास्ट में बातचीत करते हुए विराट कोहली ने भारतीय टेस्ट टीम के अपने दौर को याद किया। उन्होंने कहा कि उस टीम की सबसे बड़ी ताकत खिलाड़ियों के बीच की दोस्ती और आपसी भरोसा था। विराट ने कहा, 'सबसे अहम चीज हमारी औसत उम्र थी। सीनियर और जूनियर के बीच कोई झिझक नहीं थी। हम दोस्तों के एक ग्रुप की तरह थे।' उन्होंने बताया कि चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, रविचंद्रन अश्विन, ईशांत शर्मा, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी लगभग एक ही उम्र के थे और साथ में आगे बढ़े।

धोनी के टेस्ट क्रिकेट से कप्तानी छोड़ने के बाद विराट ने 2014 ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम की कमान संभाली थी। इसके बाद उन्होंने भारतीय टेस्ट टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी कप्तानी में भारत ने 68 टेस्ट मैचों में 40 जीत दर्ज कीं, जो किसी भी भारतीय कप्तान द्वारा सबसे ज्यादा हैं।

### 'हर खिलाड़ी लेता था जिम्मेदारी'

विराट ने कहा कि उस दौर में सिर्फ कप्तान या कोचिंग स्टाफ ही नहीं, बल्कि हर खिलाड़ी टीम को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी महसूस करता था। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं था कि कुछ लोग ही सब कुछ संभालते थे। हर खिलाड़ी को लगता था कि अगले छह से आठ साल के लिए टीम बनाने में उसकी भूमिका है।' विराट के मुताबिक यही सोच टीम को लगातार बेहतर बनने और ऊंचे मानक बनाए रखने के लिए प्रेरित करती थी।

# खलील-तुषारा के रिप्लेसमेंट का एलान, सीएसके से जुड़े कुलदीप यादव, आरसीबी में रिचर्ड ग्लीसन की एंट्री





**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में चोटिल खिलाड़ियों के चलते टीमों में बदलाव का सिलसिला जारी है। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने तेज गेंदबाज खलील अहमद की जगह कुलदीप यादव को टीम में शामिल किया है, जबकि डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने श्रीलंकाई पेसर नुवान तुषारा के रिप्लेसमेंट के तौर पर इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को साइन किया है। आईपीएल की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में बताया गया कि कुलदीप यादव 30 लाख रुपये में सीएसके से जुड़ेंगे, जबकि रिचर्ड ग्लीसन को आरसीबी ने 1.6 करोड़ रुपये में अपने स्क्वॉड में शामिल किया है।

कुलदीप यादव ने आईपीएल में अपना डेब्यू साल 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए किया था। उन्होंने अब तक लीग में कुल तीन मुकाबले खेले हैं। सीएसके ने उन्हें खलील अहमद की जगह टीम में शामिल किया है। 28 वर्षीय तेज गेंदबाज खलील अहमद इस सीजन सीएसके के लिए पांच मैच खेल चुके थे, जिसमें उन्होंने दो विकेट हासिल किए। 16 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के दौरान उन्हें दाहिने पैर की क्वाड्रिसेप्स मांसपेशी में गंभीर चोट लगी थी। गेंदबाजी रन-अप के दौरान उन्हें दर्द महसूस हुआ और वह अपना स्पेल पूरा नहीं कर सके। शुरुआत में इसे सामान्य ऐंठन माना गया, लेकिन मेडिकल जांच में क्वाड्रिसेप्स में टियर की पुष्टि हुई। बाद में उनकी सफल सर्जरी कराई गई और उन्हें पूरे टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को आरसीबी ने नुवान तुषारा के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया है। ग्लीसन इंग्लैंड के लिए छह टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने नौ विकेट लिए हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 और 2025 में सीएसके और मुंबई का प्रतिनिधित्व किया था। सीएसके के लिए उन्होंने दो और मुंबई इंडियंस के लिए एक मुकाबला खेला था।

# मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या के समर्थन में उतरे अश्विन



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन अच्छा नहीं रहा है। इसे लेकर कप्तान हार्दिक पांड्या पर निशाना साधा जा रहा है, लेकिन रविचंद्रन अश्विन ने हार्दिक का बचाव किया है। अश्विन का कहना है कि सिर्फ कप्तान को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है।

आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है। टीम का प्लेऑफ में पहुंचने का सपना टूट चुका है। हालांकि, भारत के पूर्व गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि एमआई के खराब प्रदर्शन के लिए सिर्फ कप्तान हार्दिक पांड्या को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। एमआई ने इस सीजन अब तक कुल 12 मुकाबलों में खेले हैं, जिसमें से टीम को महज चार मुकाबलों में जीत नसीब हुई है।

अश्विन ने कहा, मैं इस साल उनकी कप्तानी का बिल्कुल भी रिव्यू नहीं करूंगा। सच कहूं तो, जब आपका सीजन ऐसा जाता है, तो कप्तान पर आरोप लगाना काफी गलत है। कोई नहीं आगे आया। टीम खेलने में नाकाम रही और हार्दिक खुद पर आरोप ले लें, आप उनसे कुछ ज्यादा ही करने के लिए कह रहे हैं। वह गुजरात टाइटंस में थे। दो शानदार सीजन खेले (एक में खिताब जीता और एक में उपविजेता)। साफ है कि एक लीडर के तौर पर उन्होंने वहां कुछ सही किया। इसके बाद जब वह मुंबई इंडियंस में लौटे, तो उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा। रोहित शर्मा जैसे मौजूदा कप्तान की जगह लेना आसान नहीं था। आईपीएल में पांच खिताब। रोहित ने एक टी20 विश्व कप जीता है और हार्दिक आकर उनकी जगह ले लेते हैं। देश में आपके बहुत सारे फैंस हैं। आजकल सोशल मीडिया पर टिके रहने के लिए आपको मोटी चमड़ी रखनी पड़ती है।

अश्विन ने इस बात पर भी जोर दिया कि टीम की नाकामियों के लिए सिर्फ कप्तानी ही जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा, मैं उनकी कप्तानी को ज्यादा जज नहीं करूंगा क्योंकि गेंदबाजी ने भी हर तरफ रन लुटाए हैं। हर बार जब कोई ओवर छह या सात रन के लिए फेंका जाता है, तो 15 रन का ओवर आता है। एक कप्तान के तौर पर आप क्या करते हैं? हां, उन्होंने कुछ ऐसे फैसले लिए हैं जिन पर बहस हो सकती है। कप्तानी इस बात का नतीजा है कि आपकी टीम आपको कैसा दिखाती है। इसी वजह से मेरा मानना है कि जब आपका सीजन अच्छा हो, तो कप्तान को ज्यादा श्रेय न दें। जब आपका सीजन खराब हो, तो उसका ठीकरा कप्तान पर न फोड़ें। कोच के साथ भी ऐसा ही है। कोच खिलाड़ियों को बाहर भेजता है। इसी कारण आप उन्हें ज्यादा दोष नहीं दे सकते।

# भारत में सोने का आयात 82 फीसदी बढ़ा, चांदी भी 157 फीसदी उछली

**नई दिल्ली।** अप्रैल में भारत का सोने का आयात 81.69 फीसदी बढ़कर 5.62 अरब डॉलर हो गया। चांदी का आयात भी 157.16 फीसदी बढ़कर 411 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। कीमती धातुओं की ऊंची कीमतों के कारण यह वृद्धि हुई है। सरकार ने 13 मई से सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 वित्तीय वर्ष में सोने का आयात 24 फीसदी बढ़कर 71.98 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, मात्रा के हिसाब से यह 4.76 फीसदी घटकर 721.03 टन रहा। इसी अवधि में चांदी का आयात भी करीब 150 फीसदी बढ़कर 12 अरब डॉलर हो गया। मात्रा की बात करें तो चांदी का आयात 42 फीसदी बढ़कर 7,334.96 टन दर्ज किया गया। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि बढ़े हुए आयात शुल्क से इस वर्ष आयात में कमी आने की संभावना है।

# लगातार पांच हार के बाद पोंटिंग से लंबी चर्चा करती दिखीं प्रीति जिंटा



**धर्मशाला।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली लगातार पांचवीं हार के बाद पंजाब किंग्स की प्लेऑफ उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। मैच के बाद टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के बीच हुई गंभीर बातचीत की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। मुंबई ने तिलक वर्मा की विस्फोटक बल्लेबाजी और शार्दुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी के दम पर पंजाब को छह विकेट से हराया। अब पंजाब के लिए प्लेऑफ की राह बेहद मुश्किल हो गई है।

पंजाब के लिए आईपीएल 2026 का सफर अब बेहद कठिन होता जा रहा है। आईपीएल 2026 में शुरुआती सात मुकाबलों में अजेय रहने वाली पंजाब की टीम अब प्लेऑफ की दौड़ में फंस गई है। टीम को मुंबई के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जो उनकी लगातार पांचवीं हार रही। इस हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ की उम्मीदें लगभग दूसरे नतीजों पर निर्भर हो गई हैं। मैच खत्म होने के बाद पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के बीच लंबी और गंभीर चर्चा देखने को मिली। दोनों की बातचीत की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए। लगातार पांच हार के बाद पंजाब के असिस्टेंट कोच ब्रैड हैडिन ने भी टीम को फटकार लगाई है।

हैडिन ने खिलाड़ियों को साफ चेतावनी दी है कि अब गलती की कोई गुंजाइश नहीं बची है। ब्रैड हैडिन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमारे पास अभी दो मैच बाकी हैं और अच्छी बात यह है कि किस्मत अब भी हमारे हाथ में है। लेकिन अब कल जैसा कुछ नहीं है। अब किसी और बात की चर्चा नहीं होगी। हमें अपने बाकी दोनों मैच हर हाल में जीतने होंगे। बात इतनी ही सीधी है। जिस तरह हमने टूर्नामेंट की शुरुआत की थी और अब जहां खड़े हैं, उससे हम भी उतने ही निराश हैं जितने आप लोग हैं। अब हमें अगले दो मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा ताकि फाइनल खेलने का मौका मिल सके।' उन्होंने माना कि टीम दबाव वाले मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। हैडिन ने कहा, 'आईपीएल ऐसा टूर्नामेंट है जहां हर समय दबाव रहता है, खासकर इस चरण में। बड़े मौकों और दबाव को संभालना जरूरी होता है।

# श्रेयस नहीं, इस भारतीय बल्लेबाज को भारत का अगला टी20 कप्तान बनते देखना चाहते हैं शास्त्री



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप के बाद अब भारत के अगले टी20 कप्तान को लेकर इन दिनों चर्चा तेज है। फिलहाल खिलाड़ी आईपीएल 2026 में व्यस्त हैं, लेकिन आगे के लिए तैयारी तेज हो गई है। अब रवि शास्त्री ने भी इसे लेकर राय रखी है।

भारत के पूर्व क्रिकेटर और मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि सूर्यकुमार यादव के बाद संजू सैमसन टीम इंडिया के अगले टी20 कप्तान बनने के सबसे बड़े दावेदार नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संजू के पास आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करने का काफी अनुभव भी मौजूद है। सैमसन का प्रदर्शन टी20 विश्व कप 2026 में शानदार रहा था और उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले में दमदार पारी खेली थी। इस विकेटकीपर बल्लेबाज को उनके यादगार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। शास्त्री का मानना है कि यह सैमसन के अपने लिए एक लीडरशिप रोल बनाने की शुरुआत हो सकती है।







# पश्चिमी प्रतिबंध बेअसर: भारत को रूसी तेल की सप्लाई में भारी इजाफा, जानें लावरोव ने अमेरिका पर क्या आरोप लगाए




**नई दिल्ली।** वैश्विक दबाव और पश्चिमी देशों के कड़े प्रतिबंधों को दरकिनार करते हुए, भारत और रूस के बीच ऊर्जा संबंध लगातार मजबूत बने हुए हैं। नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव साफ किया है कि भारत को रूसी कच्चे तेल के निर्यात में भारी इजाफा हुआ है। यह कदम भारत की उस स्पष्ट कूटनीति को दर्शाता है, जिसके तहत वह अपनी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखता है।

रूस अब भारत के लिए कच्चे तेल का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। वैश्विक प्रतिबंधों के बावजूद भारत रियायती दरों पर रूसी तेल खरीद रहा है, जो इसकी कॉस्ट-इफेक्टिव (किफायती) ईंधन हासिल करने की नीति का हिस्सा है। भारत की ओर से रूस से कच्चे तेल की खरीद पर लावरोव कहा, "हमने ये आंकड़े वैश्विक मीडिया में प्रकाशित किए हैं... यह जानकारी दिखाती है कि भारत को तेल की आपूर्ति बढ़ी है, और यह हम पर नहीं, बल्कि हमारे भारतीय समकक्षों पर निर्भर करता है"।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।